राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 179
लखनऊ, रविवार 01 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत 10

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत बना वैश्विक स्टार्टअप हब : शर्मा 03


# इजरायली हमलों से दहला ईरान

## सर्वोच्च नेता खामेनेई के कार्यालय को बनाया निशाना

**एजेंसी, तेहरान।**

इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई बड़े शहरों में हवाई हमले किए। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामनेई के कार्यालय को भी निशाना बनाया गया।

इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने इन हमलों की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इजरायल ने अपने खिलाफ खतरों को समाप्त करने के लिए ईरान पर एहतियाती हमला किया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, राजधानी में कम से कम तीन धमाकों की आवाज सुनी गयी और कुछ हिस्सों में धुआं उठता देखा गया। रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम एक हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई से जुड़े कार्यालयों के निकट हुआ। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। अर्ध-आधिकारिक फार्स समाचार एजेंसी के मुताबिक, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जुमहूरी इलाके के आसपास मिसाइलें गिरीं। सरकारी कार्यालयों वाले रिपब्लिक क्षेत्र में भी विस्फोट की सूचना है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मसले पर बातचीत का तीसरा दौर कल ही खत्म हुआ है। इस बातचीत के समाप्त होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा था कि वह ईरान के साथ बातचीत की प्रगति से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान से फोर्दो, नतांज और इस्फहान स्थित परमाणु प्रतिष्ठानों को बंद करने तथा यूरेनियम देश से बाहर भेजने की मांग की थी, जिसे तेहरान ने स्वीकार नहीं किया।



### भारत ने जताई गहरी चिंता

भारत ने शनिवार को ईरान और खाड़ी देशों में जारी घटनाक्रम पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। भारत ने एक बार फिर सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद एवं कूटनीति से समाधान तलाश की अपील की है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमारे दूतावास क्षेत्र में भारतीय नागरिकों से संपर्क बनाए हुए हैं और उन्हें जरूरी परामर्श दे रहे हैं।

### ईरानी जनता को मुक्ति दिलाने व परमाणु हथियार का खतरा समाप्त करने के लिए है यह लड़ाई : ट्रंप

अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ शनिवार को सैन्य कार्रवाई शुरू करते हुए कहा है कि यह लड़ाई ईरान के खतरनाक परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को खत्म करने और वहां की जनता को आजादी दिलाने के लिए है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वॉशिंगटन में शुक्रवार रात अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई के बाद एक संबोधन में कहा कि यह हमला ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम के खतरे को हमेशा के लिए समाप्त करने और वहां क्रूर और खतरनाक लोगों की समूह की सत्ता को समाप्त कर शासन ईरान की महान और गौरवशाली जनता के हाथों में देने के लिए है। श्री ट्रम्प ने इस लड़ाई को ईरान की आजादी का क्षण बताते हुए ईरान के सैन्य और पुलिस बलों से हथियार डालने की अपील की और उन्हें अभयदान देने का वादा किया। श्री ट्रम्प ने कहा कि यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें मौत का सामना करना पड़ेगा। श्री ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान को कभी परमाणु हथियारों से लैस नहीं होने देगा और उसको ऐसी लम्बी दूरी की मिसाइलें नहीं बनाने देगा जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा कि हम उनकी मिसाइलों को नष्ट करने जा रहे हैं और उनकी मिसाइल उद्योग को जमींदोज कर देंगे। ..हम उनकी नौसेना को खत्म करने जा रहे हैं।

### एयर इंडिया की तेल अवीव जा रही उड़ान बीच रास्ते से मुंबई डायवर्ट

टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन एयर इंडिया ने शनिवार को अपनी नई दिल्ली–तेल अवीव फ्लाइट को इजरायली हवाई क्षेत्र बंद होने की वजह से बीच रास्ते से मुंबई के लिए डायवर्ट कर दिया गया। इजरायल ने ईरान पर हमले किए हैं, जिसके बाद कुछ हवाई क्षेत्र बंद कर दिए गए हैं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, 28 फरवरी को नई दिल्ली से तेल अवीव के लिए संचालित फ्लाइट संख्या एआई–139 इजराइल में हवाई क्षेत्र बंद होने और यात्री एवं चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा के लिए भारत लौट रही है।

# सरकार का उद्देश्य योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना : योगी

## लाभार्थियों के लिए जारी हुई 1500 करोड़ की राशि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार का उद्देश्य योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार द्वारा की गई घोषणा के क्रम में शनिवार को 1500 करोड़ की राशि लाभार्थियों के लिए जारी की गई है।

होली के अवसर पर उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 करोड़ 86 लाख प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी अपने-अपने नजदीकी गैस एजेंसी पर जाकर इस राशि का उपयोग करते हुए भरा हुआ गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने इसे गरीब परिवारों को महंगाई से राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

सीएम ने कहा कि पहले जिन बेटियों को उपेक्षित समझा जाता था, आज सरकार उनके विवाह में सहयोग और कन्यादान तक की जिम्मेदारी निभाने के लिए आगे आई है। प्रदेश में बदले सुरक्षा माहौल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महिला श्रम बल की भागीदारी पहले 13 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई है। महिलाएं सरकारी सेवाओं, उद्योगों और विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,68,860/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,54,800/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,26,680/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,95,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में हुए विरोध प्रदर्शन के संबंध में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के अध्यक्ष उदय भानु चिब को जमानत दे दी है। चिब को उनकी चार दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार देर रात करीब एक बजे ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने 24 फरवरी को चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। ड्यूटी मजिस्ट्रेट वंशिका मेहता दिल्ली पुलिस द्वारा चिब की हिरासत को सात दिन और बढ़ाने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थीं। हालांकि, उन्होंने याचिका खारिज कर चिब को जमानत दे दी।

### स्विस पर्यटक के बैग से बरामद हुआ प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को सीआईएसएफ कर्मियों ने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में एक विदेशी यात्री के बैग से प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन बरामद किया। इसकी सूचना तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन और सीआईएसएफ की ओर से पुलिस को दी गई। विदेशी नागरिक की पहचान स्विट्जरलैंड निवासी आंद्रे सायरिल न्यूवेंसवांडर (34) के रूप में हुई है। माफी नामा लेने के बाद आंद्रे सायरिल को छोड़ दिया गया। वे अपनी महिला मित्र के साथ अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान कर गए। प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन को जब्त कर लिया गया है।

### रांची सिविल कोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**रांची।** राजधानी रांची स्थित सिविल अदालत को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। शनिवार को ई–मेल के माध्यम से भेजे गए धमकी भरे संदेश में इस बार आरडीएक्स से विस्फोट करने की बात कही गई है। धमकी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड में आ गईं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने अदालत परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा के मद्देनजर डॉग स्क्वायड और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एहतियातन अदालत के मुख्य प्रवेश द्वार को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया, जबकि अन्य गेटों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। परिसर में आने–जाने वाले लोगों की गहन जांच की गई। कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय ने बताया कि धमकी भरे ई–मेल के स्रोत का पता लगाने के लिए तकनीकी जांच की जा रही है।

# माइक्रोचिप बनेगा सदी का रेगुलेटर : मोदी

**एजेंसी, साणंद।**



## विश्व पटल पर निर्णायक भूमिका निभाएगा भारत : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (एटीएमपी) फैसिलिटी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दुनिया तक यह संदेश स्पष्ट रूप से पहुंच चुका है कि इंडिया इज केपेबल, इंडिया इज कॉम्पिटिटिव, इंडिया इज कमिटेड। उन्होंने कहा कि यदि पिछली शताब्दी का रेगुलेटर तेल था, तो इस शताब्दी का रेगुलेटर माइक्रोचिप होने वाली है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में साणंद के परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी आंखों से इस क्षेत्र को एक कार फैक्टरी से देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल हब में बदलते देखा है। एक बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी के आने से यहां संपूर्ण औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित हुआ, सहायक इकाइयां स्थापित हुईं, सप्लायर नेटवर्क बना, स्थानीय उद्योग मजबूत हुआ और रोजगार एवं निवेश दोनों में वृद्धि हुई। आज देश-विदेश से लोग यहां काम करने आ रहे हैं और एक छोटा शहर वैश्विक मानचित्र पर अपनी जगह बना चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार ऑटोमोबाइल सेक्टर में साणंद ने सफलता की नई कहानी लिखी, उसी प्रकार सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी यह नया अध्याय रचेगा। इस संयंत्र में अभी सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला है और भविष्य में इसके विस्तार के साथ रोजगार के और अवसर सृजित होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह माइक्रोन सुविधा भारत के नए मिजाज का उदाहरण है। नीति से लेकर उत्पादन तक, आज का भारत जिस दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है, वह यहां स्पष्ट दिखाई देता है। जून 2023 में इस परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे और फरवरी 2026 में यह संयंत्र वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर चुका है। जो लोग इस क्षेत्र की जटिलताओं को समझते हैं, वे इस गति के महत्व को भलीभांति जानते हैं। उन्होंने कहा कि जब नीयत साफ हो और लक्ष्य देश का तीव्र विकास हो, तो नीतियां भी स्पष्ट बनती हैं और निर्णयों में तेजी आती है। प्रधानमंत्री ने माइक्रोन के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग और रणनीतिक साझेदारी का भी प्रमाण है। विशेष रूप से एआई और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### हार्डवेयर क्षेत्र में सशक्त पहचान बना रहा भारत

मोदी ने कहा कि हाल ही में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन ने दुनिया को भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षमता से परिचित कराया है और आज का यह कार्यक्रम टेक्नोलॉजी लीडरशिप के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सॉफ्टवेयर के लिए पहचाने जाने वाला भारत अब हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी सशक्त पहचान बना रहा है और तेजी से ग्लोबल सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन का हिस्सा बन रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि जब दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी, तब भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन की घोषणा की थी। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत स्वीकृत यह पहला प्रस्ताव था, जिसका शिलान्यास सितंबर 2023 में हुआ।

# आंध्र प्रदेश में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी आग, 18 की मौत, आठ गंभीर

**एजेंसी, काकीनाडा।**



आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के समरलाकोटा मंडल के वेटलापालेम गांव में शनिवार की दोपहर एक पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका होने के बाद आग लग गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई, जिसमें अब तक 11 लोगों की पहचान हो गई। घटना के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पहुंच गए औरबचाव व राहत कार्य शुरू किय गया। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। गंभीर रूप से झुलसे आठ लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख जताया और अधिकारियों को पीड़ितों की हरसंभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

जिले के समरलाकोटा मंडल के वेतलापलेम इलाके में गोदावरी नहर के पास सूर्यश्री पटाखा फैक्टरी में काम हो रहा था। उसी समय फैक्टरी में अचानक धमाका हो गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को एम्बुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में 18 लोगों की मौत होने की खबर है। इनमें से अभी तक 11 मृतकों की पहचान हो सकी है। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। पुलिस ने अन्य आठ लोगों को काकीनाडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब धमाका हुआ तो बहुत तेज़ आवाज़ हुई। धमाके से आस-पास के गांवों के लोग घबरा गए। भीषण धमाके की आवाज करीब पांच किमी तक सुनी गई।

आवाज की तीव्रता के कारण पास के गांव के एक प्राइवेट स्कूल के स्लैब में दरारें आ गईं। पांच गांवों के इलाके में घना धुआं फैल गया। स्थानीय लोग उस इलाके में पहुंचे जहां धमाका हुआ था, तो आग में फंसे कई लोग पहले ही जल चुके थे। घटनास्थल पर शरीर के अंग बिखरे पड़े थे। कुछ शव पूरी तरह जल गए थे।

# बोत्सवाना से 12 घंटे की हवाई यात्रा कर कूनो पहुंचे नौ चीते

## संख्या बढ़कर हुई 48

**एजेंसी, भोपाल।**



मध्य प्रदेश के श्योपुर जनपद स्थित कूनो नेशनल पार्क में नए मेहमानों का आगमन हो चुका है। बोत्सवाना से 12 घंटे की हवाई यात्रा करने के बाद 9 चीते शनिवार सुबह कूनो पहुंचे। वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 39 है, बोत्सवाना से 9 चीते आने के साथ ही इनकी संख्या 48 हो जाएगी।

पहले जानकारी मिली थी कि बोत्साना से 8 चीते (6 मादा, 2 नर) भारत लाए जाएंगे, लेकिन शनिवार सुबह कुल 9 चीते विशेष विमान से ग्वालियर पहुंचे, इनमें 6 मादा और 3 नर चीते शामिल हैं। ग्वालियर से हेलीकॉप्टर के जरिए सुबह करीब 9:30 बजे चीतों को कूनो नेशनल पार्क लाया गया और यहां लाकर सभी को सीधे क्वारंटीन बाड़ों में शिफ्ट कर दिए गया है। चीतों के आने पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव खुद कूनो पहुंचे। उन्होंने क्रेट का हैंडल घुमाकर दो चीतों को क्वारंटीन बाड़े में रिलीज किया। बाकी चीतों को वन विभाग की प्रशिक्षित टीम ने तय प्रोटोकॉल के तहत शिफ्ट किया।

# सीबीआई ने आयुध निर्माणी सेवा अधिकारी के ठिकानों की ली तलाशी, 55 लाख के गहने व नकदी जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय आयुध निर्माणी सेवा (आर्डिनेंस फैक्ट्री सर्विस) के अधिकारी अमित सिंह के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर शुक्रवार को पांच परिसरों पर तलाशी ली। तलाशी में 49 लाख रुपये के आभूषण, 5 लाख रुपये नकद तथा संपत्ति संबंधी दस्तावेज जब्त किए गए।

सीबीआई के अनुसार, अमित सिंह बैच 1998 के अधिकारी हैं। वह वर्ष 2022 से 2025 के दौरान हजरतपुर, फिरोजाबाद स्थित आयुध उपकरण निर्माणी हजरतपुर में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर तैनात थे। वर्तमान में उनकी तैनाती कानपुर स्थित ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड प्रशिक्षण अकादमी में है। एजेंसी ने बताया कि उनके खिलाफ 26 फरवरी को मामला दर्ज किया गया। आरोप है कि 1 अप्रैल 2022 से 31 दिसंबर 2025 की अवधि में उन्होंने अपनी ज्ञात आय से 55.58 लाख रुपये अधिक संपत्ति अर्जित की, जो उनकी वैध आय से 73.28 प्रतिशत अधिक है।

मामला दर्ज करने के बाद सक्षम न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त किए गए। 27 फरवरी को आगरा, लखनऊ, बरेली और कानपुर स्थित पांच आवासीय एवं कार्यालय परिसरों पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज, बैंक पासबुक, ऋणपत्र, क्रेडिट कार्ड तथा वाहन संबंधी अभिलेख बरामद किए गए। जांच में आगरा, लखनऊ और बरेली में तीन आवासीय संपत्तियों का विवरण मिला। आगरा स्थित फ्लैट वर्ष 2025 में तथा लखनऊ स्थित फ्लैट वर्ष 2023 में क्रय किया गया था। विभिन्न निवेश और व्यय से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

# हम त्योहारों पर एक-दूसरे के गले मिलते हैं यही हमारी हिंदुस्तानियत है : अखिलेश

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**



शहर के सम्मानित उद्योगपति एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इक़बाल शेरवानी द्वारा आयोजित रोजा-इफ्तार कार्यक्रम में शनिवार को शामिल होने पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हम त्योहारों पर एक-दूसरे के गले मिलते हैं, यही हमारी हिंदुस्तानियत है। यह हमारे देश की सबसे बड़ी पहचान है। सदियों से यहां लोग मिलजुल कर रहते आए हैं।

उन्होंने वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि सपा सरकार में हर जिले का अलग मैनिफेस्टो होगा, जिससे स्थानीय जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों में प्रयागराज के विकास पर 60 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का दावा किया है, लेकिन गंगा आज भी पूरी तरह साफ नहीं हो सकी है और यमुना में गंदे नाले गिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक जाम बड़ी समस्या बना हुआ है और सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं।

# वाराणसी के मणिकर्णिकाघाट पर जलती चिताओं के बीच खेली गई चिता भस्म की होली

**एजेंसी, वाराणसी।**



## डमरुओं की गूंज, 'हर-हर महादेव' के उद्घोष व भस्म-अबीर से सजी बाबा महाश्मशाननाथ की आरती

उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी )में रंगभरी एकादशी के अगले दिन शनिवार को मोक्षतीर्थ मणिकर्णिका घाट पर परंपरागत चिता-भस्म की होली धधकती चिताओं के बीच श्रद्धा और पूरे उल्लास के साथ खेली गई। हजारों काशीवासियों ने 'हर-हर महादेव' के जयघोष और विशाल डमरुओं की निनाद के बीच बाबा महाश्मशाननाथ के विग्रह पर चिता-भस्म, अबीर और गुलाल अर्पित कर उत्सव में भागीदारी की।

घाट पर 'खेलें मसाने में होरी दिगंबर' गीत की स्वर-लहरियों पर युवा देर तक जलती चिताओं के मध्य सामूहिक रूप से थिरकते रहे।

काशी में मृत्यु को भी उत्सव के रूप में स्वीकार करने की परंपरा का जीवंत दृश्य महाश्मशान घाट पर देखने को मिला। इससे पूर्व चिता-भस्म की होली में शामिल होने के लिए घाट पर औघड़, अघोरी, साधु-संत, शिवभक्त, स्थानीय नागरिक और बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक उमड़ पड़े। नव-निर्माण कार्य के कारण घाट पर श्रद्धालुओं के लिए स्थान सीमित रहा। एक ओर अंतिम संस्कार के लिए शवों की कतार थी, तो दूसरी ओर 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी उद्घोष करते युवाओं का हुजूम।

काशी की मान्यता के अनुसार, बाबा विश्वनाथ के गौना उत्सव में उनके गण–पिशाच, भूत-प्रेत, डाकिनी-शाकिनी, औघड़ और अघोरी–ससुराल पक्ष के आग्रह पर सम्मिलित नहीं हो पाते। ऐसे में महादेव अपने गणों को निराश नहीं करते और गौना के अगले दिन मणिकर्णिका पर उनके साथ चिता-भस्म की होली खेलते हैं। इसी पौराणिक परंपरा के निर्वाह में रंगभरी एकादशी के अगले दिन यह अनूठा आयोजन किया जाता है।

**पहल** भारत में सर्वाइकल कैंसर से लड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

# देशव्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन प्रोग्राम की शुरुआत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अजमेर से 14 साल की लड़कियों के लिए देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और कई अधिकारी वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अभियान की शुरुआत होते ही सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में भी एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत की गई। यह अभियान भारत में सर्वाइकल कैंसर से लड़ने और नारीशक्ति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हमारी बेटियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

यह पहल निवारक स्वास्थ्य देखभाल और ऐसे भविष्य के प्रति प्रधानमंत्री की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहां कोई भी परिवार टीके से रोके जा सकने वाले रोग के कारण अपने किसी प्रियजन को न खोए।

### सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध होगा टीका

जेपी नड्डा ने कहा कि इस ऐतिहासिक अभियान के तहत, सभी पात्र 14 वर्षीय लड़कियों को अब सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से एचपीवी का एक खुराक वाला टीका नि:शुल्क उपलब्ध होगा। सर्वाइकल कैंसर ने अनगिनत परिवारों को चुपचाप प्रभावित किया है, लेकिन आज हम एक सशक्त संदेश दे रहे हैं कि सुरक्षा, जागरूकता और टीकाकरण की सुविधा देश के हर कोने तक पहुंचेगी। जब हम अपनी बेटियों की रक्षा करते हैं, तो हम अपने राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं। एचपीवी टीकाकरण देश के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध होगा जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल, सरकारी मेडिकल कॉलेज शामिल है। यह अभियान मुख्य रूप से 14 साल की लड़कियों के लिए है। स्कूल और स्थानीय स्वास्थ्य विभाग पात्र बच्चियों की सूची तैयार करेंगे। जो बच्चियां स्कूल में नहीं हैं, वे नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं।

टीकाकरण के लिए अभिभावक की सहमति आवश्यक होगी। टीका लगाने के बाद बच्चियों को 15-30 मिनट तक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ही रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि देश में हर साल हजारों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित होती हैं। इस बीमारी का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है, जो अक्सर बिना लक्षण के शरीर में प्रवेश कर जाता है। अब इस वायरस से बचाव संभव हो गया है।

# पीसीपी कांस्ट्रेक्शन फर्म के खाते से 12 करोड़ का गबन

- 83 लाख का एफडी भी तोड़वाया, छह लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

न्यायालय के आदेश पर पी सी पी कांस्ट्रेक्शन फर्म से धोखाधड़ी कर के 12 करोड़ रुपए निकाल लिया गया। फर्म के नाम पर जमा एफ डी के 83 लाख रुपए भी समय से पहले बैंक कर्मियों के मदद तोड़वा कर निकाल लिया गया।

फर्म के मालकिन ने पूनम सिंह ने संतोष सिंह निवासी परसा पुर थाना नवाब गंज शिव नरेश सिंह सूबेदार सिंह निवासी चौखट थाना वजीर गंज आदित्य सिंह निवासी कुंडौली थाना मइल जिला देवरिया हाल पता चौखट थाना वजीर गंज आलोक वर्धन निवासी मधवा पुर टिकरी थाना वजीर गंज और अज्ञात के खिलाफ में नगर कोतवाली में गबन का मुकदमा दर्ज किया गया है। पूनम सिंह ने न्यायालय में दिए वाद दायर किया जिस में कहा कि पी सी पी फर्म के मालिक उस के ससुर पंचम सिंह थे। उनका निधन हो गया था जिस की साझेदारी उस के एवं उस के पुत्र वैभव सिंह के नाम हो गया है। लेखा जोखा और बैंकिंग का काम उस के पति समर जीत सिंह देख रहे है।

जिन को पावर ऑफ आटर्नी दी गई थी। उस के पति के पुरानी मित्र संतोष सिंह को फर्म में कर्मचारी के रूप में रखा गया था। उन पर विश्वास कर के बैंकिंग के कार्य संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी। उन के सयोगी शिव नरेश सिंह और उस के पिता सूबेदार सिंह उस के साले आदित्य सिंह भांजे आलोक वर्धन सिंह कुछ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर पी सी पी कांस्ट्रेक्शन फर्म के खाते मुख्य शाखा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य खातों में धोखे से अपना मोबाइल नंबर दर्ज करा लिया। उस के बाद ओ टी पी बैंक अलर्ट अपने नियंत्रण में कर लिया। फर्म के खाते और उस के खाते के पैसे को अपने खाते रितेदार अपने फर्म खाते में ट्रांसफर कर लिया गया। सामान्य लेन देन उस के बीच चलता था। जिस से धन राशि को राउंड फीगर दिखाते थे। जिस से धोखाधड़ी की जानकारी नहीं हो सका। फर्म का कार्य लगातार प्रभावित होने और वर्ष 2024 में पुत्र की शादी के दौरान खातों की जांच की गई तब पता चला कि उस के खाते से 11 करोड़ 54 लाख 7 हजार पांच सौ तीस रुपए की अवैध निकासी की गई है।



नहरबलाज बलराम पुर जिले के पंजाब नेशनल बैंक के शाखा से फर्म के पांच एफ डी को निकाले के लिए बैंक में झूठा आवेदन देकर कंबो वाचर आधार के माध्यम से एफ डी का सारा पैसा 83 लाख 65 हजार सात सौ 16 रुपए सीधे अपने रिश्तेदार संतोष सिंह के व्यक्ति गत खाते में भेज दिया गया।

आदित्य सिंह संतोष सिंह का साला है और आलोक सिंह उस के भांजे है। सूबेदार सिंह शिव नरेश सिंह के पिता है। कान्हा कंस्ट्रक्शन और कान्हा ट्रेडर्स फर्म शिव नरेश के दारा संचालित की जा रही है। इन्हों ने ही पी सी पी कांस्ट्रेक्शन का 12 करोड़ 37 लाख 73 हजार 246, रुपए का गबन कर लिया गया। जिस में आदित्य सिंह के खाते में पांच करोड़,18 लाख,93. हजार 65 रुपए, संतोष सिंह के खाते में दो करोड़ 38 लाख, 49 हजार, 185 रुपए शिवनरेश सिंह के खाते में 83 लाख, 12 हजार, 500 रुपए,सूबेदार सिंह के खाते में 56 लाख, 45,000 रुपया कान्हा ट्रेडर्स के खाते में 69, लाख 52 हजार, 780 रुपए कान्हा कंस्ट्रक्शन के खाते में 35, लाख 5,000 हजार रुपए, अक्षय कंस्ट्रक्शन के खाते में 23, लाख रुपए आलोक वर्धन सिंह के खाते में एक करोड़ 29, लाख 50,000 हजार रुपए भेजा गया। विदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि पांच नाम जर्द सहित छह लोगों पर मुकदमा लिखा गया है। जिस की जांच की जा रही है।

# एनपीएस में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



नगर के बरियार पुरवा बड़गांव स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद का आयोजन विद्यालय प्रबंधक एसपी गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी और उमंग का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय के प्रबंधक एसपी गुप्ता ने बताया की खेलकूद से बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होता है। और छात्र-छात्राओं में खेल में रुचि बढ़ती है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को नगर सभासद अरविंद सोनी उर्फ बबलू सोनी द्वारा प्रमाण पत्र वह पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नगर सभासद ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है,बल्कि यह अनुशासन और आत्मविश्वास और टीम की भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में 100 मीटर दौड़ में अनुज कुमार को प्रथम स्थान,संदीप कुमार को द्वितीय स्थान, महादेव मोदनवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

200 मीटर दौड़ में नीरज सोनकर को प्रथम, सुमित वर्मा को द्वितीय और विनय कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। खो.. खो प्रतियोगिता में आराध्या मिश्रा को प्रथम स्थान, श्रद्धा गुप्ता को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। मेंढक दौड़ में दीपाली को प्रथम स्थान, खुशी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। धीमी साइकिल रेस में अंशुमान तिवारी को प्रथम स्थान, ईशान कुमार को द्वितीय स्थान और सुमित गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश, उप प्रधानाध्यापिका मीना सिंह, दीपक मंडल, श्याम जी तिवारी, पवन श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, आशीष वर्मा, गीता कौशल, कोमल सोनी, कुमुद सिंह, काजल गुप्ता, शिल्पी अग्रवाल, सुनीता टंडन, सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पटाखा दागते समय तीन भाई झुलसे



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के खैरीघाट इलाके के मटेरा कला गांव में खेत में पड़े एक पटाखे को दागते समय तीन मासूम बच्चे झुलस गए। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यह घटना गांव में आई एक बारात के दौरान जलाए गए पटाखों से संबंधित है। मटेरा कला गांव निवासी मैकूलाल ने बताया कि बारात के बाद एक बिना फटा गोला पास के खेत में पड़ा रह गया था। एक ही परिवार के तीन सगे भाई सोनू, सुशील और नितिन खेलते हुए वहां पहुंच गए। उन्होंने उस पटाखे को दागने का प्रयास किया, जिससे वे उसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। बच्चों की चीख सुनकर रास्ते से गुजर रहे लोगों ने परिजनों को इसकी सूचना दी। तीनों घायल बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### फांसी के फंदे से लटका मिला 19 वर्षीय युवक का शव



**मनकापुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** खबर उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले के थाना क्षेत्र मनकापुर के अंतर्गत ग्राम सभा करौदी का है। जहां पर खेत की रखवाली करने गये युवक का फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव पाया गया जिससे परिजनो और ग्रामीण मे कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार करौदी गांव के रंजीत कुमार पुत्र स्वर्गीय मिश्रीलाल रात मे खाना खाकर गेंहू के खेत की रखवाली करने गये थे जब सुबह परिवार वालो की नींद टूटी तो खेत मे गये तो उन लोगो ने देखा की छप्पर के बल्ली मे डुपट्टे से लटकता हुआ शव दिखाई दिया। जिससे ग्रामीण और परिजनो मे हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे गांव के लोगो ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर चारपाई पर लेटा दिया घटना की जानकारी मिलते ही गांव मे शोक की लहर दौड़ गयी और परिजनो का रो- रोकर बुरा हाल हो गया इस घटने से गांव और परिजनो मे गम का माहौल है। इस घटना की जानकारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगदम्बा ने मनकापुर कोतवाली पर दी वहां पहुंचकर मनकापुर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शौच के लिए घर से निकली महिला गायब

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के कलंदर पुर चौबे गांव के निवासी विनोद मोहन की पत्नी सुशीला देवी अचानक गायब हो गई। विनोद मोहन ने कोतवाली में तहरीर दिया है जिस में कहा है कि उस की पत्नी सुशीला शुक्रवार की सुबह घर से शौच के लिए निकली थी। इस के बाद वापस घर लौट के नहीं आई।काफी खोज बीन के बाद भी उस का कही पता नहीं चल सका। गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराने की मांग किया है।

### बार एसोसिएशन महसी के वकीलों ने जमकर उड़ाया अबीर-गुलाल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रंगों का त्योहार होली आने से पहले ही महसी तहसील में अधिवक्ताओं ने शनिवार को दोहरी खुशी वाली होली मनाई। महसी बार एसोसिएशन के तत्वावधान में तहसील परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। यह उत्सव तत्कालीन एसडीएम आलोक प्रसाद के स्थानांतरण के बाद अधिवक्ताओं के एक महीने से चले आ रहे संघर्ष की जीत का प्रतीक बना।पिछले लगभग एक महीने से महसी तहसील में अधिवक्ताओं और तत्कालीन एसडीएम आलोक प्रसाद के बीच गतिरोध चल रहा था। अधिवक्ता लगातार एसडीएम को हटाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन और हड़ताल कर रहे थे।हाल ही में शासन द्वारा एसडीएम आलोक प्रसाद का स्थानांतरण कर दिया गया, जिससे अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।एसडीएम के स्थानांतरण की खबर के बाद शनिवार को जब अधिवक्ता काम पर लौटे, तो उन्होंने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। इस जश्न में अधिवक्ताओं ने नवागत एसडीएम प्रकाश सिंह का भी गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने नए एसडीएम सहित तहसील के समस्त स्टाफ, वादकारियों, बैनामा लेखकों और मुंशियों को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी।तहसील परिसर होली है के जयघोष से गूंज उठा। अधिवक्ताओं ने कहा कि आलोक प्रसाद के हटने से तहसील में भय और गतिरोध का माहौल समाप्त हो गया है। अब वे पूरी ऊर्जा के साथ न्यायिक कार्यों में जुटेंगे और शांतिपूर्ण कार्य वातावरण की कामना की। इस कार्यक्रम का नेतृत्व बार एसोसिएशन महसी के अध्यक्ष भारत प्रसाद मिश्र और महामंत्री रामकर्ण त्रिपाठी ने किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राजवंत मिश्र, पूर्व महामंत्री सर्वेश अवस्थी, वरिष्ठ एडवोकेट राम तेज मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, विशाल मिश्रा और निरंजन बाजपेई सहित सैकड़ों अधिवक्ता और उनके सहयोगी उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का हुआ वितरण, खिले चेहरे

- सीएम योगी के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए निरंतर कर रही कार्य

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



लोकभवन सभागार, लखनऊ में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा उज्ज्वला गैस योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण से संबंधित सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में कार्यक्रम आयोजित कर लाभार्थियों को सब्सिडी का लाभ प्रदान किया गया।

उक्त क्रम में जनपद गोण्डा के कलेक्ट्रेट सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 400 चयनित लाभार्थियों को ?569.50 की राशि का सब्सिडी प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। कार्यक्रम में विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन, सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर उपजिलाधिकारी विनीत कुमार एवं जिला पूर्ति अधिकारी कुँवर दिनेश प्रताप सिंह, एआरओ रवींद्र सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की और कहा कि उज्ज्वला योजना ने ग्रामीण और जरूरतमंद परिवारों, विशेष रूप से महिलाओं को रसोई के धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य और जीवन में सुधार किया है। विधायक कटरा बाजार ने कहा कि

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। यह योजना न केवल महिलाओं को सम्मानजनक जीवन दे रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो रही है।

इस अवसर पर लाभार्थियों ने भी सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निःशुल्क गैस रिफिल सब्सिडी से उन्हें आर्थिक राहत मिली है और त्योहारों के इस मौसम में यह एक बड़ी सौगात है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थी, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### भजन कीर्तन में झूमे भक्त

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** फाल्गुन एकादशी पर आयोजित श्री श्याम मंदिर के प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया। जिसमें सर्वप्रथम स्थानीय भजन गायक पुनीत बंसल, गोकुल चन्द शर्मा, परमानंद शर्मा, अंकित लवी, श्याम बंसल, धवल शर्मा सहित अन्य लोगो ने बाबा खाटू श्याम जी के भजनों का वर्णन किया। बाबा खाटू श्याम और श्री राणी सती दादी जी का दरबार और मंदिर का प्रांगण रंग बिरंगी फूल पत्तियां और कपड़ों से बहुत ही भव्य सजाया गया था। म्यूजिक में अंकित म्यूजिकल ग्रुप रहा। भजन गायिका पायल अग्रवाल का सम्मान श्याम मंदिर महिला मंडल और शिवम- पारस का सम्मान बलरामपुर के प्रदीप गोयल ने दुप्पटा पहनाकर किया।इस दौरान सुरेश भावसिंहका, लल्ला मित्तल,सुशील पचेरिया, विमलेश सिंघल,आशीष भावसिंहका,विशाल बंसल,सरोज अग्रवाल,नीलम जैन,प्रेमलता सिंघल, प्रीति अग्रवाल, नीतू गर्ग,भावना सोमानी,रिया अग्रवाल,रोली पचेरिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जंगल के बीच दम तोड़ती हुई स्वास्थ्य व्यवस्था

## मोतीपुर सीएचसी में लापरवाही का साम्राज्य



मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

जिले के घने जंगलों के बीच स्थित मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तस्वीर किसी सरकारी अस्पताल की नहीं, बल्कि एक ऐसे तंत्र की है जिसने गरीबों को उनके हाल पर मरने के लिए छोड़ दिया है। 65 किलोमीटर दूर से जंगली जानवरों के खौफ और टूटी सड़कों को पार कर आने वाले मरीजों को यहां इलाज नहीं, बदइंतजामी का तमाचा मिलता है।

**वेतन पूरा, ड्यूटी अधूरी- खुला खेल:-** रिकॉर्ड में 7 एमबीबीएस डॉक्टर तैनात। हर महीने लगभग 11 लाख 90 हजार रुपये सरकारी खजाने से जारी। लेकिन अस्पताल में सन्नाटा। मौके पर सिर्फ तीन डॉक्टर। बाकी चार कहां गायब हैं? क्या यह सरकारी संसाधनों की खुली लूट नहीं? क्या यह गरीबों के अधिकारों की सीधी हत्या नहीं? सरकार पैसा बहा रही है, लेकिन ज़मीन पर व्यवस्था ध्वस्त है। सवाल उठना लाज़मी है-क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर पूरी व्यवस्था में सड़ांध गहराई तक फैली हुई है?

**वार्डों का हाल-इंसानियत शर्मसार:-** मरीज बेड पर पड़े कराह रहे हैं, लेकिन साफ चादर तक नसीब नहीं। मूलभूत सुविधाएं गायब। अव्यवस्था इतनी कि अस्पताल कम, उपेक्षा का प्रतीक ज्यादा लगता है। क्या जंगल क्षेत्र के गरीब और आदिवासी नागरिक दोयम दर्जे के हैं? क्या उनकी जान की कोई कीमत नहीं?

### सिस्टम की चुप्पी, जनता का गुस्सा

शिकायतें की जाती हैं, लेकिन फाइलों में दफन हो जाती हैं। अधिकारी बयान देते हैं, लेकिन ज़मीनी बदलाव शून्य। यह सिर्फ एक अस्पताल की कहानी नहीं, यह उस प्रशासनिक ढांचे की पोल है जो कागज़ों में चमकता है और हकीकत में ध्वस्त पड़ा है। मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आज एक विस्फोटक सवाल बन चुका है- क्या सरकारी वेतन सिर्फ हस्ताक्षर करने के लिए है? क्या जंगल के बीच रहने वाले लोग इंसान नहीं हैं? क्या जवाबदेही नाम की कोई चीज बची है? यदि अब भी कठोर, पारदर्शी और सार्वजनिक कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मान लेना चाहिए कि सिस्टम ने खुद को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जंगल में यह अस्पताल नहीं, बल्कि सरकारी संवेदनहीनता का जीवित प्रमाण बन चुका है।

**जनप्रतिनिधियों की चुप्पी क्यों?:-** बहराइच के सांसद आनंद गौंड और बलहा की विधायक सरोज सोनकर से बड़ा सवाल-क्या यह अस्पताल आपके क्षेत्र में नहीं आता? क्या जनता सिर्फ वोट देने तक ही महत्वपूर्ण है? निरीक्षण, जवाबदेही और ठोस कार्रवाई की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? जब जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से बात की गई तो वही घिसा-पिटा जवाब- कार्रवाई करेंगे। आखिर कब? जब कोई बड़ी अनहोनी हो जाएगी? जब किसी मासूम की जान चली जाएगी?

# एनएच 730 पर मरम्मत के नाम पर घोटाले की बू

- मौत बनती जा रही फिसलती सड़क
- 37 करोड़ की सड़क या खुली लूट!

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।



बहराइच से नानपारा होते हुए लखीमपुर खीरी तक गुजरने वाला एनएच 730 इन दिनों विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि बेशर्मी की मिसाल बन चुका है। 37 करोड़ 86 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि से किलोमीटर 188 से 226 तक चल रहा मरम्मत कार्य अब खुली लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार का जीता-जागता नमूना दिखाई दे रहा है।

मानक साफ कहते हैं-रीसायकलिंग के बाद बिछाई जाने वाली बीसी (Bituminous Concrete) परत की कॉम्पैक्ट मोटाई 3 सेंटीमीटर होनी चाहिए। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि परत कम मोटी डाली जा रही है। डामर की मात्रा में कटौती, गिट्टी की कमी और घटिया मिश्रण-नतीजा यह कि सड़क बार-बार फिसल रही है, परत उखड़ रही है और जगह-जगह खतरनाक पैच बन रहे हैं। यह सिर्फ खराब काम नहीं, यह सीधा जनता की जान से खिलवाड़ है। पिछले चार महीनों में कम से कम पांच बार मरम्मत की गई-लेकिन किलोमीटर 208 से 217 के बीच लगभग 20 जगहों पर सतह फिर से फिसल चुकी है। सवाल उठता है- अगर काम सही हुआ था तो बार-बार मरम्मत की जरूरत क्यों पड़ी? और अगर काम गलत हुआ था तो भुगतान किस आधार पर किया गया? रायबोझा से मिहींपुरवा कुड़वा मोड़ तक दुर्घटनाएं अब आम हो चुकी हैं। बाइक सवार फिसल रहे हैं, छोटे वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं। क्या किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किया जा रहा है? क्या तब जिम्मेदार अधिकारी नींद से जागेंगे? 37 करोड़ 86 लाख रुपये कोई छोटी रकम नहीं है। यह जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा है। अगर सड़क चार महीने भी नहीं टिक पा रही तो यह तकनीकी चूक नहीं, बल्कि व्यवस्था पर सीधा सवाल है। क्या गुणवत्ता जांच केवल कागजों में पूरी कर दी गई? क्या बिटुमिनस कंटेंट और मोटाई की वास्तविक लैब टेस्टिंग हुई? या सब कुछ फाइलों में मानक अनुसार÷ लिखकर भुगतान जारी कर दिया गया?

सबसे बड़ा सवाल-जिम्मेदार कौन? ठेकेदार? निगरानी एजेंसी? अभियंता? या वे उच्च अधिकारी जिनके हस्ताक्षर के बिना करोड़ों का भुगतान संभव नहीं? जब राष्ट्रीय राजमार्ग जैसी महत्वपूर्ण परियोजना में यह हाल है, तो आम नागरिक भरोसा किस पर करे? सड़क मरम्मत के नाम पर अगर घटिया सामग्री डाली जा रही है तो यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, यह जनता की सुरक्षा के साथ खुला विश्वासघात है। अब जरूरत है सख्त कार्रवाई की- स्वतंत्र थर्ड-पार्टी ऑडिट हो। वास्तविक मोटाई की कोर कटिंग जांच हो। डामर की मात्रा की लैब टेस्टिंग सार्वजनिक की जाए। दोषी पाए जाने पर ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज हो। क्योंकि यह सड़क सिर्फ डामर की परत नहीं है-यह हजारों लोगों की रोज की जिंदगी का रास्ता है। और जब रास्ता ही धोखे से बनाया जाए, तो यह केवल निर्माण की विफलता नहीं, पूरी व्यवस्था की पोल है।

# प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

- मरीजों से बात कर जाना हाल
- एक मरीज के साथ एक अटेंडेंट की ही अनुमति



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

मंत्री कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई, चिकित्सालय की ओर से मरीज़ों व उनके तीमारदारों को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने इमरजेन्सी वार्ड, आई.सी.यू. वार्ड, ओ.पी.डी., ई.एन.टी. ओ.पी.डी., मेडिसिन ओ.पी.डी., औषधि वितरण केन्द्र, हिसंक पशुओं के हमलों में घायलों उपचार के लिए स्थापित आईसोलेशन, कैंसर वार्ड सहित अन्य वार्डों तथा ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। प्रभारी ने वार्डों के निरीक्षण के दौरान मरीज़ों एवं तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि शासन की मंशानुरूप मरीज़ों को अनुमन्य सुविधायें प्रदान की जाएं। श्री शाही ने सुझाव दिया कि वार्डों में एक मरीज़ के साथ एक अटेन्डेन्ट को अलाउड किया जाय जिससे अनावश्यक लोगों के कारण मरीज़ों के इलाज में बाधा न आये। प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए प्राचार्य मेडिकल कालेज प्रो. डॉ. संजय खत्री व प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. परितोष मिश्रा को निर्देश दिया कि साफ-सफाई व्यवस्था के स्तर को बनाये रखें तथा चिकित्सालय औषधियों एवं संसाधन की कमी न होने पाये। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मिथलेश, शल्य चिकित्सक डॉ. अमित श्रीवास्तव, चिकित्सालय प्रबन्धक रिज़वान अली सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### होली से पहले बलरामपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा एक्शन, 100 किलो लावारिस खोया नष्ट



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** आगामी होली पर्व को देखते हुए जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी बलरामपुर के निर्देशों के क्रम में दिनांक 28 फरवरी 2026 की रात विशेष सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया।रात्रिकालीन अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न परिवहन बसों एवं बाहरी वाहनों की तलाशी ली। बाहर से लाए जा रहे खाद्य पदार्थों की गहन जांच की गई। इसी क्रम में लगभग 100 किलोग्राम लावारिस खोया बरामद किया गया, जिसका कोई वैध दस्तावेज या स्वामी सामने नहीं आया। जनहित को ध्यान में रखते हुए टीम द्वारा उक्त खोये को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। अभियान का नेतृत्व श्री गिरिजेश कुमार दूबे, सहायक आयुक्त (खाद्य)-II, श्री चन्द्र भानु, खाद्य सुरक्षा अधिकारी,श्री राम मौर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, शंकर दयाल तिवारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी, अवैध भंडारण एवं बिना मानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। बसों और निजी वाहनों की रात्रिकालीन चेकिंग आगे भी जारी रहेगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि होली जैसे प्रमुख पर्व पर जनपदवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो और किसी भी प्रकार की मिलावट से आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

# मदरलैंड पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मदरलैंड पब्लिक स्कूल शंकरपुर विशुनीपुर , फुलवरिया बाईपास बलरामपुर में बच्चों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने कई तरह के विज्ञान से संबंधित प्रयोगों का प्रदर्शन किया । जिसमें प्रकाश का परावर्तन, दोलन गति, ओपन एवं बंद इलेक्ट्रिक सर्किट, पुष्प के द्वारा रंगों का अवशोषण आदि विज्ञान के प्रयोगों का प्रोजेक्ट बच्चों ने तैयार करके प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती मीरा कश्यप जी ने किया तथा इस अवसर पर प्रधानाचार्य अतुल गौरव



ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन 28 फरवरी भौतिक वैज्ञानिक सीवी रमन जी द्वारा रमन खोज की याद में मनाया जाता है। प्रतियोगिता में कक्षा 6 में मयंक और गरिमा तथा साक्षी और यशवी की टीम को प्रथम पुरस्कार कक्षा 7 में राजन गुप्ता ओंकार गुप्ता तथा अब्दुल रहीम और शिखर यादव एवं अमित कुमार की टीम को प्रथम पुरस्कार कक्षा 8 में अंकुश एवं पुनीत तथा आभा और दिव्यांशु की टीम को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# छात्रों ने प्रस्तुत किये विज्ञान तकनीक पर आधारित आकर्षक मॉडल

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

आदिशक्ति माँ पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल तुलसीपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित विविध विषयों पर आधारित आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहा गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने हेतु महंत मिथिलेश नाथ योगी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार



विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनकी जिज्ञासा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।

प्रदर्शनी में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, प्रदूषण नियंत्रण, डिजिटल सुरक्षा, कृषि नवाचार सहित विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली भी विस्तार से समझाई, जिससे उनकी विषय पर पकड़ और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

### छात्रों का उत्साहवर्धन एवं प्रशंसा

अतिथियों ने उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की सराहना की। विद्यालय द्वारा बताया गया कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाना सरकार की प्राथमिकता : ब्रजेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

राजधानी लखनऊ से प्रदेशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाना सरकार की प्राथमिकता है। केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 46 लाख किशोरियों को मुफ्त वैक्सीन लगाने का लक्ष्य घोषित किया और टीका लगवाने वाली बेटियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लगभग 46 लाख किशोरियों को इस अभियान के तहत वैक्सीन लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। यह वैक्सीन सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध होगी। अगले तीन माह तक वैक्सीन के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक परिवार अपनी बेटियों को टीका लगवाने के लिए आगे आएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत के साथ ही उत्तर प्रदेश में भी यह अभियान शुरू हुआ।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम और विभागीय अधिकारी केजीएमयू से वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री के लॉन्च कार्यक्रम से जुड़े। यह टीकाकरण 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। कोरोना महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान में भारत ने दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि जच्चा-बच्चा टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बच्चों को 12 से 14 प्रकार के टीके निःशुल्क लगाए जा रहे हैं और नए टीकों को भी अभियान में जोड़ा जा रहा है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाने में मदद मिल रही है।



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत

### टीकाकरण से कोई भी बेटी वंचित न रह जाए

ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि टीकाकरण से कोई भी बेटी वंचित न रह जाए। ग्राम प्रधान, बाल विकास और महिला कल्याण विभाग संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसे लेकर किसी प्रकार की भ्रांति में आने की जरूरत नहीं है। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां पुलिस विभाग में करीब 35 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ प्रदेश की सुरक्षा में योगदान दे रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर के मामलों में लगभग 22.86 प्रतिशत हिस्सा रखता है और नए मामलों व मौतों की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में एचपीवी टीकाकरण बेटियों को एक प्रभावी सुरक्षा कवच प्रदान करेगा।

# लोकतांत्रिक मूल्यों व सादगीपूर्ण जीवन के प्रतीक थे डॉ. राजेंद्र प्रसाद : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं 'भारत रत्न' डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

श्री मौर्य ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग, सादगी और उच्च आदर्शों का प्रतीक रहा है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्र भारत के निर्माण तक प्रत्येक चरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं और जनकल्याण के प्रति उनका अटूट समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

राष्ट्र निर्माण में उनकी अग्रणी भूमिका रही।उनके योगदान के लिए उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। वह सादगी, विनम्रता और उच्च आदर्शों के प्रतीक थे। श्री मौर्य ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन सादगी और नैतिकता का अनुपम उदाहरण था।

राष्ट्रपति पद जैसे उच्च दायित्व पर आसीन रहने के बावजूद उन्होंने सदैव सरल जीवन शैली अपनाई और जनसामान्य से आत्मीय संबंध बनाए रखा। वे भारतीय संस्कृति, शिक्षा और ग्रामीण विकास के प्रबल समर्थक थे। आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण के कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएं। लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक समरसता और सुशासन की स्थापना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



## खबरें एक नजर में

### करंट से संविदा लाइनमैन की मौत, बिना शटडाउन 33 केवी लाइन पर चढ़ाने का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा इलाके में 33 केवी लाइन ठीक करने चढ़े संविदा लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। शुक्रवार-शनिवार के बीच जगरानी अस्पताल के पास लाइन सही करने पहुंचा था। संविदा कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि बिना शटडाउन लिए ही 33 केवी लाइन पर काम कराया गया। छठामील निवासी परशुराम रावत (45) करीब 20 साल से बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैन का काम कर रह थे। उनकी तैनाती भेंड़हापुर, कल्याणपुर में थी। साथी कर्मचारी प्रदीप कुमार ने बताया शुक्रवार-शनिवार की बीच रात करीब 2 बजे अधिकारी के आदेश पर टीम लाइन जोड़ने पहुंची थी। आरोप है कि काम शुरू करने से पहले बिजली घर से शटडाउन मांगा गया था लेकिन लाइन चालू रहने के दौरान ही तार बांधने को कहा गया। बताया गया कि जैसे ही लाइनमैन परशुराम ने सीढ़ी लगाकर पोल पर चढ़ना शुरू किया। उन्हें जोरदार करंट लगा और वह नीचे गिर पड़े। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद अन्य कर्मचारियों का आरोप है कि हादसे के बाद जिम्मेदार अधिकारी शव को सड़क पर छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद विभागीय लापरवाही को लेकर कर्मचारियों में आक्रोश है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिवार में उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है।

### बिल्डर ने होलिका की जमीन कब्जाई, किसानों ने घेरा नगर निगम ऑफिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ नगर निगम में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन ने जोरदार प्रदर्शन किया। सरोजनी नगर के अटल बिहारी वॉर्ड में होलिका दहन की जमीन निजी बिल्डर द्वारा कब्जाने का आरोप लगाया। इस दौरान मेयर और नगर आयुक्त के चौम्बर के बाहर जमकर नारेबाजी हुई। हालात बिगड़ते देख मौके पर पुलिस बुलाई गई। जिसके बाद किसी तरह हालात काबू में आए। किसान यूनियन के सदस्यों का आरोप था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की तरफसे कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते अब होलिका दहन के लिए कोई स्थल नहीं बचा है। प्रदर्शन कर रहे है लोगों का यह भी कहना था कि स्थानीय लोगों में इसको लेकर जबरदस्त आक्रोश है। भारतीय किसान यूनियन (राकेश टिकैत गुट) के जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा का कहना था कि नवंबर महीने में निजी बिल्डर द्वारा होलिका दहन की जमीन पर कब्जा करने को लेकर शिकायत दी गई थी। नगर निगम के बड़े अफसर के संज्ञान में भी यह मामला लाया गया था। तभी कहा गया था कि निजी बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई होगी पर नगर निगम ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। जब कोई किसान नगर निगम की जमीन पर अपने किसी जानवर के लिए नांद रख लेता है तो तुरंत नगर निगम चालान कर देता है पर बड़े बिल्डरों के खिलाफनगर निगम एक्शन लेने के लिए टालमटोल करता है। 3 महीने बाद भी जब एक्शन नहीं हुआ तब मजबूर होकर भारतीय किसान यूनियन यहां धरना दे रहा है। आज पहले हम लोग अपनी बात करने आए थे पर जब सुनवाई नहीं हुई तब मजबूर होकर धरना धरने पर बैठ गए।

### साइड टच होने से शीशा टूटा, विरोध पर डंपर ने ट्रक क्लीनर को कुचला, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बिजनौर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह किसान पथ पर एक डंपर चालक ने ट्रक क्लीनर रौंद कर मार डाला। घटना शनिवार सुबह 10 बजे की है। क्लीनर ने अपने ट्रक में टक्कर मारने वाले डंपर को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान डंपर ड्राइवर उसके ऊपर ट्रक चढ़ाते हुए भाग गया। मृतक की पहचान संदीप (35) के रूप में हुई। संदीप उन्नाव के हसनगंज थाना क्षेत्र सेमरा गांव का था। वह अपने ट्रक चालक फुरकान के साथ झांसी से कॉपी लादकर गोरखपुर जा रहा था। सुबह करीब 10 बजे कानपुर रोड से किसान पथ पर चढ़ने के बाद, नटकुर अंडरपास के पास पीछे से आ रहे डंपर (आरजे 11 जीसी 7531) ने उनके ट्रक के साइड में टक्कर मार दी, जिससे साइड शीशा टूट गया। यहीं विवाद हो गया जिसके बाद डंपर ड्राइवर संदीप के ऊपर गाड़ी चढ़ाते हुए भाग गया। टक्कर के बाद, क्लीनर संदीप नीचे उतरा और डंपर रुकवाकर चालक का विरोध करने लगा। आरोप है कि डंपर चालक नीचे उतरा और संदीप को दो-तीन थप्पड़ मारे। इसके बाद वह तेजी से अपने डंपर पर चढ़ा और संदीप के विरोध करने के बावजूद उसे रौंदते हुए वाहन सहित किसान पथ से नीचे उतरकर कानपुर रोड की ओर भाग निकला। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और 108 एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद संदीप को एंबुलेंस से सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और डंपर नंबर के आधार पर उसके चालक की तलाश कर रही है। ट्रक ड्राइवर फुरकान ने बताया मैं संदीप के साथ ट्रक से जा रहा था। मेरे ट्रक में डंपर टच होने से शीशा टूट गया। इस पर क्लीनर संदीप नीचे उतरा और डंपर वाले से बात करने लगा। उसे समझाने गया कि आखिर क्यों टक्कर मारी। इस पर डंपर का ड्राइवर नीचे उतरा और संदीप को 2-3 थप्पड़ भी मारे। जब तक मैं वहां पहुंचता तब तक वह फिर से डंपर पर चढ़ा और संदीप को कुचलते हुए चला गया।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत बना वैश्विक स्टार्टअप हब : शर्मा

**ऊर्जा मंत्री ने किया एकेटीयू में 'सविष्कार स्टार्टअप संगम' का शुभारंभ**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में 'सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026' का शुभारंभ किया। यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नवाचार, उद्यमिता तथा युवाओं के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में देशभर से 400 से अधिक विद्यार्थी, स्टार्टअप संस्थापक, नवप्रवर्तक, शोधकर्ता एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि सहभागी हुए। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नवाचार को केवल तकनीकी प्रयोग तक सीमित न रखकर उसे शासन, उद्योग, शिक्षा और सामाजिक विकास से जोड़ा गया है।

नीतिगत समर्थन, डिजिटल आधार, वित्तीय प्रोत्साहन और वैश्विक दृष्टि के कारण आज भारत विश्व के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि नवाचार अब महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच चुका है। भारत में शोध कार्य बहुआयामी और तेजी से विकसित हो रहे हैं। युवा प्रतिभा, तकनीकी संसाधन और मजबूत नीति समर्थन के संयोजन से भारत वैश्विक नवाचार मानचित्र पर सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विकास की नई गति और नई दिशा प्राप्त हुई है। विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य, विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। राज्य सरकार युवाओं और स्टार्टअप्स के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ लेकर युवा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। श्री शर्मा ने युवा उद्यमियों एवं छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्टार्टअप इकोसिस्टम तभी सफल होगा जब हम आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को व्यवहार में उतारेंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और इसके साथ ही आयोजकों से आग्रह किया कि इस तरह के आयोजन में सरकारी स्टॉल भी लगाए जाएं।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर दीपक नगड़िया, संयोजक निसर्ग राठौर, अभय प्रताप सिंह, तेजस्विनी, सत्यम तिवारी सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवा उद्यमी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# बिजली विभाग के आठ इंजीनियर सस्पेंड

**24 बाबुओं का लखनऊ से बाहर तबादला**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बिजली कनेक्शन जारी करने और बिल वसूली में लापरवाही के आरोपों के बीच मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है।

शनिवार को जांच के बाद लखनऊ में तैनात 8 इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया, जबकि 24 बाबुओं का तबादला जिले से बाहर कर दिया गया है। कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। विभागीय जांच में सामने आया कि नए बिजली कनेक्शन देने की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई। इसके साथ ही राजस्व वसूली में भी लापरवाही पाई गई। वर्टिकल व्यवस्था के तहत कार्यों की निगरानी में ढिलाई और फाइलों के निस्तारण में देरी को गंभीरता से लिया गया। रिपोर्ट मिलने के बाद एमडी रिया केजरीवाल ने तत्काल प्रभाव से जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्रवाई के तहत एक्सईएन नीरज कुमार और एई अमित कुमार को निलंबित किया गया है। इसके अलावा एई अनुभव कुमार सिंह और एई प्रशांत कुमार गिरी को भी सस्पेंड कर दिया गया। एई अमित कुमार, जेई दिनेश कुमार, जेई रविन्द्र कुमार और जेई दीपक पांडेय को भी निलंबन का सामना करना पड़ा है। सभी के खिलाफ विभागीय जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इंजीनियरों पर कार्रवाई के साथ ही 24 बाबुओं को वर्टिकल व्यवस्था में लापरवाही के आरोप में जिले से बाहर ट्रांसफर कर दिया गया है। माना जा रहा है कि फाइल प्रबंधन, राजस्व रिकॉर्ड और कनेक्शन प्रक्रिया में अनियमितताओं की जिम्मेदारी तय करते हुए यह कदम उठाया गया है।

# भाषा विश्वविद्यालय में साइंस विद फन के संग मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन अत्यंत उत्साह और वैज्ञानिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समापन सत्र में इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में तथा विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. तल्हीर फ़ात्मा (संयोजक) एवं डॉ. एस. के. मिश्रा (सह-संयोजक) के कुशल नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विज्ञान को केवल प्रयोगशाला तक सीमित न रखकर समाज तक प्रभावी रूप से पहुँचाना तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और संवाद कौशल विकसित करना रहा।

राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार कार्यशाला के अंतर्गत विज्ञान संचार, नवाचार, तकनीकी जागरूकता एवं शोध संस्कृति पर विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम में डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. अनूप चतुर्वेदी, डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. आलोक कृष्णा एवं डॉ. नवनीत सिंघल सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार कार्यशाला के अवसर पर डॉ. वी. पी. सिंह, एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी, इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी, लखनऊ ने विशेष रूप से अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। डॉ. वी. पी. सिंह ने अपने संबोधन में विज्ञान संचार के माध्यम से समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय को समय की आवश्यकता बताया। सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान विकसित करने तथा थिंक लोकली, एक्ट ग्लोबली की भावना के साथ वैश्विक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रीजनल साइंस सिटी से पधारे विज्ञान संचारक आशु निषाद द्वारा प्रस्तुत साइंस विद फन का अद्भुत एवं रोचक प्रदर्शन रहा। उन्होंने सरल वैज्ञानिक सिद्धांतों को रोचक प्रयोगों, आकर्षक गतिविधियों एवं हास्यपूर्ण शैली के माध्यम से प्रस्तुत कर विद्यार्थियों और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके प्रयोगों ने यह सिद्ध किया कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों का विषय नहीं, बल्कि जीवन से जुड़ा एक जीवंत और आनंददायक अनुभव है।

# क्रियाशील होंगे 42 जनपदों के सरकारी विद्यालयों में शौचालय

**आठ मार्च की समय-सीमा तय, बालिकाओं की गरिमा और सुरक्षा पर योगी सरकार का जोर**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानि आठ मार्च से ठीक पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा के उद्देश्य से बड़ा अभियान शुरू किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर समेत प्रदेश के 42 जनपदों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के आदेश जारी किए गए हैं। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने समीक्षा बैठक में कहा कि आठ मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में होने चाहिए। उन्होंने दोहराया कि निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है बल्कि शौचालयों में स्वच्छता, नियमित सफाई, जल की उपलब्धता, बिजली व्यवस्था और सुरक्षित दरवाजों की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए।सरकार का विशेष फोकस छात्राओं के लिए पृथक एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय सुविधा मिलने से छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी, मासिक धर्म के दौरान सहजता होगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। महिला दिवस पर पहल बेटियों को सम्मानजनक शैक्षिक वातावरण देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक मानी जा रही है।शौचालयों की वास्तविक स्थिति की मॉनिटरिंग के लिए प्रेरणा पोर्टल पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी। इससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं रहेगी।

जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आठ मार्च की समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई तय की जाएगी।



### आदेश के बाद भी नहीं मिला वेतन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा होली के त्यौहार पर 28 फरवरी को प्रत्येक दशा में वेतन दिए जाने के आदेश के बावजूद आज कर्मचारियों के खाते में वेतन नहीं आने से होली के त्यौहार की खुशियों में निराशा आ गई है। यह जानकारी देते हुए जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय एवं कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि कर्मचारी आज दिन भर वेतन खाते में आने की प्रतीक्षा करते रहे लेकिन आज उनका वेतन नहीं आया। लगातार छुट्टियों की वजह से यह भी चिंता का विषय है कि अगर कल भी वेतन नहीं मिला तो लोग कैसे होली मनाएंगे। श्री पाण्डेय एवं श्री बच्चा ने सीएम से मांग की है कि कल प्रत्येक दशा में कर्मचारियों को वेतन दिलाने का कष्ट करें।

# होली पर शहर में रहेगी सुचारू जलापूर्ति

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

होली पर्व को देखते हुए नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग ने शहर में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारियां पूरी कर ली हैं। 04 मार्च 2026 को होली के दिन शहर के सभी क्षेत्रों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए विस्तृत व्यवस्था लागू की जाएगी।

जीएम जलकलकुलदीप सिंह ने बताया कि नगर निगम के तीनों जलकल प्लांट, सभी ओवरहेड टैंक तथा शहर के सभी नलकूप पूरी तरह से चालू रहेंगे। होली के दिन सभी जोनों में प्रातः 05.00 बजे से 09.00 बजे तक नलकूपों से सीधे जलापूर्ति की जाएगी, ताकि लोगों को सुबह के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो।सभी ओवरहेड टैंकों से दोपहर 12.00 बजे से 02.00 बजे तक उच्च दबाव के साथ पानी की सप्लाई दी जाएगी। वहीं ऐशबाग जलकल, बालागंज जलकल और तृतीय जलकल कठौता से भी निर्धारित समय के अनुसार जलापूर्ति की जाएगी। इन केंद्रों से सुबह 05.00 बजे से 09.00 बजे तक, दोपहर 12.00 बजे से शाम 03.00 बजे तक तथा शाम 05.00 बजे से रात 09.00 बजे तक पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

जलकल विभाग ने बताया कि जिन स्थानों पर हर वर्ष होली के अवसर पर पेयजल टैंकर लगाए जाते हैं, वहां इस बार भी टैंकरों की व्यवस्था की जाएगी, जिससे जरूरत वाले क्षेत्रों में पानी की कमी न होने पाए।होली के दौरान पानी या सीवर से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए सभी जोनों के अभियंताओं के मोबाइल फोन 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। नागरिक जलकल विभाग के कंट्रोल रूम नम्बर 8177054100, 8177054003 एवं 8177054010 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सीवर से जुड़ी समस्याओं के लिए मेसर्स सुएज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के टोल फ्री कंट्रोल रूम नम्बर 18003130522 पर भी शिकायत की जा सकती है।

# ससुर की हत्या का आरोपी दामाद गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बंथरा थाना क्षेत्र में ससुर की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने फावड़े से हमला कर अपने ससुर को गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है। यह घटना बीते 22 फरवरी को बंथरा के चक गांव में हुई थी। श

पूजा रावत का अपने पति संदीप कुमार और ससुराल वालों से विवाद हो गया था। पूजा ने इसकी सूचना अपने मायके सरोजनी नगर स्थित गौरी में अपने पिता रामनरेश (61) को दी। सूचना मिलने पर रामनरेश अपनी बेटी पूजा को मायके लाने के लिए उसकी ससुराल पहुंचे। वहां पूजा के पति संदीप और अन्य ससुराल वालों से उनका विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार, पूजा के ससुराल वाले उसे मायके भेजने को तैयार नहीं थे। विवाद बढ़ने पर पूजा के जेठ ने रामनरेश को पकड़ लिया, और इसी दौरान पूजा के पति संदीप ने फावड़े से रामनरेश के सिर पर हमला कर दिया। इस हमले में रामनरेश बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें तत्काल गौरी स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, रामनरेश की हालत अधिक गंभीर होने के कारण उन्हें लोक बंधु अस्पताल से ट्रामा सेंटर भेजा गया। इलाज के दौरान 26 फरवरी, गुरुवार को रामनरेश की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में पूजा की तहरीर पर पहले ही रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। रामनरेश की मौत के बाद मामले में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाई गई। पुलिस ने आरोपी संदीप की तलाश शुरू की और उसे नारायणपुर-बेहटा रोड से गिरफ्तार कर लिया।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर पलटा ट्रक, हादसे में चालक सहित दो लोग घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर शनिवार दोपहर तेज रफ्तार सीमेंट लदा ट्रक पलट गया। वाहन करीब 20 फीट नीचे खंती में जाकर गिरा। अंदर बैठे चालक सहित 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक में फंसे घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल क्रेन की मदद से पलटे ट्रक को गया। घटना के बाद जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया। घटना की जांच जारी है।

**चलन** | **होली के खास मौके पर बाजार गुलजार**

# सर्राफा बाजार में चांदी की पिचकारी व बाल्टी का ट्रेंड

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से करीब 1 साल पहले होली से माहौल बन रहा है। लखनऊ की दुकानों में पिचकारियां आ गई हैं। इनमें मोदी-योगी छाप और धनुष-बाण छाप पिचकारी की धूम है। गुलाल वाले पटाखे भी आ गए हैं। बच्चों को ये सभी पिचकारियां भा रही हैं।

होली की पिचकारी पर पीएम मोदी की तस्वीर के साथ 'हिंदुस्तान की बोली-घर-घर होली' जैसे स्लोगन प्रिंट हैं। पिचकारी में पीएम नरेंद्र मोदी, ब्रह्मोस, कुल्हाड़ी, हथौड़ा और म्यूजिकल ट्रेंड में हैं। इसके अलावा ऐसी सफेद टीशर्ट आई है जो पानी पड़ते ही रंगीन हो जाएगी। होली के इस खास मौके पर सर्राफा मार्केट भी चहक रहा है। चांदी से बनी पिचकारी, बाल्टी, लड्डू गोपाल, काजू कतली और लड्डू खूब चर्चा में हैं।

इस होली पर दिवाली का फील देने के लिए कलर पटाखे लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। रंगीन विग के साथ अलग-अलग डिजाइन के फेस मास्क मार्केट में आए हैं। कुल्हड़ अनार, 5 से लेकर 16 शॉट वाला स्मोक पटाखा मिल रहा है। इसके साथ ही तीन फ्लेवर वाला आइसक्रीम पटाखा लोगों को खूब भा रहा है, जिसमें से वैनिला, स्ट्रॉबेरी और चॉकलेट के तीन रंगों के साथ खुशबू भी फूटती है। सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री विनोद महेश्वरी ने बताया कि इस बार चांदी की पिचकारी और बाल्टी का ट्रेंड खासतौर पर देखा जा रहा है। यह होली को और भी भव्य और यादगार बना रहा है।



चांदी की पिचकारी सिर्फ एक परंपरागत उपहार ही नहीं बल्कि भविष्य के लिए एक आकर्षक निवेश भी मानी जा रही है। इसे नए जोड़ों और खासकर दामाद को गिफ्ट देने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। भगवान के साथ होली खेलने के लिए भी चांदी की पिचकारी का विशेष डिमांड है जिसके लिए लोग लड्डू गोपाल भी खूब खरीद रहे हैं। विनोद माहेश्वरी ने बताया कि चांदी की पिचकारी की कीमत 5 हजार से 1 लाख रुपए तक है। चांदी की बाल्टी की 5 हजार से लेकर 2लाख तक है। इसके अलावा लड्डू गोपाल के साथ पिचकारी, काजू-कतली, लड्डू, रंग भरने के लिए छोटी कटोरी का पूरा सेट है जिसकी कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि सोना चांदी की मार्केट में जो उतार चढ़ाव आया उसका त्योहार पर कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा है। क्योंकि, त्योहार बहुत कम समय के लिए होता है इसलिए लोग इसमें इन्वेस्टमेंट के नजरिये से खरीदारी करते हैं। रंग व्यापारी आकाश ने बताया कि बाजार में आइसक्रीम रंगीन पटाखा की डिमांड अधिक है। हरा, गुलाबी, लाल, पीला, नीला सहित आधा दर्जन गुलाल हैं। लेकिन, डिमांड केसरिया रंग की अधिक है ये साधारण रंगों से थोड़ा महंगा होता है। स्पेशल गिफ्ट पैक आए हैं, जिनकी कीमत 500 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक है। उन्होंने बताया कि थोक में गुलाल की कीमत 20 रुपए से लेकर 200 रुपए प्रति किलो है।

## खबरें एक नजर में

### बाल हितों से संबंधित विषयों पर समीक्षा बैठक का आयोजन



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** सदस्य सचिव राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग संजीव कुमार द्वारा विकास भवन सभागार में बाल हितों से संबंधित विषयों पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा द्वारा सदस्य सचिव की अनुमति से बैठक को आरंभ किया। बैठक में जनपद के संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा सहभागिता करते हुए बच्चों से जुड़े विभिन्न संवेदनशील मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। पॉक्सो पीड़िताओं के बयान दर्ज करने में आ रही कठिनाइयां तथा प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील एवं सरल बनाने की आवश्यकता,पोस्को पीड़ताओं के मेडिकल परीक्षण में आ रही समस्याएं एवं समयबद्ध और समुचित चिकित्सा सुविधा ,थानों में तैनात बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण को प्रभावी एवं नियमित बनाए जाने पर जोर, बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने हेतु जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम संचालित करने की आवश्यकता। बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य मेंटल हेल्थ संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु काउंसलिंग एवं मनोवैज्ञानिक सहयोग को सुदृढ़ करने पर बल। सदस्य सचिव ने निर्देशित किया कि बाल संरक्षण से संबंधित सभी प्रकरणों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्चों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा की जा सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा बाल हितों से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक का समापन बाल अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा एवं जनपद में बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ। उक्त बैठक में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार,सीएमओ डा. वीके मिश्रा, जिला विकास अधिकारी डीडीओ ऋषिपाल सिंह, सहायक श्रमायुक्त नासिर खान, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा,समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, मानव तस्करी रोधी इकाई के प्रभारी महेंद्र सिंह,डीपीआरओ प्रमोद कुमार यादव, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी शसंजय कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अमित अमितेश, सदस्य, रामऔतार त्रिपाठी, मुनीश सिंह परिहार, अरविंद कुमार मिश्रा, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एसपी कौशल, अंजूम आरा, चंचल यादव आदि मौजूद रहे।

### ससुराल आए युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**समृद्धि न्यूज, मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** शनिवार सुबह क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोपालपुर ढाई के मजरा दरियागंज के समीप रोड के किनारे पाकड़ के पेड़ में एक युवक को फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। थाना मिर्ज़ापुर के एसएसआई सुनील भरद्वाज ने बताया कि पुलिस के काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान कासगंज जिले के थाना सिकंदरपुर वैश्य के ग्राम सनोडी निवासी 28 वर्षीय संजय कुमार पुत्र राजाराम के रूप में हुई है। पुलिस ने शव की शिनाख्त हो जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसआई सुनील भरद्वाज ने बताया कि मृतक संजय कुमार अपने घर से चार दिन पहले अपनी ससुराल फर्रुखाबाद जिले के थाना अमृतपुर अंतर्गत ग्राम एत्मादपुर आया था। उसने ससुराल से यहां आकर ग्राम दरियागंज के समीप रात में किसी समय पाकड़ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक संजय ने आत्महत्या क्यों की ? इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### पालिका बोर्ड मीटिंग में नगर विकास के लिए 55 करोड़ का बजट पास

**जालौन (उरई)।** नगर पालिका सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में पांच प्रस्ताव पटल पर रखे गए, जिनमें सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस वित्तीय वर्ष में नगर के विकास के लिए 55 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया है। पालिका सभागार में बोर्ड बैठक पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल की अध्यक्षता एवं ईओ सुशील कुमार की की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय सांसद नारायणदास अहिरवार मौजूद रहे। बैठक में नगर के विकास और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। पटल पर वर्ष 2026-27 के बजट की स्वीकृति पर भी चर्चा हुई। पिछले वित्तीय वर्ष में नगर के विकास के लिए 35 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ था। इस वत्तीय वर्ष के लिए बजट में 20 करोड़ रुपये और बढ़ाए गए हैं। इस वित्तीय वर्ष का कुल अनुमानित बजट 55 करोड़ रुपये रहा। नगर की विभिन्न विकास योजनाओं दीनदयाल नगर विकास योजना, अंत्येष्टि स्थल विकास योजना, नगरीय पेयजल योजना, सीवरेज और जल निकासी योजना, नगरीय झील, तालाब, पोखर योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, वैश्विक नगरोदय योजना के प्रस्तावों को शासन को भेजने पर सभी सभासदों ने सहमति व्यक्त की। पालिकाध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल ने कहा कि नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। ईओ सुशील कुमार ने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था, जल निकासी, पेयजल, रोशनी और सड़कों की स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर सभासद नरसिंह यादव, ईलू मेंबर, नीतूचंद्रा, विक्की, लक्ष्मीकांत, नफीस सिद्दीकी, कफील कुरैशी, रीना देवी, ललित शुक्ला, सफीक राईन, लिपिक रविंदर सलूजा, कमलेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने भविष्य की जरूरतों को देख बनाये प्रोजेक्ट

**जालौन (उरई)।** मैस्कॉट पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए प्रोजेक्ट बनाए। जिन्हें मौजूद लोगों ने सराहा। प्रबंधक डॉ. औसाफ अंसारी ने कहा कि प्रोजेक्ट के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करना है। बनाए गए प्रोजेक्ट, उनका प्रदर्शन, बच्चों की मेहनत और उनकी वैज्ञानिक सोच को उड़ान देने से महसूस होता है कि यह भविष्य के होनहार हैं।

# रंग-रंगीला फाल्गुन आया झूम रहा संसार है...

**श्री खाटू श्याम मंदिर पर फाल्गुन एकादशी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई**



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** श्री खाटू श्याम मंदिर, श्याम चौक, बरेली मोड़ पर 27 फरवरी दिन शुक्रवार को फाल्गुन एकादशी को बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और मंदिर परिसर 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस पावन अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, आकर्षक फूल-मालाओं एवं विद्युत झालरों से भव्य रूप से सजाया गया। बाबा का अलौकिक श्रृंगार दिल्ली और कोलकाता से मंगाए गए विशेष पुष्पों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 7 बजे श्रद्धा भक्ति श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी श्री अशोक अग्रवाल ने अपनी धर्मपत्नी सहित विधि-विधान पूर्वक भगवान की ज्योति प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात मुरादाबाद से पधारीं प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री शालू गुप्ता ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान गणेश वंदना एवं पूजन की विधि पुप्पू चौधरी एवं रजत खन्ना द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायिका शालू गुप्ता मुरादाबाद से ने अपनी मनमोहक भजन प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत मन ही मन स्वीकार कर बैठे है सांवरिया से प्यार कर बैठे है और 'राम रटले सिया राम रटले तेरे काम आएगा और 'वो बुला रहा कैसे रोक लूं मैं तो चला खाटूधाम..जैसे भजनों पर भक्त झूम उठे। रात्रि में कीर्तन के समय भक्तों के लिए बूंदी प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई जिसमे में स्वयंसेवकों ने बड़ी श्रद्धा और प्रेम से सेवा की। मान्यता है कि फागुन एकादशी पर सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष लगभग 40 लाख श्रद्धालु फाल्गुन मेले के दौरान खाटू श्याम धाम पहुँचकर बाबा के दर्शन करते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से अरविन्द सिंह विधायक ददरौल क्षेत्र ने मंदिर पहुंचकर बाबा की पूजा अर्चना की व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का और विस्तार किया और मुख्य ट्रस्टी ने खाटू श्याम जी का प्रसाद व स्मृति चिहिन्न देकर उनको सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट सोशल मीडिया एवं यूट्यूब के माध्यम से किया गया, जिससे देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु भी घर बैठे बाबा के दिव्य दर्शन कर सके और भजन-कीर्तन का आनंद ले सके। इस वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर बाबा श्याम के दर्शन किए और भक्ति, उल्लास तथा आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण इस फाल्गुन महोत्सव का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन पर भक्तों ने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया तथा फूलों की होली खेलकर फाल्गुन उत्सव की उमंग को और भी रंगीन बना दिया। उक्त अवसर पर रोशनगंज व अन्य कई जगहों से बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा पैदल चलकर पहुंची, जिसमें श्रद्धालु हाथों में बाबा का ध्वज लेकर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए शामिल हुए। पूरे मार्ग में 'जय श्री श्याम' के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्राओं का स्वागत किया। सर्कीतन में विशेष योगदान अंकित गुप्ता, आर.के.अग्निहोत्री, रामचन्द्र सिंघल, योगेश अग्रवाल, रितु प्रखर अग्रवाल, मनोज सीमा अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, निकिता गुप्ता, अक्षत सक्सेना, अभय अग्रवाल प्रमोद गुप्ता, महावीर अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, पवन गुप्ता, रचित अग्रवाल, नीटू चौधरी, कांति प्रसाद अग्रवाल, संजय शालिनी अग्रवाल, राघव, जतिन, बावी मेजवान, मनीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पप्पू चौधरी, शैलेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, निधि अग्रवाल, साधना अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अल्पित अग्रवाल, शिवम अग्रवाल ने उपस्थित होकर भजनों का आनन्द लिया एवं समस्त सेवादारों का सहयोग रहा।

## गुरु कृपा से ही होता है ईश्वर दर्शन : संत विजय कौशल



**शाहजहांपुर।** मुमुक्षु आश्रम में चल रही श्री रामकथा के पांचवें दिवस कथाव्यास श्री विजय कौशल जी महाराज ने राम जन्म की कथा को आगे बढ़ाते हुए भगवान की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि जब कैलाश पर बैठे भगवान शिव माता पार्वती से प्रभु की लीला का वर्णन करते हैं, तब पार्वती जी ने शिवजी से प्रभु की लीला के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। शिवजी मां पार्वती के साथ बृजधाम आए और वहां अपना वेश बदलकर भगवान कृष्ण की रासलीला में शामिल हुए। जैसे ही कृष्ण ने बंसी बजाई, शिवजी भाव विभोर हो नाचने लगे और उनका भेद खुलते ही भगवान कृष्ण मन ही मन मुस्कुराने लगे। शिव व पार्वती ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं और रासलीलाओं के साथ उनके मनोहरी रूप के दर्शन किए और कैलाश पर्वत की ओर पधारे। कथा व्यास ने कहा कि कथा मात्र मनोरंजन के लिए नहीं होती। कथा तो मन और चरित्र को पवित्र करती है। हम सबको पूरी श्रद्धा भाव से भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण करना चाहिए। भगवान के नाम की महिमा अपरंपार है। उनके नाम स्मरण से बड़े बड़े पापियों का उद्धार हो जाता है। कथा व्यास ने आगे कहा कि राम के जन्म के उपरांत राजा दशरथ ने पूरे अवध में मिठाइयां और उपहार बंटवाए। शिवजी कैलाश पर्वत से अवधपुरी में आए और भगवान के बाल रूप के दर्शन किए। कुछ दिन बाद राजा दशरथ ने संत, मुनि, ऋषियों और ब्राह्मणों से विधि विधानपूर्वक चारों पुत्रों का नामकरण कराया।

## पर्यावरण जागरूकता संवाद एवं पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा पर्यावरण जागरूकता संवाद 2026 एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन विशुंदयाल इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का विषय जलवायु परिवर्तन, सतत विकास एवं युवा दायित्व रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों तथा सतत विकास की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विकासार्थ विद्यार्थी के प्रांत सह संयोजक आयुष्मान चौहान ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं का दायित्व है। जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा और प्राकृतिक आपदाएँ गंभीर चिंता का विषय हैं। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने कहा की सतत विकास का अर्थ है वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करना। पर्यावरण संरक्षण ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया और उपस्थित विद्यार्थियों ने प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया।

### पुलिस ने हारजीत की बाजी लगाते आठ जुआरी पकड़े

**जालौन (उरई)।** शुक्रवार की रात चौकी पुलिस ने मोहल्ला जोशियाना में तालाब के पास हार-जीत की बाजी लगा रहे आठ लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 11280 रुपये नकद और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को शुक्रवार की रात सूचना मिली कि नगर के मोहल्ला जोशियाना में तालाब के पास लंबे समय से जुआ का फड़ चल रहा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से हरीपुरा निवासी अवधेश कुशवाहा, को पकड़ लिया।

## जनपद को टाप फाइव में लाने का लक्ष्य, सभी अधिकारी-शिक्षक जुटें पूरी निष्ठा से : बीएसए



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में शासन एवं विभागीय आदेशों के अंतर्गत संचालित कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद को प्रदेश के टॉप फाइव जिलों में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य तभी संभव है जब सभी अधिकारी एवं शिक्षक पूरी निष्ठा, लगन और टीम भावना के साथ कार्य करें उनके द्वारा बेसिक शिक्षा परिवार को प्रमुख त्योहार होली की शुभकामनाएं दी गई। बीएसए दिव्या गुप्ता ने निर्देशित किया कि 5 मार्च महिला दिवस से पूर्व सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय पूर्णतः स्वच्छ एवं सुंदर हों तथा उनकी फोटो प्रेरणा ऐप पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाएं। उन्होंने बताया कि कंपोजिट ग्रांट सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत पहुंच चुकी है, जिसका आवश्यकता अनुसार तत्काल उपयोग सुनिश्चित किया जाए। शैक्षिक गुणवत्ता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि निपुण लक्ष्य ऐप का नवीनतम संस्करण डाउनलोड कर प्रतिदिन न्यूनतम पांच विद्यार्थियों का आकलन किया जाए। कक्षा 01 से 03 तक भाषा एवं गणित का संचालन शिक्षक संदर्शिकाओं के अनुरूप हो तथा शिक्षक डायरी में नियमित अंकन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में प्रिंट रिच सामग्री कक्षा कक्ष में प्रदर्शित हो तथा गणित एवं विज्ञान किट का समुचित उपयोग किया जाए, जिससे बच्चों में सीखने के प्रति रुचि बढ़े। प्रत्येक विद्यालय में निर्धारित तिथि पर पीटीएम एवं एसएमसी बैठक का आयोजन कर अभिभावकों को बच्चों की शैक्षिक प्रगति से अवगत कराया जाए। बीएसए ने छात्र उपस्थिति पंजिका एवं एमडीएम पंजिका के डिजिटलीकरण को शीघ्र पूर्ण करने, पिंक एवं ब्लू आयरन गोलियों के वितरण का अभिलेख संधारण सुनिश्चित करने, तथा बच्चों को समय ज्ञान के लिए घड़ी का प्रयोग कराने के निर्देश दिए।

### मंडल में जीते प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** मंडलीय बाल उत्सव में सहायक शिक्षा निदेशक बरेली मंडल बरेली एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली द्वारा मंडल में जीते सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए। जिसमें 10 प्रतिभागियों में चार बरेली से, चार शाहजहांपुर से, एक पीलीभीत व एक बदायूं से विजयी रहा। शाहजहांपुर टीम द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वय बालिका शिक्षा के निर्देशन में प्रतिभाग किया गया।शाहजहांपुर टीम द्वारा शानदार मिशन शक्ति प्रस्तुति पर सहायक शिक्षा निदेशक द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। सांस्कृतिक प्रोग्राम में कोमल देवी, सुहानी, अनन्या, मेरे बदलाव की कहानी में आकांक्षा पांडे, अनुष्का शुक्ला, अंशिका के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। शाहजहांपुर की टीम में जिला गाइड कैप्टन मीना मंच की नोडल शिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## छात्र छात्राओं ने शिक्षकों और शिक्षिकाओं के साथ रंग गुलाल के साथ मनाई होली



**समृद्धि न्यूज, कलान, शाहजहांपुर।** कस्बे के स्कूल कॉलेजों में छात्रों एवं शिक्षकों ने रंग गुलालों से एक दूसरे को सराबोर कर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने छात्रों से शांतिपूर्ण धन से होली मनाने का आग्रह किया। कस्बे के श्रीमती मिथलेश कुमारी इंटर कालेज एवं एमजी कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में छात्रों ने होली के त्यौहार पर एक दूसरे को रंग गुलाल से सराबोर कर परम्परागत होली गीतों पर धमाल मचाया। छात्रों के साथ शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने भी छात्रों का साथ दिया। कालेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार गुप्ता ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र हमारे देश का भविष्य है। छात्रों का सबसे बड़ा गुण अनुशासन है। छात्र छात्राएं कालेज से लेकर अपने परिवार और समाज में अनुशासित रहकर शिक्षा की ज्योति से घर,परिवार,समाज और देश को रोशन करें। यही शिक्षा का मूल उद्देश्य भी है। छात्रों के साथ होली के त्यौहार में शिक्षक अनूप जौहरी, आलोक द्विवेदी, भूपेन्द्र कश्यप, ओमेन्द्र सक्सेन, वेदव्रत राजपूत, संकेत सक्सेना, मंजेश यादव, शिक्षिका नेहा सक्सेना, छाया गुप्ता, अमीषादास, लक्ष्मी गुप्ता, पूनम हिमांशी ने भी छात्राओं शिल्पी गुप्ता, नेहा गुप्ता, प्राची गुप्ता, अनुपम गुप्ता, शिवांगी, तमन्ना प्रजापति, सिया गुप्ता आदि ने होली के जश्न में साथ निभाया।

## सरकार योजनाओं के माध्यम से गरीबों के कल्याण व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरन्तर प्रयायरत : राज्यसभा सांसद



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1,500 करोड़ रूपए की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्जवला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम में लोक भवन सभागार, लखनऊ में आयोजित किया गया। इसी क्रम में जनपद में अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग कार्य भारत सरकार जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि विनीत कुमार मिश्रा एवं लाभार्थियों की उपस्थिति में गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा, सम्मान, स्वालम्बन एवं समृद्धि के प्रति निरन्तर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री की उज्ज्वला योजना गरीबों के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए आज प्रदेश में 1.86 करोड़ लाभार्थियों के खाते में सीधे गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी धनराशि भेजी है। उन्होंने बताया कि देश में 10 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लाभार्थी ले रहे हैं। आयुष्मान गोल्डन कार्ड से गरीब लोगों को 5 लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार मिल रहा है। महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सस्ते एवं निरूशुल्क टीकाकरण की व्यवस्था की जा रही है।

## त्योहार हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं : डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित**



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मोहल्ला किला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में आगामी होली पर्व एवं जुलूसों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुलूस आयोजकगण, सभासद, संभ्रांत नागरिकों एवं स्थानीय निवासियों ने सहभागिता कर अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक पर्व है, जिसे सभी को मिल-जुलकर हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों एवं समुदायों में शांति, सद्भाव और आपसी सम्मान का संदेश दें, जिससे जनपद की परंपरागत सौहार्दपूर्ण छवि बनी रहे। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दिया जाए और न ही ऐसी सूचनाओं को आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से सोशल मीडिया के संबंध में सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, भड़काऊ अथवा सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली पोस्ट न करें और न ही ऐसे संदेशों को साझा करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति की जानकारी प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या प्रशासन को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि पर्व के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

## मिलावटखोरों के खिलाफ प्रशासन का खूब चला हंटर, नष्ट कराई गयी सामग्री



**शाहजहांपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त व डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के आदेश, एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा के निर्देशन में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय एवं अभिहित अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्र के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागीश मणि त्रिपाठी की टीम द्वारा होली के दृष्टिगत जनपद में 20 फरवरी से 28 फरवरी तक खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ सघन चैकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। जैन मार्केट केरूगंज में कार्यवाही करते हुए 4 कुन्तल खराब कचरी व पापड को नष्ट कराया गया। तहसील पुवायां स्थित तिकुनिया चौराहा के पास से गाजी डेरी से मिश्रित दूध का एक नमूना, अमित किराना स्टोर से बेसन का एक नमूना एवं शिवम किराना स्टोर से रंगीन कचरी का एक नमूना 3 नमूनों को नियमानुसार संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजा गया एवं लगभग 2 कुन्तल रंगीन कचरी को सीज किया गया। राज्य स्तरीय सचल दल द्वारा जमौर स्थित केसी एडिबल ऑयल से क्रूड राइस ब्रान ऑयल का 1 नमूना, एवं गाढी गाडीपुरा स्थित गर्ग एडिबल ऑयल से मल्टीसोर्स एडिबल ऑयल का एक नमूना, रिफाइन्ड सनफ्लावर ऑयल का एक नमूना, रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल का 1 नमूना, शाही किसान मल्टी सोर्स एडिबल आयॅल का एक नमूना एवं सॉवरिया कच्ची घानी सरसों का तेल का एक नमूना नियमानुसार संग्रहित कर उक्त खाद्य तेलों की लगभग 894 लीटर मात्रा जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 141260 रुपये को सीज किया गया। फर्रुखाबाद रोड कलान स्थित खाद्य प्रतिष्ठान राघव एजेन्सीज से एक नमूना राईस ब्रान ऑयल राज कोल्हू ब्राण्ड एवं एक नमूना कच्ची घानी सरसों का तेल डबल बादशाह ब्राण्ड कुल 2 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। एक्सपायरी श्री ब्राण्ड नमकीन लगभग 110 किग्रा जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 20000 रुपये एवं 25 पेटी नूडल्स जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 5000 रुपये नष्ट कराया गया। बिरियागंज तिलहर स्थित सोहन लाल किराना मर्चेन्ट से एक नमूना रिफाइन्ड राइस ब्रान ऑयल और एक नमूना बेसन का संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजा गया। मीरानपुर रोड कटरा जलालाबाद स्थित गिरिराज ट्रेडर्स से एक हल्दी पाउडर का नमूना और एक बूंदी का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजा गया एवं बूंदी लगभग 1 कुन्तल जिसका अनुमानित मूल्य 12000 रूपये का सीज किया गया।

## खबरें एक नजर में

# पीलीभीत डीएम ने एक से पांच मार्च तक अवकाश घोषित किया

**पीलीभीत।** होली के पावन पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने जनपद में सरकारी कार्यालयों के लिए विशेष अवकाश घोषित कर दिया है। एक से पांच मार्च तक सभी सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार, 1 मार्च से 5 मार्च तक का यह अवकाश सरकारी कर्मचारियों को होली की छुट्टियां बढ़ाकर प्रदान किया गया है। इस दौरान आवश्यक सेवाओं (जैसे स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशमन आदि) को छोड़कर अन्य सभी सरकारी कार्यालय पूरी तरह बंद रहेंगे।यह निर्णय कर्मचारियों को होली के त्योहार को परिवार के साथ हर्षोल्लास से मनाने का अवसर देने के उद्देश्य से लिया गया है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान कर्मचारियों का मनोरंजन और पारिवारिक समय महत्वपूर्ण है, इसलिए यह अतिरिक्त छुट्टी दी गई है।आदेश जारी होते ही जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को सूचित कर दिया है। कर्मचारी और आमजन इस फैसले से खुश नजर आ रहे हैं। होली के रंगों के साथ अब छुट्टियों का लंबा सिलसिला पीलीभीतवासियों को मिलेगा।

# पंडित राजेन्द्र प्रसाद मेडिकेयर हॉस्पिटल की ओर से क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज़ संवाददाता जीशान अली/पूरनपुर।** शनिवार को पंडित राजेंद्र प्रसाद मेडिकेयर हॉस्पिटल कंजरी के मैदान में एक उत्साहपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन अस्पताल के अध्यक्ष श्री अमित मिश्रा ने किया। इस रोचक मुकाबले में दोनों टीमों ने जमकर जोश दिखाया और दर्शकों को भरपूर मनोरंजन प्रदान किया।मैच के समापन पर विजेता टीम को अमित मिश्रा ने नकद पुरस्कार और आकर्षक ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय पत्रकारों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने घटना को कवर किया। इस दौरान होली के पावन पर्व को भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खिलाड़ी, स्टाफ और अतिथिगणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। पूरा माहौल रंगों, हंसी-मजाक और खेल के उत्साह से भरा रहा। यह आयोजन अस्पताल परिवार की एकजुटता और सामाजिक सद्भावना को दर्शाता है। श्री अमित मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ समुदाय में खेल-कूद और उत्सवों को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम की सफलता में अस्पताल के स्टाफ और सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# लोको पायलट को दी गई भावभीनी विदाई

### 36 वर्ष के कार्यकाल को सभी ने सराहा




**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।** मुरादाबाद डिविजन के रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट रामबाबू लोको पायलट प्रेमशंकर शुक्ला आज 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर सेवानिवृत्ति किया गया। प्रेम शंकर शुक्ला तो आज आए नहीं तो 28 तारीख तक छुट्टी लेकर जौनपुर चले गए। लोको पायलट रामबाबू आज सर्विस के अंतिम दिन एक 3152 जम्मू तवी कोलकाता एक्सप्रेस रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर लेकर आए और रोजा जंक्शन से देशराज लखनऊ के लिए एक 31 52 जम्मूतवी कोलकाता एक्सप्रेस लेकर रवाना हुए। इस अवसर पर रामबाबू के परिजन और ईस्ट मित्रों ने फूलमाला पहनकर प्रत्येक चिन्ह देकर स्वागत किया। ढोल नगाड़ा बजाकर भांगड़ा किया। उसके बाद लोको पायलट रामबाबू ने अपने कार्यालय में जाकर साइन ऑफ किया। साइन आप करते समय नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के शाखा अध्यक्ष अमित भागवत मिश्रा ने अपने दो शब्दों में कहा रामबाबू इलाहाबाद में 1991 में सहायक लोको पायलट पर भर्ती हुए थे। वहां से प्रमोशन होकर रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आए। यहां 36 साल सर्विस करने के बाद आज सेवा निवृत किए गए। 36 साल की सेवा में लोको पायलट रामबाबू ने कभी भी ट्रेन चलाने से नहीं मना किया। चाहे चंदौसी ट्रेन ले जाना हो चाहे मुरादाबाद ट्रेन ले जाना हो चाहे कानपुर ट्रेन ले जाना हो हर जगह ट्रेन ले जाने के लिए जाड़ा गर्मी बरसात में हमेशा तत्पर रहे और ट्रेन को कर्तव्य स्थान तक पहुंचा। कई बार ऐसा हुआ रोजा में गुरु चेंज होना था। जानकारी मिली कि चालक उपस्थित नहीं है तो रैंबो बाबू से कहा गया आप सीधे मुरादाबाद तक जाइए तो रामबाबू ने सीधे मुरादाबाद तक ट्रेन पहुंचाई कई बार सम्मानित किए गए आज इस अवसर पर लोको पायलट रामकुमार वर्मा ने फूल माला पहनकर स्वागत किया इस अवसर पर उनके शाखा सचिव अमित भागवत मिश्रा चंदन कुमार छेदीलाल शिवम सक्सेना प्रसाद हुसैन राजकुमार मनोहर लाल मनीष कुमार मोहम्मद शमी रमेश कुमार रमेश कुमार टिल्लू लोको स्टेटस अनिल कुमार सिंह आरडी वर्मा एक कई लोको पायलट काई सहायक लोको पायलट कई लोगों को इंस्पेक्टर स्टेशन अधीक्षक सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 40 मिनट खड़ी रही ट्रेन

**शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन शाहजहांपुर के बीच 2 घंटे का पैनल ब्लॉक था। जिस कारण रोजा जंक्शन प्लेटफार्म नंबर एक पर गोरखपुर शाहजहांपुर पैसेंजर लगभग 40 मिनट तक खड़ी रहे। यात्रियों ने ट्रेन मैनेजर और लोको पायलट से ट्रेन ना चलने के बारे में जानकारी की तो ट्रेन मैनेजर और लोको पायलट ने बताया जब सिंगला डॉ होगा तभी ट्रेन चलाई जाएगी। अधिक जानकारी करने के लिए स्टेशनरी चेक कार्यालय जैन यात्री स्टेशनरी चेक कार्यालय गए। जहां बताया गया कि आगे ब्लॉक चल रहा है। ब्लॉक खत्म हो जाएगा उसके बाद ट्रेन चलाई जाएगी। ब्लॉक खत्म होने के बाद 3:25 पर गोरखपुर शाहजहांपुर पैसेंजर ट्रेन को रवाना किया गया।

# सरे बाजार फायरिंग व ईंट पत्थर से हमला करने की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** कपड़ा खरीदने के लिए साथियों के साथ बाजार में आए युवक पर दूसरे पक्ष के द्वारा हमला, गाली-गलौच और फायरिंग किए जाने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र की मंसूरपुर गोटियां निवासी करन भूटिया ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह शुक्रवार रात करीब नौ बजे अपने साथी मोहल्ला केलारगंज निवासी रेनू गुप्ता पुत्र पंकज गुप्ता तथा मोहल्ला कुंवरगंज निवासी माधव सिंह पुत्र मनोज सिंह के साथ शुक्रवार रात करीब नौ बजे कपड़े की खरीदारी करने कुमार फैमिली शोरूम के बाहर खड़ा था। आरोप है इसी दौरान सिंह कॉलोनी निवासी अभिराज ठाकुर व मोहल्ला इमली निवासी संजय वाल्मीकि साथियों के साथ आए और गाली गलौज करते हुए ईट पत्थर मारने लगे। आरोप है कि हमलावर तमंचे से फायरिंग करते हुए फरार हो गए। पीड़ित करन भूटिया की ओर से पुलिस ने अभिराज ठाकुर , संजय बाल्मीकि सहित अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

# सामान्य सा शोध विचार ही बड़ी क्रांति लाता है : डॉ. विवेक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** एक साधारण सा शोधपरक विचार बहुत बड़ी क्रांति ला सकता है। विज्ञान के विद्यार्थी के भीतर यह ललक होनी चाहिए कि वह आधारभूत शोध के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र का कल्याण करने का प्रयास करे। उक्त विचार हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ विवेक शर्मा ने व्यक्त किए, जब वे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को उद्बोधन दे रहे थे। विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'स्वदेशी विज्ञान : संभावनाएं एवं भविष्य का दृष्टिकोण' था। उन्होंने अपने उद्बोधन में विज्ञान को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ते हुए भारत के सभी महान वैज्ञानिकों एवं उनके द्वारा विज्ञान के प्रति किए गए योगदान से विद्यार्थियों को परिचित कराया। इस क्रम में उन्होंने



सर सी.वी. रमन, डॉ होमी जहांगीर भाभा, प्रफुल्ल चंद्र राय, जगदीश चंद्र बोस, श्रीनिवास रामानुजन, हरगोविंद खुराना, सुब्रमण्यम चंद्रशेखर, मेघनाथ साहा, बीरबल साहनी, सत्येंद्र नाथ बोस आदि महान वैज्ञानिकों के विज्ञान के प्रति योगदान को बड़े ही प्रभावशाली अंदाज में विद्यार्थियों से साझा किया। उन्होंने बताया कि आजादी के तत्काल बाद भारत के समक्ष बहुत सारी चुनौतियां थीं, जैसे- कुशल मानव संसाधन की कमी, न्यूनतम अनुभव, औद्योगिक अवसंरचना की कमी एवं गंभीर आर्थिक समस्या। किंतु इसके बावजूद भी भारतीय वैज्ञानिकों ने अथक प्रयास एवं परिश्रम से भारत को वैश्विक पटल पर सफलतापूर्वक स्थापित किया। वर्तमान के संदर्भ में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज बहुत सारी ऐसी चुनौतियां हैं जिनका समाधान खोजने की आवश्यकता है, जैसे- वायु प्रदूषण, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, वेस्ट मैनेजमेंट, ऊर्जा संकट इत्यादि। उन्होंने धारणीय नीतियों, स्वच्छ तकनीकी एवं प्रदूषण नियंत्रक तंत्र के विकास पर जोर देते हुए कहा कि हमें आज नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की सहायता से अपनी ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है। आज प्लास्टिक, बायोमेडिकल वेस्ट एवं ई-कचरे की समस्या एक गंभीर चुनौती है, किंतु सच्चाई यह है कि यह सब कुछ हमारी ही गतिविधियों का दुष्परिणाम है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो प्रभात शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रयोगों पर आधिकाधिक ध्यान देते हुए सिद्धांतों को समझने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिद्धांत तभी विकसित होते हैं जब प्रयोग सफलतापूर्वक निष्पादित किए जाते हैं। विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के विश्वविद्यालय में उच्चीकृत होने के उपरांत हम सभी की जिम्मेदारियां इस संदर्भ में बढ़ जाती हैं।

## परिषदीय विद्यालयों में होली की धूम, बच्चों ने गुरुजनों को लगाया अबीर-गुलाल



**समृद्धि न्यूज**

शाहजहांपुर। परिषदीय विद्यालयों में होली अवकाश से पूर्व शनिवार को बच्चों में उत्साह देखते ही बना। कल रविवार अवकाश होने तथा सोमवार से 5 मार्च तक होली अवकाश घोषित होने के कारण आज विद्यालयों में अंतिम शिक्षण दिवस पर बच्चों ने अपने गुरुजनों के साथ जमकर होली का उत्सव मनाया। अब विद्यालय 6 मार्च को पुनः खुलेंगे।

सुबह से ही छात्र-छात्राएं उत्सव के मूड में नजर आए, हालांकि शिक्षकों ने अनुशासन बनाए रखते हुए स्पष्ट किया कि रंग खेलने की अनुमति केवल अवकाश समय के बाद ही दी जाएगी। विद्यालय समय समाप्त होते ही बच्चों ने अबीर-गुलाल की बौछार शुरू कर दी। बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाने के साथ अपने गुरुजनों को भी गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। कुछ ही देर में विद्यालय परिसर रंग-बिरंगा हो उठा और हर ओर हंसी-खुशी का माहौल बन गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित व आनंदमय पर्व मनाने का संदेश दिया। शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।

## विक्रांत अध्यक्ष, जितेंद्र को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** श्री काकुत्स्थ जन कल्याण समिति की एक बैठक लकड़ी मंडी स्थित भारती प्रिंटर्स पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुंवर सिंह राठौर व संचालन सचिव आनंद प्रकाश ने की। समिति के विक्रांत बखिया ने कहा कि समाज के उत्थान के समिति का रिन्यूवल करा लिया गया है और एकजुट होकर कार्य किया जाएगा। जल्द ही जनगणना कार्यक्रम समिति द्वारा शुरू किए जाने पर विचार किया जाएगा।

# लाट साहब के जुलूस को लेकर बड़ागांव में लगाएं जाएंगे कैमरे : एसपी ग्रामीण

**कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर त्यौहार को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की गई अपील**

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** आगामी होली के त्यौहार को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी का आयोजन किया गया जिसमें एसपी ग्रामीण ने सभी से होली का त्यौहार



शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि गांव बड़ागांव में निकलने बाले छोटे लाट साहब के जुलूस में करीब 10 कैमरों से निगरानी होगी। शनिवार को पुवायां कोतवाली में पीस कमेटी का आयोजन किया गया जिसमें एसपी ग्रामीण दीक्षा भवरे, सीओ प्रवीण मालिक व कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह पीस कमेटी में आए हुए लोगों से अपील की की आगामी त्यौहार होली पर सभी लोग शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ सम्पन्न कराए।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रॉक कीर्तन का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** फाल्गुन शुक्ल आमलकी एकादशी के अवसर पर सिटी पार्क स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में नारायण सेवा समिति की ओर से रॉक कीर्तन का आयोजन किया गया।भजन कीर्तन में श्री गोविंद कृष्ण दास जी जीकेडी रॉक बैंड द्वारा श्याम प्रभु का गुणगान किया गया।

## सूचना

मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम TEJASH MISHRA दर्ज हो गया है, जोकि गलत है, मेरे पुत्र का सही नाम TEJAS MISHRA है। इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**जितेश कुमार मिश्रा**
**पुत्र माया प्रकाश मिश्रा**
**निवासी ग्राम अहमदपुर नियाजपुर**
**पो. रोजा हांडा कालोनी**
**थाना रोजा, तह. सदर शाहजहांपुर।**

# बचपन स्कूल में मनाया रंगोत्सव कार्यक्रम



**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।** बचपन इंटरनेशनल अकैडमी बाजपुर सिधौली में बच्चों ने होली के अवसर पर खूब हर्षोल्लास से एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगोत्सव कार्यक्रम मनाया। एक दूसरे को होली के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में विद्यालय संस्थापक विमल शुक्ला ने बच्चों को होली के पर्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि होली एक प्रेम और सौहार्द का त्यौहार है इसलिए हम सभी आपसी मतभेद भुला कर प्रेमपूर्वक इस त्यौहार को मनाते हैं। विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका अतिथि दीक्षित जी बच्चों को बताया कि सभी बच्चे केवल गुलाल का उपयोग करेंगे कोई भी बच्चा केमिकल वाले रंग नहीं लगाएगा क्योंकि केमिकल वाले रंग हमारी त्वचा को बहुत ही नुकसान पहुंचाता है।

# गांव की नालियां चोक गलियों में कूड़े का अंबार

**बंडा- शाहजहांपुर।**

होली के त्योहार पर भी गांव में नालियों की सफाई व गांव में गंदगी के ढेर न हटाये जाने को लेकर ग्रामीणों ने आईजीआरएस के माध्यम से समस्या का समाधान किये जाने की मांग की है। बंडा ब्लॉक के गांव रायटांडा में नालियां बज बजा रहीं हैं, गलियों में कूड़े का ढेर लगा हुआ है। लेकिन गांव में तैनात सफाई कर्मी नदारद है। जिसे लेकर गांव निवासी राजू ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि गांव में सफाई कर्मी की तैनाती है। लेकिन कई बार कहने के बाद भी सफाई कार्य के लिए नहीं आ रही हैं।

उनकी हठधर्मिता के चलते नालियां चोक हो चुकी है। गांव की गलियों में गंदगी व्याप्त है। गलियों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। ग्रामीण राजू ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर गांव की नालियों को साफ कराने व कूड़े के ढेर को हटवाये जाने की मांग की है। जब इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी शिव शुक्ला से बात करनी चाहिए तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बच्चों को पुरस्कृत किया

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** विकसित भारत को उत्प्रेरित करना विषय पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में किया गया, जहां बच्चों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का महत्व बताकर विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया और विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अंशिका मौर्य प्रथम, रोली द्वितीय और मीना तृतीय स्थान पर रही. वहीं रीना, कोमल, शांति, सोहनी, सोनी मौर्य को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए. पुरस्कार वितरण के पश्चात विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रुफिया खान ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, भौतिक विज्ञानी सी.वी. रमन द्वारा 1928 में रमन प्रभाव की खोज का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है , जिसके लिए उन्हें 1930 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार मिला था। इस वर्ष के विषय मे एक विकसित भारत के निर्माण में महिला वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों के योगदान पर जोर दिया है और अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विज्ञान, गणित और गणित क्षेत्रों में उनके प्रयासों को महत्व दिया गया है । यह विषय विज्ञान में महिलाओं और बालिकाओं के अंतर्राष्ट्रीय दिवस जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के अनुरूप है, जो लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है और वैज्ञानिक अनुसंधान में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाता है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**02877/02878 राँची जं. - आनन्द विहार (ट.) - राँची जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी — 03 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 02877 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02878 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 16:25 | राँची जं. | 19:10 | -- |
| 18:00 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 19:30 |

चलने के दिन: **02877 राँची जं.** से (शनिवार) दिनांक 07.03.2026 को एवं **02878 आनन्द विहार (ट.)** से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 01.03.2026 एवं 08.03.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मेसरा, बरकाकाना, खलारी, टोरी जं., लातेहार, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड जंक्शन, नगर उंटारी, रेनुकूट, चोपन, सोनभद्र, चुनार, मिर्जापुर, सुबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला जंक्शन एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**04654/04653 अमृतसर जं. - न्यू जलपाईगुड़ी - अमृतसर जं. सुपरफास्ट स्पेशल रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04654 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04653 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:35 | अमृतसर जं. | 16:20 | -- |
| 17:45 | -- | न्यू जलपाईगुड़ी | -- | 06:45 |

चलने के दिन: **04654 अमृतसर जं.** से (प्रत्येक बुधवार) दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 तक एवं **04653 न्यू जलपाईगुड़ी जं.** से (प्रत्येक शुक्रवार) दिनांक 06.03.2026 से 27.03.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सहारनपुर जंक्शन, मुरादाबाद, सीतापुर जंक्शन, गोरखपुर जंक्शन, छपरा, मुज़फ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, कटिहार जंक्शन एवं किशनगंज स्टेशन।

**04823/04824 जोधपुर जं. - मऊ जं. - जोधपुर जं. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04823 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04824 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 17:00 | जोधपुर जं. | 08:40 | -- |
| 13:25 | 13:35 | लखनऊ जं. | 11:35 | 11:45 |
| 23:20 | -- | मऊ जं. | -- | 04:00 |

चलने के दिन: **04823 जोधपुर जं.** से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक एवं **04824 मऊ जं.** से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 03.03.2026 से 31.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: पीपाड़ रोड जं., गोतन, मेड़ता रोड जं., रेन, डिगाना जं., मकराना जं., कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर जं., बांदीकुई जं., मंडावर एम. रोड, खेड़ली, नदबई, भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज जं., फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आजमगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।

**05101/05102 गोरखपुर जं. - नई दिल्ली - गोरखपुर जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05101 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05102 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:00 | गोरखपुर जं. | 23:45 | -- |
| 07:30 | -- | नई दिल्ली | -- | 09:45 |

चलने के दिन: **05101 गोरखपुर जं.** से (प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार, शनिवार) दिनांक 05.03.2026 से 14.03.2026 तक एवं **05102 नई दिल्ली जं.** से (प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार, रविवार) दिनांक 06.03.2026 से 15.03.2026 तक।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जंक्शन, बुढ़वल जंक्शन, सीतापुर जंक्शन, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**04684/04683 अमृतसर जं. - अयोध्या धाम जं. - अमृतसर जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04684 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04683 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:30 | अमृतसर जं. | 16:30 | -- |
| 10:35 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 17:30 |

चलने के दिन: **04684 अमृतसर जं.** से (गुरूवार) दिनांक 05.03.2026 को एवं **04683 अयोध्या धाम जं.** से (शनिवार) दिनांक 07.03.2026 को।
स्थान: शयनयान।
ठहराव: जलंधर सिटी जं., लुधियाना जंक्शन, धूरी जंक्शन, पटियाला, अंबाला छावनी जंक्शन, सहारनपुर जंक्शन, मुरादाबाद जंक्शन एवं लखनऊ स्टेशन।

**09019/09020 बांद्रा टर्मिनस - गोरखपुर जं. - बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09019 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09020 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:35 | बांद्रा टर्मिनस | 09:45 | -- |
| 14:48 | 14:53 | लखनऊ जं. | 05:10 | 05:15 |
| 20:40 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 23:35 |

चलने के दिन: **09019 बांद्रा टर्मिनस** से (रविवार) दिनांक 01.03.2026 को एवं **09020 गोरखपुर जं.** से (सोमवार) दिनांक 02.03.2026 को।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: बोरीवली, पालघर, दहानू रोड, वापी, वलसाड, नवसारी, उधना जंक्शन, सूरत, सायन, भरूच जंक्शन, वडोदरा जंक्शन, गोधरा जंक्शन, दाहोद, रतलाम जंक्शन, नागदा जंक्शन, उज्जैन जंक्शन, मकसी जंक्शन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**09713/09714 फुलेरा जं. - दिल्ली सराय रोहिल्ला - फुलेरा जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09713 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09714 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:40 | फुलेरा जं. | 02:30 | -- |
| 18:05 | -- | दिल्ली सराय रोहिल्ला | -- | 19:10 |

चलने के दिन: **09713 फुलेरा जं.** एवं **09714 दिल्ली सराय रोहिल्ला** से (सोमवार एवं बुधवार) दिनांक 02.03.2026 से 04.03.2026 तक।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: रेनवाल, रिंगस जंक्शन, श्री माधोपुर, कानवत, नीम का थाना, मावंडा, डाबला, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी जंक्शन, पटौदी रोड, गुरुग्राम एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।

**05089/05090 छपरा जं. - आनन्द विहार (ट.) - छपरा जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05089 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05090 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:00 | छपरा जं. | 15:30 | -- |
| 18:10 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 19:40 |

चलने के दिन: **05089 छपरा जं.** से (प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार) दिनांक 05.03.2026 से 14.03.2026 तक एवं **05090 आनन्द विहार (ट.)** से (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार) दिनांक 06.03.2026 से 15.03.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मशरख जंक्शन, दिघवा दुबौली, थावे, पडरौना, रुड़की, कप्तानगंज, गोरखपुर जंक्शन, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली जंक्शन, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जंक्शन।

**05071/05072 छपरा जं. - आनन्द विहार (ट.) - छपरा जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05071 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05072 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:00 | छपरा जं. | 08:15 | -- |
| 10:20 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 11:30 |

चलने के दिन: **05071 छपरा जं.** से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 02.03.2026 से 16.03.2026 तक एवं **05072 आनन्द विहार (ट.)** से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 03.03.2026 से 17.03.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मशरख जंक्शन, दिघवा दुबौली, थावे, पडरौना, रुड़की, कप्तानगंज, गोरखपुर जंक्शन, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली जंक्शन, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जंक्शन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आफत से राहत

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट ने शराब नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आरोप मुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि यह फैसला सीबीआई की तरफ से दायर मामले में आया है। अदालत ने सीबीआई की जांच में खामियों को उजागर करते हुए कहा कि आरोप गवाह या ठोस सबूतों पर आधारित नहीं हैं। अदालत का तर्क था कि चार्जशीट में उल्लेखित दावे तार्किक आधार नहीं रखते। उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए दिल्ली सरकार ने एक नई आबकारी नीति साल 2021 में लागू की थी। जिसके अंतर्गत शराब कारोबार निजी क्षेत्र को देने का निर्णय लिया गया था। तत्कालीन सरकार ने दलील दी थी कि नई नीति राज्य के राजस्व में आशातीत वृद्धि करेगी। बहरहाल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनके डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया फिलहाल नैतिक रूप से खुद को बेहतर स्थिति में होने का दावा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई द्वारा दर्ज दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केजरीवाल तथा 21 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। निश्चय ही संकट से जूझ रही आम आदमी पार्टी के लिये यह फैसला प्राणवायु जैसा साबित हो सकता है। दरअसल, कोर्ट ने इस बाबत सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जांच एजेंसी का मामला न्यायिक जांच की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। कोर्ट का कहना था कि अटकलों व अनुमानों को कानूनी रूप से मान्य सबूतों के रूप में पेश नहीं किया जा सकता। बहरहाल, इस फैसले के खिलाफ सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर कर दी है। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट का यह फैसला केजरीवाल व उनकी टीम के लिये आधी लड़ाई जीतने जैसा है। जिससे वे खुद को आम आदमी पार्टी के कोर वोटरों को अपने पाक–साफहोने का विश्वास दिलाने का प्रयास कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस प्रकरण को अपना मुख्य मुद्दा बनाकर आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर तीखे हमले बोले थे। पार्टी ने दिल्ली के मतदाताओं को यह समझाने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी कि केजरीवाल सरकार का भ्रष्टाचार विरोधी अभियान सिर्फ एक राजनीतिक प्रपंच है। बहरहाल, इन आरोपों के बीच स्वच्छ शासन का वादा करते हुए भाजपा ने 26 वर्ष के लंबे अंतराल पर दिल्ली की सत्ता में वापसी की थी, जबकि आप दूसरे स्थान पर रही थी। दिल्ली विधानसभा में मिली शिकस्त के बाद ही आप के शीर्ष नेतृत्व ने अपना पूरा ध्यान पंजाब पर लगाया था। आज पंजाब ही ऐसा राज्य है जहां आम आदमी पार्टी की सरकार बची है। भले ही ट्रायल कोर्ट के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है,लेकिन एक बात तो तय है कि निचली अदालत के आदेश के बाद आप को दिल्ली में खोये जनाधार को फिर से हासिल करने का मौका मिल सकेगा। वह अपनी पार्टी के मुख्य भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को फिर से चलाने के लिये नैतिक बल तो हासिल कर पायी है। दरअसल, इस फैसले से जांच में अत्यधिक दखलंदाजी को लेकर कई असहज करने वाले सवाल भी उठे हैं। खासकर अदालत की वह टिप्पणी, जिसमें कहा गया कि जांच एक पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है। यानी जांच में उचित प्रक्रिया का उल्लंघन किया गया है। दूसरी ओर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कहा है कि आबकारी नीति मामले में जुड़ी उसकी मनी लॉन्ड्रिंग की स्वतंत्र जांच मजबूत आधार रखती है। कानून के पंडित कयास लगा रहे हैं कि यदि सीबीआई मामले में निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय द्वारा भी बरकरार रखा जाता है तो ईडी द्वारा अभियोजन की कानूनी वैधता पर नये सिरे से सवाल उठ सकते हैं। बहरहाल, निचली अदालत के फैसले ने केजरीवाल, सिसोदिया तथा आम आदमी पार्टी में नई ऊर्जा का संचार तो कर ही दिया है। निश्चित रूप से दिल्ली में सरकार बनाने वाली भाजपा के लिये यह स्थिति असहज करने वाली है।

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से विश्वगुरु बनेगा भारत

*कृष्ण मुरारी त्रिपाठी अटल*

कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली तब बनता है जब वह अपने 'स्व' के अधिष्ठान से संचालित होता है। राष्ट्र का जन-जन और उसकी समूची व्यवस्थाएं जब 'स्व' के आधार पर सुचारू रूप से चलती हैं, और हर व्यक्ति के मन में राष्ट्र के वैभव का संकल्प होता है, तब उसकी निष्पत्ति आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में होती है। यह आत्मनिर्भरता किसी भी राष्ट्र की वह शक्ति है जो उसकी उन्नति का कारक तो होती ही है, साथ ही संपूर्ण विश्व में उसकी यश कीर्ति का व्यापक और दूरगामी प्रभाव छोड़ती है।

इक्कीसवीं सदी भारत की सदी है और भारत युगों की गौरवशाली चेतना के साथ नए स्वरूप में पुनः खड़ा हुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, तकनीकी, विज्ञान, रक्षा, अधोसंरचना, नवाचार, कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, डिजिटल संप्रभुता, साइबर सुरक्षा, कृषि आदि समस्त क्षेत्रों में नई गति और प्रगति देखने को मिल रही है।

यह इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि राष्ट्र में स्वदेशी और नवाचारों को व्यापक प्रसार मिल रहा है। केंद्रीय और राज्यों के बजट में भारत को सशक्त करने की दिशा में राशि का आवंटन हो रहा है। नई संभावनाओं के क्षेत्र तलाशे जा रहे हैं। रक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सेनाओं को आधुनिक तकनीकों और आयुध सामग्रियों से सुसज्जित किया जा रहा है। इसरो और डीआरडीओ जैसे संस्थान निरंतर नई खोज, नए मिशन और रक्षा सामग्री उत्पादन के क्षेत्र में अग्रगण्य भूमिका निभा रहे हैं।

भारत अब आवश्यक रक्षा सामग्री के आयात के साथ साथ निर्यात के क्षेत्र में भी आगे बढ़ चुका है। वित्त वर्ष 2024 25 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। आज भारत के हथियारों और तकनीक की विश्व स्तर पर स्वीकार्यता बढ़ी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय उच्च तकनीकी और हथियारों का विश्व ने लोहा माना। मिशन सुदर्शन चक्र जैसी नीतियां रक्षा क्षेत्र में भारत को और सशक्त बना रही हैं।

नवीकरणीय और वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान और स्टार्टअप इंडिया सहित उद्यमों तथा एमएसएमई क्षेत्र की प्रगति ने भारत को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2016 में स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के समय लगभग 500 स्टार्टअप थे, जबकि आज मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है, जिनमें 125 से अधिक यूनिकॉर्न के रूप में स्थापित हो चुके हैं।

अंतरिक्ष क्षेत्र में गगनयान और चंद्रयान जैसे मिशन, उपग्रह प्रौद्योगिकी, नए सैटेलाइट प्रक्षेपण, खेलों में भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय भागीदारी, वैश्विक व्यापार और बाजार में बढ़ती साख, साइबर सुरक्षा, डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई और भारतीय मुद्रा रुपये में अंतरराष्ट्रीय लेनदेन की पहलें, ये सब भारत के उभरते वैश्विक स्वरूप के प्रमाण हैं। प्रवासी भारतीयों का बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नेतृत्व भी विकसित भारत की दिशा में अनुकूल वातावरण निर्मित कर रहा है। इन सबके केंद्र में है भारत का भारत होना, अर्थात 'स्व' के बोध के साथ नीतियों का क्रियान्वयन और जनसमूह की सक्रिय भागीदारी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भरता पर स्पष्ट कहा है कि दूसरों पर निर्भरता किसी राष्ट्र की स्वतंत्रता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। निर्भरता जब आदत बन जाती है तो वह खतरनाक हो जाती है। आत्मनिर्भरता केवल आयात निर्यात या मुद्रा का प्रश्न नहीं है, बल्कि अपनी क्षमताओं और अपने पैरों पर खड़े होने की शक्ति का विषय है।

स्वदेशी के संदर्भ में उन्होंने आह्वान किया कि जिस प्रकार स्वदेशी के मंत्र ने स्वतंत्रता संग्राम को शक्ति दी, उसी प्रकार यह राष्ट्र की समृद्धि की यात्रा को भी ऊर्जा देगा। हमें वही वस्तुएं खरीदनी चाहिए जो मेड इन इंडिया हों, जिनमें हमारे युवाओं का श्रम और परिश्रम जुड़ा हो। हर घर स्वदेशी का प्रतीक बने और हर दुकान स्वदेशी वस्तुओं से सजी हो। स्पष्ट है कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी केवल नारे नहीं, बल्कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। कोई भी बड़ा परिवर्तन केवल सरकारों के भरोसे नहीं होता। जब समाज की शक्ति जागृत होती है और 'स्व' का जयघोष करती है, तब नीतियां प्रभावी और सर्वस्पर्शी बनती हैं।



**भारत का अतीत सोने की चिड़िया के रूप में विख्यात था क्योंकि ज्ञान विज्ञान, व्यापार, नीति और सांस्कृतिक उत्कर्ष में हम अग्रणी थे। विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक शासन ने इस प्रगति को बाधित किया, किंतु अब भारत पुनः अपने आत्मबोध के साथ आगे बढ़ रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी स्वदेशी के महत्व पर बल देते हुए चेताया था कि पाश्चात्य अनुकरण की अंधी दौड़ हमें अपनी जड़ों से दूर कर सकती है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी शिक्षा, अर्थनीति और सांस्कृतिक दृष्टि को भारतीय मूल्यों से जोड़ें। भारत का उभार विश्व को अपने तरीके से नियंत्रित करने के लिए नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को साकार करने के लिए है। हमारा आदर्श है परहित और समन्वय। हम विश्व को अपना जीवनमूल्य आधारित उदाहरण देना चाहते हैं, न कि किसी पर आधिपत्य स्थापित करना। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए रक्षा, शिक्षा, अनुसंधान, विज्ञान तकनीकी, एआई, इंटरनेट, स्वदेशी हथियार, नवाचार, स्टार्टअप, वैश्विक व्यापार मॉडल और सांस्कृतिक समन्वय में तीव्र गति से कार्य करना होगा। साथ ही भारत को अपने सूचना और संचार तंत्र विकसित करने, वैकल्पिक सोशल मीडिया मंचों के निर्माण, साइबर सुरक्षा और बौद्धिक संपदा संरक्षण पर भी गंभीरता से आगे बढ़ना होगा। इन सभी कार्यों में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक युवा स्वयं को भारत का वैश्विक प्रतिनिधि माने और ऐसे प्रामाणिक कार्य करे जो राष्ट्र के जनजीवन को सरल बनाए और विश्व के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करे। जब आत्मनिर्भरता का संकल्प जन–जन तक पहुंचेगा और हम अपनी भूमिकाओं को समझते हुए कार्य करेंगे, तब विकसित भारत 2047 का लक्ष्य अवश्य साकार होगा। नया भारत अपनी नई कहानी के साथ विश्व के श्रेष्ठ नेतृत्वकर्ता के रूप में पुनः प्रतिष्ठित होगा।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने भी कहा है कि यदि भारत को आत्मनिर्भर बनना है तो उसे अपने स्वत्व को समझना होगा। जहाँ स्वत्व है वहीं बल, शक्ति और समृद्धि का निवास है। भारत की प्राचीन परंपरा और ऐतिहासिक गौरव इस सत्य के साक्षी हैं कि जब हम अपने स्वत्व पर दृढ़ रहे, तब विश्व में अग्रणी रहे।

भारत का अतीत सोने की चिड़िया के रूप में विख्यात था क्योंकि ज्ञान विज्ञान, व्यापार, नीति और सांस्कृतिक उत्कर्ष में हम अग्रणी थे। विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक शासन ने इस प्रगति को बाधित किया, किंतु अब भारत पुनः अपने आत्मबोध के साथ आगे बढ़ रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी स्वदेशी के महत्व पर बल देते हुए चेताया था कि पाश्चात्य अनुकरण की अंधी दौड़ हमें अपनी जड़ों से दूर कर सकती है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी शिक्षा, अर्थनीति और सांस्कृतिक दृष्टि को भारतीय मूल्यों से जोड़ें।

भारत का उभार विश्व को अपने तरीके से नियंत्रित करने के लिए नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को साकार करने के लिए है। हमारा आदर्श है परहित और समन्वय। हम विश्व को अपना जीवनमूल्य आधारित उदाहरण देना चाहते हैं, न कि किसी पर आधिपत्य स्थापित करना। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए रक्षा, शिक्षा, अनुसंधान, विज्ञान तकनीकी, एआई, इंटरनेट, स्वदेशी हथियार, नवाचार, स्टार्टअप, वैश्विक व्यापार मॉडल और सांस्कृतिक समन्वय में तीव्र गति से कार्य करना होगा। साथ ही भारत को अपने सूचना और संचार तंत्र विकसित करने, वैकल्पिक सोशल मीडिया मंचों के निर्माण, साइबर सुरक्षा और बौद्धिक संपदा संरक्षण पर भी गंभीरता से आगे बढ़ना होगा।

इन सभी कार्यों में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक युवा स्वयं को भारत का वैश्विक प्रतिनिधि माने और ऐसे प्रामाणिक कार्य करे जो राष्ट्र के जनजीवन को सरल बनाए और विश्व के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करे। जब आत्मनिर्भरता का संकल्प जन-जन तक पहुंचेगा और हम अपनी भूमिकाओं को समझते हुए कार्य करेंगे, तब विकसित भारत 2047 का लक्ष्य अवश्य साकार होगा। नया भारत अपनी नई कहानी के साथ विश्व के श्रेष्ठ नेतृत्वकर्ता के रूप में पुनः प्रतिष्ठित होगा।

***(लेखक, हित्यकार, स्तंभकार एवं पत्रकार हैं)***

## विचार

# दम तोड़ती भगोरिया उत्सव की संस्कृति परंपरा

*डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा*

मध्य प्रदेश के जनजातीय अंचलों झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन तथा खंडवा में होली से पूर्व लगने वाले हाट जब भगोरिया हाट का रूप लेते हैं तो पूरा अंचल फाल्गुनी उमंग से भर उठता है। ढोल, मांदल और थाली की थाप पर थिरकते कदम, रंग-बिरंगे परिधानों में सजे युवक-युवतियां और हवा में घुलता गुलाल एक जीवंत सांस्कृतिक चित्र रचते हैं। यह केवल एक मेला नहीं, बल्कि सदियों से प्रवाहित जनजातीय जीवनधारा, सामुदायिक एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का विराट उत्सव है। किंतु विडंबना यह है कि आधुनिक परिवेश और बढ़ती राजनीतिक दखलंदाजी ने इसकी स्वाभाविकता और मौलिकता को गहराई से प्रभावित किया है।

**परंपरा का जीवंत स्वरूपः–** भगोरिया, जिसे भोंगर्या या गुलालिया हाट भी कहा जाता है, मूलतः सामूहिक आनंद, मेल-मिलाप और सामाजिक समरसता का पर्व रहा है। सामान्यतः साप्ताहिक हाट इस अवसर पर उत्सव का रूप ले लेते थे। दूर-दराज़ के गांवों से लोग पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर लोकवाद्यों के साथ हाट में पहुंचते। दिन भर नृत्य, गीत, हंसी-ठिठोली और खरीद-फरोख्त का सिलसिला चलता। इन हाटों की पहचान केवल व्यापारिक गतिविधियों तक सीमित नहीं थी; वे सामाजिक संवाद और संबंधों के केंद्र थे। यहां पुराने परिचित मिलते, रिश्ते मजबूत होते और समुदाय के भीतर सहयोग की भावना सुदृढ़ होती। कुछ दशक पहले तक इन मेलों की रौनक में सहजता, आत्मीयता और निष्कपट उल्लास स्पष्ट झलकता था। न कोई दिखावा, न कोई बाहरी दबाव, बस लोकजीवन की स्वाभाविक अभिव्यक्ति।

**प्रेम और सामाजिक स्वीकृति की लोकधाराः–** लोकमान्यताओं के अनुसार भगोरिया हाट विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए जीवनसाथी चुनने का अवसर भी प्रदान करता था। पारंपरिक परिधानों में सजे युवक-युवतियां एक-दूसरे को गुलाल लगाकर या पान खिलाकर अपनी सहमति का संकेत देते थे। कई बार परस्पर सहमति से वे साथ चले जाते और बाद में समुदाय के बुजुर्ग आपसी बातचीत के माध्यम से इस संबंध को सामाजिक मान्यता देते। यदि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता, तो 'भांजगढ़' जैसी पारंपरिक प्रक्रिया के तहत मध्यस्थता कर समाधान निकाला जाता। यद्यपि कुछ जनजातीय संगठन इस कथा को अतिरंजित मानते हैं और इसे रोमानी कल्पना बताते हैं, फिर भी यह निर्विवाद है कि भगोरिया सामाजिक संबंधों के निर्माण और स्वीकृति का एक महत्वपूर्ण मंच रहा है। यहां प्रेम, सहमति और सामुदायिक स्वीकार्यता का अनूठा संतुलन दिखाई देता था।

**आधुनिकता का प्रभाव और बदलती जीवनशैलीः–** समय के साथ शिक्षा का प्रसार हुआ, रोजगार की तलाश में युवाओं का शहरों की ओर पलायन बढ़ा और आधुनिक जीवनशैली का प्रभाव जनजातीय समाज पर भी स्पष्ट रूप से पड़ा। रहन-सहन, पहनावा और सोच में व्यापक परिवर्तन आए। आज जहां पहले पारंपरिक वेशभूषा और आभूषणों की बहार दिखती थी, वहां अब आधुनिक फैशन का प्रभाव दिखाई देता है। विवाह संबंध भी अब पारंपरिक पद्धतियों से हटकर आधुनिक सामाजिक मानकों और पारिवारिक सहमति के आधार पर तय होने लगे हैं। बाजार का स्वरूप भी बदल गया है। जहां पहले स्थानीय हस्तशिल्प, कृषि उपकरण, पारंपरिक आभूषण और घरेलू उपयोग की वस्तुएं प्रमुखता से बिकती थीं, वहां अब प्लास्टिक उत्पाद, रेडीमेड कपड़े, मोबाइल एक्सेसरीज़ और अन्य उपभोक्ता सामग्री ने स्थान ले लिया है। लोकधुनों की मधुर थाप के साथ अब फिल्मी गीतों की तेज धुनें भी सुनाई देती हैं। डीजे संस्कृति ने पारंपरिक मांदल और ढोल की लय को पीछे धकेल दिया है। यह परिवर्तन समय के साथ स्वाभाविक है, किंतु इससे उत्सव की मौलिक आत्मा पर प्रभाव पड़ा है। जिस सहजता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ भगोरिया मनाया जाता था, वह अब कुछ हद तक बाजारवाद और प्रदर्शनप्रियता के आवरण में ढकती जा रही है।

**राजनीतिक दखलंदाजी और शक्ति प्रदर्शनः–** बीते कुछ दशकों में राजनीतिक हस्तक्षेप ने भगोरिया के स्वरूप को सबसे अधिक प्रभावित किया है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने इसे जनसमर्थन और शक्ति प्रदर्शन के मंच के रूप में देखना प्रारंभ कर दिया। हाटों में झंडे-बैनर, समर्थकों के जुलूस और नारेबाजी आम दृश्य बन गए हैं। जब राजनीतिक भाषण और दलगत नारों की गूंज बढ़ती है, तो उत्सव की स्वाभाविक मस्ती और सांस्कृतिक लय पीछे छूट जाती है। जो पर्व सामूहिक उल्लास और सामाजिक एकता का प्रतीक था, वह अनजाने में विभाजन की रेखाएं भी खींचने लगता है। बड़े नेताओं की उपस्थिति और उनके स्वागत-सत्कार में स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्राथमिकता कम हो जाती है। लोकतंत्र में राजनीतिक सक्रियता स्वाभाविक और आवश्यक है, परंतु जब सांस्कृतिक आयोजनों का उपयोग केवल राजनीतिक लाभ के लिए होने लगे, तो उनकी आत्मा आहत होती है। भगोरिया जैसा पारंपरिक उत्सव, जो जनजातीय अस्मिता का प्रतीक है, यदि राजनीतिक रंग में अधिक रंग जाए, तो उसकी मूल पहचान धूमिल होने का खतरा बढ़ जाता है।

**अस्मिता और सांस्कृतिक गरिमा की रक्षाः–** भगोरिया की पहचान उसकी सामूहिकता, सरलता और सांस्कृतिक विशिष्टता में निहित है। यदि यह मंच केवल राजनीतिक उपस्थिति और बाजारवादी प्रभाव का माध्यम बनकर रह जाए, तो इसकी मौलिक आत्मा क्षीण हो सकती है। इसलिए आवश्यकता है संतुलन की, जहां आधुनिकता को स्वीकार करते हुए भी परंपरा की जड़ों को संरक्षित रखा जाए। पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य और लोकसंगीत को प्रोत्साहन देने के लिए स्थानीय स्तर पर विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। विद्यालयों और महाविद्यालयों में जनजातीय संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित हों, ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक धरोहर से परिचित हो सके। प्रशासन और समाज मिलकर ऐसे दिशा-निर्देश तय करें, जिनसे राजनीतिक हस्तक्षेप मर्यादित रहे और उत्सव की सांस्कृतिक गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे।

फाल्गुन की मादकता और बसंत की बयार आज भी भगोरिया के आगमन का संकेत देती है। लोग परिवारों के साथ हाट में घूमते हैं, मेल-मिलाप करते हैं और रंगों के इस उत्सव का आनंद लेते हैं। अंतर केवल इतना है कि स्वरूप बदल गया है। यदि समुदाय, सांस्कृतिक संगठन और प्रशासन मिलकर इसकी मूल भावना को सहेजने का संकल्प लें, तो भगोरिया भविष्य में भी अपनी रंगत और रौनक के साथ जीवित रह सकता है। यह केवल एक मेला नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता, आत्मगौरव और सांस्कृतिक निरंतरता का जीवंत प्रतीक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इसे केवल मनोरंजन या राजनीतिक मंच के रूप में न देखें, बल्कि इसे एक सांस्कृतिक धरोहर मानकर संरक्षित करें। आधुनिकता और परंपरा के संतुलित समन्वय के माध्यम से ही भगोरिया की असली पहचान को बचाया जा सकता है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ियां भी ढोल-मांदल की थाप पर उसी उल्लास के साथ थिरक सकें, जिस उल्लास ने सदियों से इस उत्सव को जीवंत बनाए रखा है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

साहित्य


## अवध की होली




**दीपक सिंह**

अवध की होली
देवता भी तरसते हैं,
हनुमत हुंकार करते हैं।
झुका के शीश चरणों में,
जयकार करते हैं।।
सतरंगी चुनर ओढ़े,
अवध की शान तो देखो।
अवध जैसी होली कहां,
यही सरकार रहते हैं।।

प्रेम का रंग मीरा है,
प्रेम का रंग राधा है।
गुलालो की महफिल में,
लगा रंग आधा आधा है।।
चहुंओर दिशाओं में
अवध की होली है आज।
रंग लगाये राम जी,
मुस्काते आधा आधा है।।





## राशिफल

**मेषः–** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

**वृषभः–** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुनः–** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः–** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रश्रिम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंहः–** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :–** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**तुलाः–** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिकः–** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनुः–** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकरः–** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभः–** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी।

**मीनः–** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही न करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

# लखनऊ की एक अलग पहचान कायस्थों की होली



*संजय सक्सेना*

लखनऊ की होली, बाहर से देखिए तो लगेगा बस रंग, गुलाल, हँसी-ठिठोली तक नजर आती है। मगर भीतर उतरकर देखिए तो यह शहर फागुन में सिर्फ़ रंग नहीं बदलता, मिज़ाज भी बदलता है। यहाँ होली एक दिन का नहीं, कई दिनों का सिलसिला है। होलाष्टक लगते ही गली-कूचों में जैसे कोई अदृश्य ढोल बजने लगता है। दुकानें, घर, छतें, चौक-चौराहे हर जगह एक हलचल। और इस हलचल के बीच अगर किसी ने इस शहर की होली को उसके असली रस में संभाल कर रखा है, तो उसमें कायस्थ बिरादरी की हिस्सेदारी को नज़रअंदाज़ करना बेईमानी होगी।लखनऊ की तहज़ीब को अक्सर नवाबों से जोड़कर देखा जाता है। सच है, पर अधूरा सच।

तहज़ीब महलों से निकलकर जब गलियों में उतरती है, तभी ज़िंदा रहती है। होली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। मुस्लिम समाज आम तौर पर रंगों से परहेज़ करता रहा, फिर भी लखनऊ की होली कभी फीकी नहीं पड़ी। वजह साफ़ है यहाँ त्योहार मजहब से नहीं, मिज़ाज से तय होते हैं। और इस मिज़ाज को सबसे सहजता से निभाने वालों में कायस्थ आगे रहे। कायस्थों की होली का मतलब सिर्फ़ पिचकारी और गुलाल नहीं है। उनके यहाँ होली पेट से शुरू होकर दिल तक जाती है। गोश्त, कलेजी, कीमा, दुलमा ये सिर्फ़ व्यंजन नहीं, फागुन की ज़रूरतें हैं। होली हो और गोश्त न बने, तो कायस्थ खुद को अधूरा मानता है। शराब का ज़िक्र दबे पाँव आता है, मगर आता ज़रूर है। कलेजी भुनी न हो तो जाम कैसे उतरे यह तर्क नहीं, परंपरा है।आज के दौर में लोग भूल गए हैं कि पचास-साठ साल पहले न गैस थी, न कुकर। मिट्टी के चूल्हे, लकड़ी, कोयला और घंटों की मेहनत। मांसाहार पकाना आसान काम नहीं था। मसाले कूटे जाते थे, प्याज हाथ से छीले जाते थे, और सब कुछ इत्मीनान से बनता था। इस पूरी प्रक्रिया की रीढ़ महिलाएं थीं। उनके बिना कायस्थों की होली का कोई ज़िक्र ही नहीं बनता। त्योहार का सारा शोर बाहर दिखता है, पर उसकी असली मेहनत रसोई में होती है।

लखनऊ में कायस्थों की आबादी बड़ी रही है। मशक गंज, निवाज़गंज, बाबूगंज, नौबस्ता, रकाबगंज ये सिर्फ़ मोहल्ले नहीं, कायस्थ संस्कृति की पहचान रहे हैं। होली के दिन इन इलाकों से गुज़रिए तो हर घर से पकवानो और नॉनवेज की अलग-अलग खुशबू आएगी। कहीं मटन चढ़ा है, कहीं कलेजी सिक रही है, कहीं कीमा मटर। और इन सबके बीच कहीं न कहीं गिलास टकराने की आवाज़ भी सुनाई दे जाएगी। इसे छिपाया नहीं जाता था, बस दिखावे से बचा जाता था यही लखनवी अदा है।कायस्थों की होली में एक और बात खास रही सफाई और सलीका। गरीब से गरीब कायस्थ फटा कपड़ा पहन ले, पर साफ़। और खाते-पीते घरों के लोग? वे तो हमेशा उजले, धुले, चमकते कपड़ों में ही रंग खेलते थे। रंग पड़े तो निखरे, मैल न बने। कालिख पोतना, भद्दा मज़ाक यह सब उन्हें कभी रास नहीं आया। हुड़दंग भी नफासत के साथ यही फर्क था। कायस्थों को अक्सर आधा मुसलमान कहा गया।

वजह भी साफ़ थी गोश्त और शराब उनकी दिनचर्या में शामिल रहे। लेकिन यह तंज नहीं, लखनऊ में एक तरह की पहचान थी। इस पहचान ने ही उन्हें अलग बनाया। उनके घरों में ब्राह्मण, वैश्य, बनिया सब आते थे। कई ऐसे घर थे जहाँ बाहर मांसाहार निषिद्ध था, मगर होली में युवक कायस्थों के यहाँ ज़रूर पहुँचते थे। उन्हें पता होता था यहाँ रोक-टोक नहीं, स्वागत मिलेगा। कायस्थों को खुद खाने से ज़्यादा खिलाने का शौक रहा है। आओ भाई, लो, पीयो, खाओ यह सिर्फ़ कहावत नहीं थी, व्यवहार था। दुलमा को लेकर कितनी ही कहानियाँ हैं। कई लोग उसे मटर की सब्जी समझकर खा गए और बाद में पता चला कि उसमें कीमा भी था। फिर पछतावा नहीं, उलटा अगली बार बुलाने की गुज़ारिश। कायस्थों ने कभी किसी का भेद नहीं खोला। खिलाया भी, और बताया भी नहीं यह भी एक तरह की तहज़ीब है।

आज भी कायस्थ परिवारों में शादी तय होते समय पहला सवाल खान-पान का होता है। लड़की शाकाहारी है तो क्या घर में मांस बनने से परहेज तो नहीं होगा? लेकिन यह सवाल टकराव का नहीं, तालमेल का होता है। कई घरों में आज भी शाकाहारी और मांसाहारी रसोई साथ-साथ चलती है। अलग बर्तन, अलग चूल्हा पर एक ही परिवार। लखनऊ ने यही सिखाया है कि खाना वजह बनकर रिश्ते नहीं तोड़ता।कायस्थों की होली में इत्र की भूमिका भी कम अहम नहीं। अबीर-गुलाल में खस मिलाना, गीले रंग में इत्र डालना ताकि रंग पड़े तो बदन भी महके।

शाम होते-होते नए धुले कपड़े, खस या हिना की खुशबू, और गले मिलना यह रस्म आज भी जिंदा है। अमीनाबाद, रकाबगंज, सआदतगंज की गलियों में यह मंजर अब भी मिल जाता है, बस देखने वाली नजर चाहिए। आज का लखनऊ बदल गया है। फ्लैट, सोसाइटी, डीजे सब आ गए हैं। पर होली का असली रस अब भी पुराने घरों, पुरानी गलियों में बसता है। कायस्थों की होली अब पहले जैसी खुली न सही, पर उसकी आत्मा अब भी ज़िंदा है। गोश्त की खुशबू, इत्र की महक, रंगों की फुहार और खिलाने-पिलाने की दरियादिली यह सब मिलकर लखनऊ की होली को वह बनाते हैं, जो वह है।और शायद इसी लिए कहा जाता है लखनऊ की होली सिर्फ़ देखी नहीं जाती, चखी जाती है।

***लेखकर वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### गीता की तलाश खत्म, यमुना से मिला शव भदेख गांव में शोक की लहर

**उरई (जालौन)।** ग्राम भदेख में 12 वर्षीय बालिका गीता की तलाश आखिरकार दुखद अंत के साथ समाप्त हो गई। यमुना नदी में डूबी बच्ची का शव गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि गीता पुत्री गयाप्रसाद निषाद नहाने के लिए यमुना नदी गई थी, तभी अचानक गहरे पानी में चली गई और डूब गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू कर दी थी। डायल 112 और स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। कई घंटों की तलाश के बाद गोताखोरों ने बच्ची का शव नदी से बाहर निकाला। जैसे ही शव गांव पहुंचा, पूरे भदेख में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर है और हर आंख नम है। प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### विद्युत तकनीशियन कर्मचारियों को 'दलाल' कहने पर उबला आक्रोश




**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की विभागीय वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान अध्यक्ष द्वारा तकनीशियन ग्रेड-2 (टीजी-2) संवर्ग के संबंध में दिया गया वक्तव्य, जिसमें तकनीशियन कर्मचारियों पर अतिरिक्त ड्यूटी न करने एवं 'दलाली' जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, असंवेदनशील एवं अमर्यादित बताते हुये कर्मचारियों ने न केवल धरना प्रदर्शन कर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश उक्त बयान की कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह टिप्पणी प्रदेश के ऊर्जा निगमों में कार्यरत लगभग 20,000 तकनीशियन कर्मचारियों के मान-सम्मान, गरिमा एवं आत्मसम्मान पर सीधा आघात है, जो विषम मौसम, दुर्घटना संभावित एवं जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में निरंतर कार्य करते हुए प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संघ स्पष्ट करना चाहता है कि तकनीशियन (टीजी-2) संवर्ग के कार्मिक विभिन्न इकाइयों एवं शाखाओं में, कार्मिकों एवं संघ द्वारा पूर्व में व्यक्त आपत्तियों के बावजूद, संबंधित सक्षम अधिकारियों के लिखित आदेशों के अनुपालन में ही कार्यरत हैं। यदि कहीं कार्य आवंटन अथवा तैनाती संबंधी कोई प्रशासनिक विसंगति विद्यमान है, तो उसका समाधान प्रशासनिक एवं संस्थागत स्तर पर किया जाना अपेक्षित है, न कि संपूर्ण तकनीकी संवर्ग को सार्वजनिक मंच से अपमानजनक शब्दों द्वारा संबोधित कर। किसी शीर्ष पद पर आसीन अधिकारी द्वारा इस प्रकार की सामान्यीकृत टिप्पणी न केवल कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित करती है, बल्कि विभागीय समन्वय, कार्य संस्कृति एवं जनसेवा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। तकनीशियन कर्मचारी सदैव निगम हित एवं उपभोक्ता हित को सर्वोपरि मानते हुए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते आए हैं। राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ मांग करता है कि तकनीशियन संवर्ग के संबंध में दिए गए उक्त आपत्तिजनक वक्तव्य पर तत्काल सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करते हुए सम्मानजनक स्पष्टीकरण जारी किया जाए। अन्यथा संघ प्रदेश भर के तकनीशियन कर्मचारियों के साथ लोकतांत्रिक, संगठनात्मक एवं विधिक स्तर पर चरणबद्ध कार्यवाही करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ऊर्जा प्रबंधन की होगी। तकनीकी कर्मचारियों का सम्मान एवं स्वाभिमान सर्वोपरि है तथा संगठन अपने प्रत्येक सदस्य की गरिमा की रक्षा हेतु हर स्तर पर संघर्ष के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान अनेकों कर्मचारी मौजूद रहे।

### बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए मशाल जलाकर किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर 16 फरवरी को चित्रकूट से प्रारंभ हुई वादाखिलाफी जन आक्रोश रथ यात्रा आल्हा चौक पहुंची और मशाल जुलूस निकाल कर बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अलग राज्य बनाने का वह वादा पूरा करने की मांग की, जो उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में हम बुंदेलों से किया था। मोर्चा के प्रमुख भानु सहाय ने बताया कि हमारी यात्रा 13 मार्च को ओरछा के रामराजा मंदिर में संपन्न होगी। अभी तक हमारी रथ यात्रा बुंदेलखंड के चित्रकूट, बांदा, पन्ना, दमोह, सागर, टीकमगढ़, ललितपुर, दतिया, जालौन, हमीरपुर जिलों से गुजर चुकी है। होली के त्यौहार को देखते हुए फिलहाल महोबा में स्थगित की जा रही है। होली बाद पुनः शुरू होगी।

इस मौके पर बुंदेली समाज संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी, चंद्रशेखर स्वर्णकार, गया प्रसाद, अमरचंद विश्वकर्मा, सीएल साहू, इकबाल भाई, अशोक सक्सेना, रघुराज शर्मा, वरुण अग्रवाल, हनीफ खान, रामजी सिंह, अमित त्रिपाठी व सुरेंद्र शुक्ला समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### थाना चरखारी की पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट के 1 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, चरखारी/महोबा।** पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरणों में चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही की गई। इसी क्रम में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा थानास्तर पर टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा उपनिरीक्षक ब्रजकिशोर शुक्ला मय हमराह कान्स्टेबल राजीव कुमार के ग्राम गौरहारी में पड़ने वाले भटेवरा कला तिराहे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 24/26 धारा 64(1)/351(3) व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# कृषि विभाग द्वारा फार्मर रजिस्ट्री प्रचार प्रसार वाहन को जिलाधिकारी ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर से फार्मर रजिस्ट्री प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखकर जनपद की चारों तहसीलों के लिए रवाना किया गया, जिससे क्षेत्र में अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्री का प्रचार-प्रसार करते हुए कृषकों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाने हेतु प्रेरित किया जा सके। फार्मर रजिस्ट्री कृषकों की एक डिजिटल पहचान है, इससे किसान भाईयों को निम्न लाभ लेने में सुविधा होगी- विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ बिना सत्यापन के प्राप्त करना, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों की बिकी में सरलीकरण, फसल नुकसान की स्थिति में वास्तविक क्षति का मुआवजा प्राप्त करने में सुविधा, पी0एम0 किसान सम्मान निधि का निर्बाध रूप से सुविधा प्राप्त होगी। किसान भाई जन सुविधा केन्द्र, कृषि



सहायक, पंचायत सहायक एवं राजस्व विभाग के लेखपाल से सम्पर्क कर अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते है। फार्मर रजिस्ट्री बनवाने में आधार कार्ड, खतौनी एवं आधार लिंक मोबाइल नम्बर की आवश्यकता होगी। मार्च 2025 तक ग्राम पंचायतवार फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन किया जा रहा है किसान भाई कृषि विभाग या लेखपाल से सम्पर्क करके आयोजित कैम्प में आवश्यक अभिलेख ले जाकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते है कृषि विभाग के कार्मिक, ग्राम पंचायत सचिव एवं राजस्व विभाग के लेखपाल से सम्पर्क कर अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें, जिससे विभिन्न सरकारी योजनाओं का निर्बाध रूप से लाभ प्राप्त हो सके। मौके पर उप कृषि निदेशक डा0 प्रमोद कुमार, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता एवं अन्य विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा पलटने से सवारी गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**मौदहा हमीरपुर।** बिवार मार्ग पर ई रिक्शा पलटने से ई रिक्शा चालक समेत उसमें बैठे वृद्ध व बालक के गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम माचा निवासी राजेंद्र 28 वर्ष पुत्र कामता अपने ई रिक्शा में गांव के शब्बीर अली 70 वर्ष पुत्र बाबू अली व अयान अली 9वर्ष पुत्र इंतजार अली को बैठाकर मौदहा रहा था तभी सिलौली गांव के समीप संतुलन बिगड़ने से ई रिक्शा सड़क पर पलट गया जिससे उसमें सवार राजेंद्र, शब्बीर व अयान अली घायल हो गए जिन्हें गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया गया।

## जानवरों को चारा डालने जा रही किशोरी पर दबँगों ने किया हमला, गंभीर घायल

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला निहालगंज मे 24 फ़रवरी की सुबह करीब 6 बजे जानवरो को चारा डालने जा रही किशोरी को घात लगाकर बैठे हमलावरों ने लाठी डंडा और राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।किशोरी की हालत मे अभी भी सुधार नहीं हुआ है।घायल की माँ की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। पीड़िता उषा पत्नी संजीव मिश्रा के अनुसार 24 फ़रवरी की सुबह उसकी 14 वर्षीय पुत्री प्रियांशी घर से बगघर जानवरो को चारा डालने जा रही थी। विपक्षी विपिन,पवन,रोहित और हरिराम पुत्रगण रामलाल ने विशाल पुत्र श्यामलाल,आशीष पुत्र रामकुमार,शुभम पुत्र भूरा और चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश मे घात लगाकर उसकी पुत्री को लाठी डंडो और रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमे उसका सर काफ़ी फट गया उसकी पुत्री के सर मे बीस टांके लगे हैं उसकी पुत्री की हालत ज्यादा खराब है।

### सूचना

सभी युद्ध विधवाएं/विधवाओं/विकलांग सैनिक व भूतपूर्व सैनिकों, जिन्हें दुकान चलाने का अनुभव हो, को सूचित किया जाता है कि सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ़ में निम्नलिखित दुकान आवंटन के लिए उपलब्ध हैं जिसके लिए, इस सूचना के जरिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस सन्दर्भ में आप आवेदन पत्र पी.आर.आई. कार्यालय, सिख लाई आर सी से प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात रहे, आवेदन पत्र के साथ अपना बायोडाटा और जरुरी प्रमाणपत्र पी. आर. आई. कार्यालय, सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ के पते पर दिनांक 12 मार्च 2026 से पहले सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर के मुख्य द्वार पर रखे हुए बीड बोक्स में डालें या रजिस्टर्ड डाक करें। 12 मार्च 2026 के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। दुकान का आवंटन उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा।

1. Sports Shop.

### कार्यालय ग्रा0पं0 गदनपुर देवराजपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/मनरेगा योजनान्तर्गत/ 2025-26 दिनांक 26/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गदनपुर देवराजपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 27/02/2026 से 05/03/2026 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/03/2026 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27/02/2026 से 05/03/2026 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री लागत प्राक्कलन के अनुसार | जमानत राशि | टेंडर मूल्य | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | जगदीश के घर से नवाब के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.99 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 7 दिन |
| 2- | रहीस के घर से महेश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.42 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 7 दिन |
| 3- | राधेश्याम के घर से उधन सिंह के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.96 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 7 दिन |
| 4- | रामप्रवेश के घर से नरेन्द्र सिंह के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.45 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 7 दिन |
| 5- | मुकेश के घर से मधु के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.32 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 7 दिन |
| 6- | महेश नट के घर से सत्य प्रकाश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.30 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 7 दिन |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान- ग्राम पंचायत गदनपुर देवराजपुर, विकास खण्ड कमालगंज सचिव-

## सेमरी मंदिर पर मां ज्वाला देवी की ज्योति संग भव्य जागरण हुआ संपन्न, देर रात तक भजनों पर थिरके भक्त



**समृद्धि न्यूज, संडीला/हरदोई।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेमरी स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर में शनिवार को भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर संस्थापक संदीप सिंह द्वारा पावन ज्योति को ज्वाला देवी मंदिर से लाकर संडीला मार्ग होते हुए सेमरी मंदिर में पूरे विधि-विधान के साथ स्थापित किया गया। ज्योति स्थापना के उपरांत माता रानी का भव्य जागरण आयोजित हुआ। विधायक अलका सिंह अर्कवंशी के द्वारा मां ज्वाला देवी का पूजा अर्चना करके जागरण का शुभारंभ किया गया। जागरण निराला ग्रुप के कलाकारों के द्वारा किया गया इस दौरान कानपुर से आई हुई नैना किन्नकर के द्वारा देवी भजन, शिव तांडव स्त्रोत, आदि भजनों की प्रस्तुतियों से देवी जागरण को भव्य एवं दिव्य बना दिया। कार्यक्रम के बीच - बीच में आकर्षक झांकियां से कलाकारों ने श्रोताओं को खूब रिझाया। माता रानी के जागरण में दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन-कीर्तन और देवी गीतों से पूरी रात वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संडीला विधायक अलका सिंह अर्कवंशी उपस्थित रहीं और उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मंदिर संस्थापक संदीप सिंह ने विधायक अलका सिंह अर्कवंशी एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रेस क्लब संडीला की समस्त टीम को स्मृति चिन्ह तथा अंगवस्त्र से उनका स्वागत व सम्मान किया। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा, प्रकाश और प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई।

शनिवार को शाम चार बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## होली पर्व पर 4 मार्च को जनपद में शराब की दुकानें रहेंगी बंद

- डीएम ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किया आदेश

**उरई (जालौन)।** जनपद में आगामी होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आबकारी अधिनियम की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए 4 मार्च 2026 को जनपद की समस्त आबकारी अनुज्ञापन बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 4 मार्च 2026 को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक जनपद जालौन स्थित सभी विदेशी मदिरा, बीयर, देशी शराब की दुकानें, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग की फुटकर दुकानें, रेस्टोरेंट बार एवं होटल बार पूर्णतः बंद रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त अवधि में सभी थोक एवं फुटकर आबकारी अनुज्ञापन बंद रहेंगे तथा बंदी अवधि का कोई प्रतिफल संबंधित अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अपने स्तर से समस्त थाना प्रभारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दें।

साथ ही समस्त उपजिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। समस्त आबकारी निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में स्थित अनुज्ञापियों को बंदी आदेश की सूचना तामील कराते हुए सख्ती से पालन सुनिश्चित कराएं।

## कार्यालय जिलाधिकारी, जनपद-जालौन।

संख्या-1951/जि0आ0अ0/अवैध शराब चेतावनी/जालौन/2025-26/ दिनांक : फरवरी 28, 2026

**- चेतावनी -**

कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्र संख्या 12646-650/ग्यारह/ई0आई0बी0/वि0प्र0अ0/2025-26/दिनांक प्रयागराज 17 फरवरी, 26 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि होली पर्व के सन्निकट होने से मदिरा की मांग में वृद्धि सम्भावित है, जिससे अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की भी सम्भावना बढ़ जाती है। मिथाइल एल्कोहल एक प्रकार का घातक जहर है, जो सामान्य शराब की तरह दिखता है, इसका प्रयोग अवैध/कच्ची शराब बनाने वाले कर सकते है, जिसके पीने से आँखों की रोशनी जा सकती है तथा इसके अधिक सेवन से व्यक्ति की जान भी जा सकती है।

अतः आपसे यह अपील की जाती है कि सरकारी मदिरा की दुकानों से क्यू0आर0 कोड (स्टीकर) लगे मदिरा का ही सेवन करें। अवैध या कच्ची शराब के बिक्री के अड्डों से शराब कदापि न खरीदें और न ही इसका सेवन करें। उ0प्र0 में वैध शराब पाउच में नहीं बिकती है, पाउच वाली शराब किसी भी हालत में न खरीदें और न खरीदे क्योंकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा है। उ0प्र0 में अवैध शराब बनाने वाले, अवैध शराब में शामिल परिवहन एवं बिक्री करने का दोषी पाये जाने पर उ0प्र0 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत आजीवन कारावास तथा जहरीली शराब की बिक्री किये जाने पर 60(क) आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत मृत्युदण्ड का भी प्राविधान है।

यदि आमजन को अवैध शराब के निर्माण, बिक्री व परिवहन की सूचना प्राप्त होती है, तो वह नीचे दिये गये नम्बरों पर इसकी सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी। अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की सूचना स्थानीय पुलिस थानों के साथ-साथ निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर भी दे सकते हैं।

| क्र.सं. | पदनाम | तहसील/क्षेत्र | दूरभाष नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | उप जिलाधिकारी | उरई | 7525932993 |
| 2 | उप जिलाधिकारी | जालौन | 9454416350 |
| 3 | उप जिलाधिकारी | कोंच | 9454416348 |
| 4 | उप जिलाधिकारी | कालपी | 9454416351 |
| 5 | उप जिलाधिकारी | माधौगढ़ | 9454416349 |
| 6 | जिला आबकारी अधिकारी, | जनपद जालौन | 9454465677 |
| 7 | आबकारी निरीक्षक | क्षेत्र-1, उरई | 8958108938 |
| 8 | आबकारी निरीक्षक | क्षेत्र-2, जालौन | 7905563541 |
| 9 | आबकारी निरीक्षक | क्षेत्र-3, कोंच | 8960280220 |
| 10 | आबकारी निरीक्षक | क्षेत्र-4, कालपी | 9997522216 |
| 11 | आबकारी निरीक्षक | क्षेत्र-5, माधौगढ़ | 9718491814 |
| 12 | टोल-फ्री नं0 | - | 14405 |
| 13 | व्हाट्सएप नं0 | - | 9454466019 |

(भूपेन्द्र सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी,
जनपद-जालौन

(राजेश कुमार पाण्डेय)
जिलाधिकारी
जनपद-जालौन

# शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका स्थायी समाधान करें : डीएम

- राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर करें कार्य



**उरई (जालौन)।** जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली उरई परिसर में सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों ने निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# डीएम ने की समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।




जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के विकास कार्यों एवं निकाय अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं एवं 15 वॉं वित्त आयोग टाइड ग्रांट एवं अनटाइड ग्रांट की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगरीय निकायों में अवस्थापना सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था एवं आय के स्रोत बढ़ाये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के बीच स्वच्छता की भावना के विकास के लिये व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायें तथा लोगों में जागरूकता बढ़ायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगरीय निकाय अवैध अतिक्रमण को हटवाये जाने, नजूल एवं सरकारी भूमियों पर से कब्जा मुक्ति कराये जाने हेतु व्यापक स्तर पर अभियान चलायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के चौराहों का चौड़ीकरण किया जाये तथा अवैध कब्जों को मुक्त कराया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-रिक्शा निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार संचालित हों, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुये उनसे वसूली की जाये। सेवानिवृत्ति के दौरान दिये जाने वाले लाभों से संबंधित लम्बित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। सभी नगरीय निकायों द्वारा किये गये कार्यों का प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि नैमिषारण्य में ओडीओपी एवं ओडीओसी के विक्रय हेतु शोरूम स्थापित किये जायें। समस्त प्रकार के बिलों का समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि आवंटित बजट का उपयोग समय से किया जाये। निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाये। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित समस्त अधिशासी अधिकारी एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट , तीन घायल

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। कोतवाली क्षेत्र के सरांय बन पुकार गांव में शुक्रवार की देर शाम तालाब को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई।पुलिस दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

गांव निवासी रमाशंकर दीक्षित ने थाने में तहरीर दी। बताया कि वह अपने भाई कृपाशंकर के साथ घर जा रहा थे कि तभी गांव में स्थित तालाब के पास मौजूद अरविंद,सजन,सुरेन्द्र एवं परमानंद शुक्ला ने हमला बोल दिया। वहीं दूसरे पक्ष के सरांय चौबे गांव के अरविंद रावत ने तहरीर देकर बताया कि वह बन पुकार स्थित अपने तालाब में मछली डाल रहा था कि तभी विपक्षी रमाशंकर दीक्षित, अभिषेक,जगन्नाथ, हनुमान एवं धीरेंद्र दीक्षित ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# शिक्षा से जीवन जीने की कला का होता है विकास: अवधेश श्रीवास्तव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।




बीएनसी अकादमी के वार्षिकोत्सव समारोह में शनिवार को शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा से न केवल अनुशासन आता है, बल्कि जीवन जीने की कला भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही परिवार, समाज और देश की प्रगति का मजबूत आधार है। यदि बच्चों को सही संस्कार और अनुशासन के साथ शिक्षा मिले तो वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। अवधेश श्रीवास्तव ने वर्तमान समय की सामाजिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज के दौर में कई अभिभावक बच्चों की पढ़ाई पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पा रहे हैं और अपना अधिक समय मोबाइल फोन में व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक पूरी निष्ठा से बच्चों को शिक्षा देकर उन्हें उन्नति के शिखर तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं, लेकिन जब वही शिक्षक किसी अनुशासनहीनता पर बच्चों को समझाने या डांटने का कार्य करते हैं तो कुछ अभिभावक शिक्षकों से नाराज हो जाते हैं, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे शिक्षकों पर भरोसा रखें और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय के साथ सहयोग करें। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवेंद्र शुक्ला ने भी संबोधित करते हुए शिक्षा को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक नवीन श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य मीनाक्षी श्रीवास्तव ने अतिथियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

# जिला कारागार का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण



रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कैदियों की समस्याओं को सुना। सभी बैरकों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कारागार के पाकशाला में बन्दियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं को नियमानुसार दुरूस्त रखने के साथ ही बंदी गृह में रह रहे मरीजों के चिकित्सा व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाओं को जेल मैनुअल के अनुरूप ही सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, जेलर सहित आदि उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मी को एसपी ने दी विदाई



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी को ससम्मान विदाई की गयी। जनपद बाराबंकी में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए सहायक रेडियो अधिकारी अशोक कुमार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# वानर सेना ने जुटाए 25 हजार दिए कई कीमती उपहार



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

दुलाराय गढ़ी, गुरबक्सगंज की संध्या दिवेदी बिटिया के सहयोग के लिए वानर सेना ने एक सराहनीय पहल करते हुए 25,000 की धनराशि एकत्रित की। इसके साथ ही संस्था की ओर से बिटिया को कई कीमती एवं उपयोगी उपहार भी भेंट किए गए। इस सामाजिक कार्य में वानर सेना के अध्यक्ष धीरज सिंह के नेतृत्व में सदस्यों – के. पी. सिंह, वरुणेंद्र, प्रांशु, विक्रांत एवं अभिवेक जी ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर सहयोग राशि जुटाई और परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। संस्था के संरक्षक बृजेश सिंह (पंचवटी) लगातार समाज में सेवा और सहयोग की अलख जगा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में वानर सेना जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत है। सहायता वितरण के दौरान क्षेत्र के सम्मानित नागरिक भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने वानर सेना की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक में शनिवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने और आगामी टीकाकरण कार्यक्रम पर प्रमुख रूप से चर्चा हुई।बैठक में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के विषय पर सभी विभागों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी ने इस कार्य में पंचायत सहायक और कोटेदारों की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। आगामी माह में शुरू होने वाले टीकाकरण कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. देव प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, संजीव बीपीएम और मोहम्मद इमरान सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपेक्षा की गई।

## मतदाता जागरूकता: बच्चों ने किया नुक्कड़ नाटक एवं साइबर क्राइम को लेकर फैलाया जागरूकता




महराजगंज समृद्धि न्यूज़। गुरुकुल महाविद्यालय द्वारा महराजगंज कोतवाली के नुक्कड़ पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया तथा महराजगंज कोतवाली पहुंचकर बच्चों ने साइबर क्राइम के बारे में पुलिस कर्मियों से जानकारी ली जिसमें उन्हें 112 19 12 1076 सहित अन्य तमाम तरह की जानकारी पुलिसकर्मियों द्वारा दी गई । गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी, हलोर, रायबरेली में राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 23 फरवरी 2026 से 1 मार्च 2026 तक किया जा रहा है इन सात दिवसों में आयोजित होने वाली गतिविधियों में नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, साक्षरता अभियान, महिला सशक्तिकरण, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर निर्माण, योग सत्र, सर्वेक्षण (मलिन बस्ती- सूरज पूर्वा) जैसे सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम शामिल है। इसमें सभी स्वयंसेवियों को विभिन्न समूह में विभाजित कर उनकी जिम्मेदारियां निर्धारित की गई है।

# नहीं मिला मानदेय, मनरेगा स्टाफ में छायी उदासी



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

रोजगार सेवकों व तकनीकी सहायको को होली पर भी मानदेय न मिलने से उनके परिवारों में उदासी छाई हुई है। उल्लेखनीय हैं कि रोजगार सेवकों को दस हजार रुपये मासिक मानदेय में से पीएफ कटने के बाद लगभग 8000 हजार रुपये मिलते हैं। इसी प्रकार तकनीकी सहायकों को भी मूल वेतन 15500 में से पीएफ काटने के बाद लगभग 12000 मानदेय प्राप्त होता है।

रोजगार सेवकों को जहां पिछले अगस्त माह से वही तकनीकी सहायकों को पिछले 5 माह से मानदेय न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। मनरेगा कर्मियों को उम्मीद थी की होली के पहले मानदेय जरूर आ जाएगा लेकिन उम्मीद के बावजूद मानदेय नहीं आया जिसके चलते इन कर्मियों के परिवार उदासी में डूबे हुए हैं। हालांकि बीडीओ पूजा सिंह ने समस्त विकास कर्मियों के बीच मिष्ठान का वितरण करके उनकी उदासी दूर करने का भरसक प्रयास किया।

# डीएम ने वृहद गौसंरक्षण केंद्र सराय निर्माणाधीन की देखीं व्यवस्थाएं



सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सिधौली स्थित वृहद गौसंरक्षण केंद्र सराय निर्माणाधीन का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने गौवंश हेतु पानी, भूसा एवं हरे चारे को रखने की व्यवस्था देखी। गौशाला के निकट सड़क न बने होने पर खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र पंचायत से सड़क निर्माण कार्य कराया जाये। जिलाधिकारी ने गौवंश के लिये टीन शेड व्यवस्था को देखते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि सभी कार्यों पूरी गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण करते हुये मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को 15 दिन के भीतर हैण्डओवर किया जाये तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने लागत की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमपी सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मत्स्य पालको के साथ मीन महोत्सव का देखा गया सीधा प्रसारण

बाराबंकी। मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में मीन महोत्सव 2026 लखनऊ का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियों केंद्र व राज्य सरकार के मत्स्य विशेषज्ञों केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्य पालन पशुपालन डेयरी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल उत्तर प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री डॉ संजय निषाद उत्तर प्रदेश शासन के वरिष्ठ आईएएस एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी के वी राजू अपर मुख्य सचिव मत्स्य मुकेश कुमार विश्राम महानिदेशक मत्स्य के धनलक्ष्मी प्रगतिशील मत्स्य पालक तथा अन्य गण मान्य व्यक्तियों द्वारा मत्स्य पालन के विषय में आवश्यक जानकारी देते हुए मत्स्य पालन क्षेत्र में विकास हेतु विभिन्न परियोजनाओं में बजट आवंटन हेतु अवगत कराया गया साथ ही मत्स्य पालन के साथ-साथ पर्ल कल्चर को योजना में सम्मिलित करते हुए उसके विषय में जानकारी दी गई मीन महोत्सव 2026 लखनऊ में जनपद बाराबंकी के लगभग मत्स्य पालकों द्वारा भौतिक रूप से प्रतिभाग किया गया।

# खौलते पानी में गिरी बालिका की इलाज के दौरान हुई मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



**रामनगर क्षेत्राधिकारी ने बताया कि घटना से संबंधित मुकदमा पहले से बदोसराय कोतवाली में दर्ज**

एक सप्ताह पूर्व मावा बनाने की दुकान पर खौलते पानी में गिर घायल हुई बालिका का इलाज के दौरान लखनऊ में निधन हो गया। उसके निधन की खबर गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के कोटवाधाम में बीते रविवार को खौलते पानी में गिरने से एक 7 वर्षीय बालिका गम्भीर रूप से झुलस गई थी। जिसकी इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। यह घटना 22 फरवरी 2026 को कोटवाधाम गांव में हुई थी। बालिका करीब एक सप्ताह से लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती थी।

जानकारी के अनुसार, कोटवाधाम निवासी राजू गुप्ता की पोती वैष्णवी सुबह करीब 9 बजे गांव के शिवप्रसाद गुप्ता की किराना दुकान पर मैगी लेने गई थी। शिवप्रसाद अपनी दुकान के पास खोवा बनाने का काम भी करते हैं। दुकान पर खौलते पानी के कई बड़े भगोने रखे थे। वैष्णवी एक कड़ाही से टकराकर खौलते पानी के भगोने में गिर गई थी।, जिससे वह करीब 60 प्रतिशत जल गई।

घटना के तुरंत बाद बच्ची को सिरौली गौसपुर अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे बाराबंकी जिला अस्पताल रेफर किया गया और फिर लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया था। उसकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई थी। बालिका के बाबा राजू गुप्ता ने आरोप लगाया है कि शिवप्रसाद कई वर्षों से लापरवाही से खोवा बनाने का काम कर रहे हैं, जो खतरनाक है। राजू गुप्ता के अनुसार, घटना के बाद जब उन्होंने शिवप्रसाद से शिकायत की, तो उन्होंने लड़ाई करने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी दी। राजू गुप्ता ने बदोसराय थाने में शिवप्रसाद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।शनिवार को निधन के बाद वैष्णवी का शव कोटवाधाम गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव तथा आसपास के तमाम लोग इकट्ठा हो गए। भारी भीड़ की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी बल भी मौके पर पहुंच गया।पुलिस उपाधीक्षक रामनगर गरिमा पंत, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय अजीत विद्यार्थी, प्रभारी निरीक्षक टिकैतनगर और मसौली समेत कई थानों की पुलिस व पीएसी के जवानों की कड़ी सुरक्षा में वैष्णवी गुप्ता का अंतिम संस्कार कराया गया है। बदोसराय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने बताया कि घटना से संबंधित मुकदमा पहले से बदोसराय कोतवाली में दर्ज है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# जागरूक युवा बनेंगे देश की आवाज : न्यायमूर्ति

**कभी नहीं दुहराए आपात काल की त्रासदी बैजनाथ रावत**

बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।




मोहनलाल वर्मा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बाराबंकी में जनपद स्तरीय युवा सांसद 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्याय मूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा के द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्वलन के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

श्री शर्मा ने उद्घाटन भाषण में प्रतिभागी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश उस तरफ चलता है, वैसा ही बनता है, जैसा देश के युवा सोचते, समझते और कार्य करते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि आज का युवा सिर्फ अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक चिंतन में ही ना जिए, उसके चिंतन में राष्ट्र भी सम्मिलित होना चाहिए। यदि युवा राष्ट्र के बारे में विचारशील होगा तो आने वाले समय में भारत विश्व का गौरव बनकर आगे बढ़ेगा। उन्होंने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि सभी युवा अपने विचार ठीक प्रकार से रखें और समाज में उनको स्थापित करने का भी प्रयत्न करें। मेरा युवा भारत बाराबंकी के जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ पंकज कुमार पटवा के संयुक्त निर्देशन में जिला युवा-संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ पंकज कुमार पटवा ने बताया कि जिले भर से कुल 103 युवाओं ने पंजीकरण कराया है। युवाओं ने युवा-संसद में अपने-अपने विचार बहुत मजबूती के साथ रखे। दोपहर भोजन के पश्चात समापन सत्र में विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार प्रतिबद्ध है युवाओं के विचारों को सुनकर अपनी नीति में उनकी बातों को सम्मिलित करने के लिए उन्होंने शुभकामनाएं दी। युवा संसद कार्यक्रम में प्रतिभागियों के भाषण के मूल्यांकन के लिए वरिष्ठ साहित्यकार कवि प्रदीप सारंग, जनेस्मा पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर अनिल विश्वकर्मा, मुंशी रघुनंदन प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर उषा चौधरी, प्राचार्य डॉ हृदय नारायण चौधरी तथा समाजसेवी दर्शन सिंह निर्णायक मंडल में प्रतिभागियों के भाषणों का मूल्यांकन तत्परता के साथ किया।

## अवैध खनन करने पर जेसीबी व दो ट्रैक्टर मय ट्राली सीज

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को थाना जायस पुलिस क्षेत्र में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बीबी डोला मजरे मुबारकपुर मुखेतिया के पास अवैध खनन हो रहा है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर अवैध खनन करने वाली एक जेसीबी व दो ट्रैक्टर मय ट्राली को कब्जे में लिया गया है। ट्रैक्टर जेसीबी चालकों से खनन परिवहन अनुमति व उपरोक्त वाहन संबंधित प्रपत्र मांगने पर दिखा न सके। थाना जायस पुलिस द्वारा जेसीबी व ट्रैक्टर मय ट्राली को कब्जे में लेकर एमवी एक्ट में नियमानुसार अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह मय हमराह व खनन निरीक्षक दुष्यन्त कुमार विश्वकर्मा मय टीम शामिल रहे।

# पुलिस ने आरोपी को 28 ग्राम स्मैक के साथ किया गिरफ्तार

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



जनपद पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत शनिवार को थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त शाकिर उर्फ बुल्लू उर्फ जहीर पुत्र जाबिर अली निवासी ग्राम तकिया मजरे जमुवारी थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 28 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शाकिर उर्फ बुल्लू उर्फ जहीर एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है जिसके विरुद्ध थाना मुसाफिरखाना पर गैंगस्टर एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित कुल आठ अभियोग पंजीकृत हैं।

## दलशाहपुर में चला एनीमिया मुक्त जागरूकता अभियान

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी सम्बद्ध मेरा युवा भारत अमेठी, अनीमिया फ्री इंडिया फ़ोरम एवं सहायक ट्रस्ट मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय दलशाहपुर विकास खण्ड भेटुआ में किया गया। इस अभियान का शुभारम्भ स्वप्निल किरन मौर्या प्रधानाध्यापिका उच्च प्राथमिक विद्यालय दलशाहपुर और इंजी. लालमणि कश्यप सदस्य जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति एवं संस्थापक साहस ने किया। उन्होंने कहा कि अध्ययन में सामने आया कि करीब 31 फीसदी गर्भवती महिलाएं जिले में एनीमिया की शिकार पाई गईं। एसपी सिंह मास्टर ट्रेनर ने कहा कि सरकार हर माह सरकारी अस्पतालों में जांच शिविर लगाती है।



# कार्यालय ग्राम पंचायत बरहुआ महराजगंज रायबरेली

पत्रांक- पत्रांक- मेमो/मनरेगा/2025-2026 दिनांक- 28.02.2026

## कोटेशन नोटिस

महामहिम राज्यपाल महोदय उप्र की ओर से ग्राम पंचायत बरहुआ महराजगंज रायबरेली द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत स्वीकृत धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु प्रयोग से लायी जाने वाली सामग्री पंजीकृत फर्मो से सील बन्द कोटेशन सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्रकाशन की तिथि 01.03.2026 से तिथि 13.03.2026 तक प्राप्त की जा सकती है। यह निविदायें सील बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 14.03.2026 तक अपरान्ह 01:00 बजे तक जमा की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित टेण्डरदाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार होगा। निविदा के साथ पांच प्रतिशत धरोहर धनराशि नकद, राष्ट्रीय बचत पत्र, पोस्ट आफिस में समयावधि जमा धनराशि की पासबुक अथवा एफ.डी.आर. जो अधोहस्ताक्षरकर्ता के पदनाम से बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य है। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का विवरण नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। कार्य का विवरण निम्नवत् है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आपूर्ति ली जाने वाली सामग्री का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि (05 प्रतिशत) | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | इंटरलाकिंग निर्माण कार्य इण्टरलाकिंग से रामहर्ष के घर तक | ईंट, गिट्टी 40 एमएम<br>सीमेन्ट | 38.22 घन मी.<br>6.44 टन | 300 | 05 % | 3 माह |
| 2 | 3/33003005/RC/-3737067 | फाइन सैण्ड,<br>कोर सैण्ड<br>ईंट प्रथम श्रेणी | 19.11 घन मी.<br>5.14 घन मी.<br>7406 नग | | | |
| 3 | | इण्टर ला. सीमेन्टेड ईंट<br>लोकल बालू<br>आरसीसी 20 एमएम<br>आरसीसी 10 एमएम | 425 Sqm<br>80 एमएम<br>27.66 घन मी.<br>1.07 घन मी.<br>0.35 घन मी. | | | |

**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. बरहुआ**
**वि.ख. महराजगंज, रायबरेली**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं. बरहुआ**
**वि.ख. महराजगंज, रायबरेली**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



# केजरीवाल के मामले में भाजपा के षड़यंत्र का हुआ खुलासा : अखिलेश

**शंकराचार्य पर भी बोले अखिलेश, लगाया फर्जी मुकदमा**

तिर्वा, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि पूरे देश ने देख लिया कि किस तरह से दिल्ली की सत्ता पाने के लिए ही भाजपा ने आम आदमी पार्टी के मुखिया व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व उनके मंत्रियो को झूठा मुकदमा बनाकर जेल भेजा था। इसमें ईडी व सीबीआई ने भाजपा के कहने पर कार्रवाई की थी। सपा मुखिया अखिलेश यादव शनिवार की दोपहर तिर्वा क्षेत्र के बहसार गांव में आयोजित एक श्रद्धाजंलि सभा में पहुंचे। यहां उन्होंने तिर्वा के प्रमुख समाजसेवी रहे स्व.लक्ष्मीनारायन यादव के चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान समाजसेवी के पुत्र व प्रदेश के संस्थागत वित्त विभाग के महानिदेशक रहे शिवसिंह यादव को ढ़ांढस बंधाया। इसके बाद आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने उन्हे अग्रिम जमानत देकर साबित कर दिया कि प्रदेश सरकार उनपर झूठा मुकदमा दर्ज किया है। शंकराचार्य को बदनाम करने के लिए सरकार ने पूरा षडयंत्र रचा। कहा कि भाजपा झूठ फैलाने में माहिर है। भाजपा कभी भी महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य व शिक्षा के मुद्दो पर बात नहीं करती। कन्नौज में कैंसर अस्पताल, ह्रदय रोग, इत्र पार्क, काऊ मिल्क प्लांट बंद पड़े हैं। यह सभी चालू होते, तो कन्नौज का विकास होता। लोगों को रोजगार मिलता। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी तंज कसते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही, अब जापान से ओएमयू लाने की बात कर रहे हैं। प्रदेश के विकास की उनको इतनी ही चिंता थी, तो पिछले नौ बर्षो में विदेशो से करार क्यों नहीं किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कलीम खां, जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, बरिष्ठ सपा नेता इं.अनिल पाल, देवेन्द्र प्रताप सिंह, अंशुल गुप्ता, नगर अध्यक्ष बिट्टू सिद्दीकी, कुक्कू चैहान, अवनीश यादव, अंशू पाल, सभासद अवनीश पटेल सहित कई सपा नेता मौजूद रहे।



## एक घण्टे तक रूके रहे शिवपाल सिंह यादव

तिर्वा। समाजसेवी स्व.लक्ष्मीनारायण की श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव भी अपने परिवार के साथ पहुंचे। उन्होने उनके चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हे अपनी श्रद्धाजंलि दी। करीब एक घण्टे तक रूककर उन्होने परिवार को ढ़ाढंस बधाया। मौजूद कार्यकर्ताओं का भी उत्साह बढ़ाया।

## अनूप जलौटा ने भजन गाकर बांधा समा

तिर्वा। श्रद्धाजंलि सभा में देश के ख्यात प्राप्त भजन गायक अनूप जलौटा ने भी अपने भजनों से समा बांधी। उन्होने इतनी शक्ति हमे देना दाता, यशोमती मैया से पूछे नन्दलाला जैसे भजन सुनाकर जमकर तालियां बटोरी। करीब दो घण्टे तक चले उनके कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ो श्रौता भक्ति गीतों का आनन्द लेते रहे।



# गौ सम्मान हेतु शुरू होगा राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

पश्चिमी बाईपास स्थित पंडित कन्हैया लाल मार्केट में आयोजित संगोष्ठी में गौ सम्मान हेतु राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन प्रारंभ करने की घोषणा की गई। सभी ने इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। जय गौ माता के उद्घोष के साथ संपूर्ण भारत में साधु-संतों द्वारा चलाए जा रहे 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत 108 जनों की टोली देशभर में जनजागरण कर रही है। प्रत्येक राज्य, जिले व तहसील स्तर पर संगोष्ठियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में यहां आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना है। इसके लिए आगामी 27 अप्रैल को प्रातः 10 बजे देशभर की प्रत्येक तहसील पर सरकार को प्रार्थना पत्र सौंपने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 27 अप्रैल केवल कैलेंडर की तिथि नहीं, बल्कि इतिहास में गौ सम्मान दिवस के रूप में अंकित की जाएगी। अभियान की प्रमुख विशेषताओं में किसी व्यक्ति विशेष का नाम या चेहरा प्रमुख नहीं है और किसी से भी दान-दक्षिणा स्वीकार नहीं की जाएगी। अभियान के अध्यक्ष नीलमणि वृषभ देव नंदी बाबा तथा संरक्षक के रूप में भगवती गौ माता को माना गया है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे, गंगेश्वर नाथ मन्दिर के महंत प्रेमगिरी जी महाराज, राम किशोर दुबे, भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, जिला संयोजक अंशु सक्सेना, जय पंडित, दीपांशु, जोंसन, अंशुल राठौर, शिवा कश्यप, पंजाबी कश्यप, शिवा नंद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# चकबंदी चौपाल में सुनीं गई किसानों की समस्याएं

**किसानों को दी गई चकबंदी प्रक्रिया के चरणों व लाभों की जानकारी**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी के निर्देशन में क्षेत्र के ग्राम मिरगावां में चकबंदी ग्राम चौपाल का आयोजन डिप्टी कलेक्टर/ बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी रेशमा सहाय के नेतृत्व में किया गया। चौपाल में किसानों को चकबंदी प्रक्रिया के चरणों व लाभों की जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

अधिकारियों ने बताया कि धारा 4(2) के प्रकाशन के बाद अग्रेतर धाराओं की कार्रवाई पूर्ण कर धारा-10 का प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जा चुका है। वर्तमान में जोत चकबंदी आकार पत्र-23 भाग-1 की तैयारी प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूरा कर जांच शुरू की जाएगी। चौपाल में किसानों ने गाटा संख्या 251 में खाद के गड्ढे, पंचायत घर व विद्यालय के लिए भूमि सुरक्षित करने, चकमार्ग व सेक्टर व्यवस्था तथा तालाब के लिए नाला दर्ज कराने की मांग रखी। इस पर बंदोबस्त अधिकारी ने संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में चकबंदी अधिकारी संतोष कुमार तिवारी, चकबंदीकर्ता रमेश चंद्र गौतम, चकबंदी लेखपाल सनुज कुमार, ग्राम प्रधान जान मोहम्मद सहित ग्रामीण मौजूद रहे।




मिरगांवा में किसानों की समस्याएं सुनते अधिकारी

## रमजान उल मुबारक का बरकत वाला दूसरा अशरा शुरू

छिबरामऊ, कन्नौज। रहमतों बाला अशरा पूरा होते ही रविवार से रमजान उल मुबारक का दूसरा अशरा शुरू हो गया है, जिसे बरकत का कहा जाता है। मालूम हो कि रमजान उल मुबारक का बरकतों और रहमतों वाला महीना चल रहा है। ऐसे में रोजदार सहरी यानी सुबह की अज़ान से पहले खाना पीना करके रोजा (व्रत) रखते हैं और फिर नमाज पढ़ने के बाद बिना कुछ खाए पिए दिनभर अपने-अपने कामों से लगे रहते हैं। फिर सूरज डूबने के समय रंग बिरंगे पकवान से सजे दस्तरख्वान पर बैठकर अल्लाह से दुआएं करते हैं। मगरिब की अज़ान होने पर अपना रोजा खोलते हैं साथ ही अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं। इस्लामिक मान्यता के अनुसार अल्लाह ने रमजान ए पाक के महीने को तीन भागों में बांटा है, जिन्हें रमजान के अशरा के रूप में जाना जाता है, जिसका पहला अशरा 1 से 10 रोजे तक रहमतों का पूरा हो गया है और अब 11 से 20 रोजे तक बरकत का अशरा शुरू हो चुका है।

# बेसिक शिक्षा की प्रगति और चुनौतियों के समाधान पर चर्चा

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

**ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक**

बीआरसी में आयोजित ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक में बेसिक शिक्षा की प्रगति और चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की गई। बैठक में एआरपी अच्युत त्रिपाठी ने निपुण लक्ष्य एप, निपुण प्लस एप की विद्यालय-वार समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब यह एप कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है। शिक्षकों को प्रतिदिन छात्रों का आकलन करके डाटा सिंक करना है।

कई विद्यालयों में अभी भी नियमित अपलोडिंग में कमी बताई गई, जिस पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया गया। एआरपी राजेश कुमार ने डीबीटी की स्थिति पर बताया कि कुछ बच्चों को अभी तक 1200 रुपये की धनराशि (निःशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म, स्वेटर, बैग आदि के लिए) प्राप्त नहीं हुई है, क्योंकि उनके बैच/ग्रुप बनने की प्रक्रिया लंबित है। सभी संबंधित को निर्देश दिया गया कि पेंडिंग मामलों को जल्द से जल्द पूरा कर बच्चों के अभिभावकों के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में राशि ट्रांसफर कराई जाए। एआरपी योगेश यादव ने बताया कि सभी विद्यालयों में छात्रों की ऑनलाइन अटेंडेंस प्रतिदिन दर्ज करनी अनिवार्य है। जिलाधिकारी द्वारा इसकी रोजाना समीक्षा की जा रही है। आगामी जिलास्तरीय बैठक में इसकी गहन चर्चा होगी और कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की जा सकती है। एआरपी सुशील कुमार दुबे ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत चल रहे स्कूल रेडीनेस फेस 1 कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। यह कार्यक्रम 3-6 वर्ष के बच्चों (आंगनबाड़ी/बालवाटिका स्तर) के लिए है, जिसमें उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार किया जाता है। इसमें भाषा, गणित की आधारभूत समझ, सामाजिक-भावनात्मक विकास आदि शामिल हैं। एआरपी अर्चना चतुर्वेदी ने इको क्लब की मासिक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सभी मासिक कार्यक्रमों को प्रमाण-पत्र सहित संबंधित ऐप पर अपलोड करना जरूरी है, ताकि पर्यावरण जागरूकता और गतिविधियों का रिकॉर्ड बने रहे। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक और एआरपी शामिल हुए।



# जेल की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम



जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जेल से दो कैदी फरार होने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह से सर्तक है, नए साल का जश्न के दौरान जेल से 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर दो बंदी फरार हो गए थे, मामले में लापरवाही पर जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर सहित कई पर निलंबन की कार्यवाई की गई थी, हालांकि एसपी द्वारा एसओजी, सर्विलांस सहित पुलिस की टीमें गठित की गई थी, संयुक्त टीम द्वारा दोनों फरार कैदियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। शनिवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की विभिन्न बैरकों, बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के समय अधिकारियों ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश न करने पाए, इसके लिए सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जेल में आने वाले नए कैदियों का अनिवार्य रूप से चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाए, ताकि किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या का समय रहते समाधान हो सके।

उन्होंने कहा कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

एसपी ने कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि निरुद्ध बंदियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखी जाए और नियमित रूप से निरीक्षण जारी रखा जाए। साथ ही समय- समय पर बंदियों की गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराई जाती रहे, जिससे कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

## सवर्ण समाज के प्रबुद्ध समागम में कई विषयों पर मंथन



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित विशाल प्रबुद्ध समागम में कई विषयों पर गहन मंथन किया गया। कार्यक्रम में सवर्ण समाज, सनातन धर्म, गौ-सेवा, गीता, वेद-पुराण, संस्कार एवं आचार-विचार जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ब्राह्मण एवं सवर्ण समाज के विरुद्ध लाए जा रहे विभिन्न कानूनों पर भी गहन मंथन हुआ। समागम के दौरान उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट की गई। प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ शरद द्विवेदी ने उन्हें चित्र भेंट कर सम्मानित किया, होली की शुभकामनाएं दीं तथा कन्नौज आगमन हेतु सादर आमंत्रित किया। कार्यक्रम का समापन समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर सौरिख के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ओमी चतुर्वेदी, पारस मिश्रा, समीर मिश्रा, ध्रुव पांडे एवं रिंकू तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हिन्दुओं को एकजुट होने का आ गया है समय : राहुल

समधन, कन्नौज ,समृद्धि न्यूज।

हिंदू सम्मेलन आयोजित प्रचारक राहुल कुमार बोल अब हिन्दुओं को एकजुट होना होगा समधन नगर में शनिवार दोपहर बाद सेठानी मंदिर परिसर में एक हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया इस दौरान हिंदू प्रचारक राहुल कुमार ने हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया।

राहुल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अब हिंदुओं के एकजुट होने का समय आ गया है उन्होंने जोर दिया कि हम सब मिलकर एकजुट रहें तभी विदेशी ताकतों का सामना कर पाएंगे उन्होंने कहा कि देश में कई हिन्दू अभी भी जागरूक नहीं है।

जिन्हें समाज में बराबरी पर लाने का प्रयास करना चाहिए उन्होंने सभी हिंदुओं से जातिगत भेदभाव भुलाकर भाईचारे का संदेश देने का आग्रह किया राहुल कुमार ने भारत के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि मुगल शासको और अंग्रेजों ने हिंदुओं पर अत्याचार किए और हिंदू संस्कृति को समाप्त करने का प्रयास किया हालांकि हमारे वीर सपूतों ने इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया और अपनी जान कुर्बान कर दी लेकिन हिंदू संस्कृति को मिटाने नहीं दिया उन्होंने आह्वान किया कि आज भी हिंदू एकजुट होकर हर लड़ाई में जीत हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर राधेश्याम पाल, पंकज शर्मा, अतुल, बृजेश, कौशल, धनंजय, शशिकांत, आलोक, अवधेश, राम अवतार, अमित, जयगोपाल, राजेश शर्मा, आनन्द, भजनलाल, विपिन सक्सेना, शिवहरी सक्सेना, अनिल गुप्ता, अर्जुन शाक्य आदि मौजूद रहे।



# होली की छुट्टियों पर अलर्ट रहेंगे अधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर पाबंदी

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त है। जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज ने होली के अवकाश के दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा और सुचारु संचालन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार, 1 मार्च 2026 से 4 मार्च 2026 तक होली के अवकाश की अवधि में परीक्षा कार्य में लगे कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना लिखित अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और सुरक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी की जाएगी।

इसके मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं सतत निगरानी- स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक पाए जाने पर केंद्र व्यवस्थापक और संबंधित अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। आकस्मिक निरीक्षण अवकाश के दौरान केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण किया जाएगा, जिसमें ष्टष्टञ्जङ्क और सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति की सूक्ष्म जांच होगी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में सरोजनी नगर रहा प्रथम

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

शासन के निर्देश पर पालिका परिषद के तत्वाधान में स्वच्छ वार्डो प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई 28 फरवरी तक चली इस प्रतियोगिता में समस्त वार्ड में साफ सफाई नागरिकों की स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यह जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत वार्डों में प्रतिस्पर्धा एवं नागरिकों में जागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार पालिका द्वारा स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा गुरसहायगंज आयोजित की गई 17 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चली इस प्रतियोगिता में समस्त वार्डो में साफ-सफाई, नागरिकों की स्वच्छता के प्रति जागरूकता, जीवीपी प्वाइंट, रेड स्पॉट, येलो स्पॉट, सोर्स सेग्रीगेशन, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, आईईसी गतिविधियां, जीरो वेस्ट इवेंट, शौचालयों की साफ-सफाई आदि मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन हेतु निर्धारित कुल 12 बिन्दुओं में 150 अंक निर्धारित थे जिसमें वार्ड संख्या 15 सरोजनी नगर को 138, वार्ड संख्या 09 हर्ष नगर को 133 एवं वार्ड संख्या 3 कबीर नगर को 131 अंक प्राप्त हुये। इस प्रकार प्रतियोगिता में वार्ड संख्या 15 सरोजनी नगर स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता 2026 का विजेता बना। उन्होंने बताया कि सोर्स सेग्रेरेशन करने वाले घरों पर स्वच्छ घर का स्टीकर पालिका कर्मी द्वारा लगाया गया है और नागरिकों को सोर्स सेग्रेगेशन की जानकारी भी दी गई है उन्होंने बताया कि सोर्स सेग्रेगेशन का अर्थ गीला सूखा एवं अन्य घरेलू कूड़े को अलग-अलग प्रदान करना है।

**प्रथम स्थान**: वार्ड संख्या 15 सरोजनी नगर, सभासद श्रीमती मीना गुप्ता **द्वितीय स्थान**: वार्ड संख्या 09 हर्ष नगर, सभासद श्री निर्मल श्रीवास्तव **तृतीय स्थान**: वार्ड संख्या 03 कबीर नगर, सभासद श्रीमती गीता देवी आदि।



## भाकियू मजदूर मोर्चा में बनाए गए तीन नए पदाधिकारी

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने मजदूर मोर्चा इकाई को और मजबूत बनाने के लिए तीन अहम नियुक्तियां की हैं। राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भाकियू अराजनैतिक छोड़कर आए जकिल को जिला उपाध्यक्ष मजदूर मोर्चा, अरमान को जिला सचिव मजदूर मोर्चा तथा सरताज को नगर उपाध्यक्ष मजदूर मोर्चा के पद पर मनोनीत किया गया है। नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित गणपति लॉन में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा की गईं। मौके पर अमन यादव के अलावा कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार राजपूत, मजदूर मोर्चा जिलाध्यक्ष अरशद खान, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष अयूब, छात्र मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिवम मिश्रा और मीडिया प्रभारी आकाश कश्यप मौजूद रहे। अमन यादव ने कहा कि यह कदम मजदूर वर्ग के हितों की रक्षा और संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उठाए गए हैं।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने की दिमागी कसरत



छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल आदर्श विद्यालय में आयोजित जूनियर एवं सीनियर विंग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 280 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने देश-विदेश, पर्यावरण, भूगोल, इतिहास, विज्ञान, भारतीय संविधान, मानव शरीर आदि विविध विषयों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने में जमकर दिमागी कसरत की। विद्यालय प्रबंधक रामपाल सिंह यादव ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के मानसिक विकास को बढ़ावा देती हैं तथा देश-दुनिया की जानकारी प्रदान करने में सहायक होती हैं। उन्होंने छात्रों को उत्साह के साथ सीखने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं से बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है, सोचने की क्षमता मजबूत होती है तथा बच्चों की छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। इस अवसर पर शिक्षकगण अमित कुमार, विशाल अग्निहोत्री, अक्षत दुबे, ऋषभ श्रीवास्तव, पीयूष यादव, धीरेंद्र सिंह, अनीता देवी, मानसी दुबे, प्रज्ञा दीक्षित, नम्रता यादव, कामिनी, कृतिका चौहान, सोनाली दुबे, प्रिया दुबे, सलोनी राठौर, दिव्या यादव सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## उप प्रधान उप ब्लाक प्रमुख एवं उप जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव को लेकर उठी मांग

कन्नौज। पंचायत चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशी चुनावी मैदान मे अभी से ताल ठोक रहे हैं और अपनी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए दांव पेंच भी लगना शुरू हो गए हैं। पंचायत चुनाव की सरगर्मी को देखते हुए इस बार राजनीति मे सक्रिय लोगों ने मांग उठाते हुए कहा है कि जिस प्रकार पूर्व मे सन 2005 तक गांव मे प्रधान के अलावा एक उप प्रधान का भी चुनाव किया जाता था तथा ब्लॉक प्रमुख के साथ उप ब्लाक प्रमुख को भी चुना जाता था इसी प्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ उपजिला पंचायत अध्यक्ष का भी चयन होता था परंतु 2005 के बाद उक्त प्रक्रिया को बंद कर दिया गया। अब एक बार फिर लोगों ने मांग करते हुए कहा है कि सरकार जिस प्रकार पहले उप प्रधान उप ब्लाक प्रमुख एवं उप जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कराती थी आगामी पंचायत चुनाव मे भी इसी प्रक्रिया को शुरू करना चाहिए।

# बरसाना की जन्मभूमि में गूंजी आल्हा, आगरा के ताज महोत्सव में लहराई संग्राम की तलवार

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

बरसाना में आयोजित भव्य उत्सव के दौरान आल्हा सम्राट संग्राम सिंह ने जैसे ही मंच पर तलवार लहराई, पूरा परिसर 'राधे-राधे' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। राधारानी की जन्मभूमि में होली उत्सव के अवसर पर देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु और विदेशी मेहमान भक्ति रस में सराबोर नजर आए। फूलों की होली खेली गई और भक्त झूमते हुए राधा नाम का जाप करते रहे। कार्यक्रम में आल्हा गायन की ओजपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संग्राम सिंह की वीर रस से भरपूर आवाज और तलवार प्रदर्शन ने पूरे पांडाल में जोश भर दिया। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति और शौर्य रस का आनंद लेते रहे।

वहीं आगरा में आयोजित ताज महोत्सव में भी आल्हा गायन की प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अतिथियों ने कलाकारों का सम्मान किया। मंच के सामने सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। आयोजकों ने कहा कि आल्हा जैसी लोक परंपराओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए ऐसे आयोजन हर वर्ष किए जाएंगे।



## रंग-बिरंगे गुलाब से सराबोर हुए विद्यालय के छात्र-छात्राएं

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के रामगंज स्थित इंग्लिश मीडियम शिक्षण संस्था आकाश एजूकेशन सेंटर में रंगों के पावन पर्व होली को अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर हो उठा तथा चारों ओर आनंद और उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को तथा समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। सभी ने सौहार्द, भाईचारे एवं आपसी प्रेम का संदेश दिया ।इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर आकाश कटियार, जाइंट डायरेक्टर रिधि नेगी शिक्षिका गीता देवी,कविता देवी आकांक्षा श्रीवास्तव, हिमानी श्रीवास्तव, आरती यादव, तान्या एल. राज, अवनी यादव, प्रगति त्रिवेदी, सृष्टि श्रीवास्तव, मुस्कान सैनी,रत्नेश सक्सेना तथा शिक्षक शिवम यादव, तरुण चौरसिया, अभिषेक गुप्ता एवं अन्य समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नटर्रा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 01.03.2026 से 08.03.2026 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा मूल्य-100 रू.**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नटर्रा | मॉडल शॉप निर्माण कार्य | 8.46 लाख | 2 प्रतिशत | ईटा, बालू, गिट्टी, सीमेन्ट,सरिया पुट्टी, पेन्ट लाइट फिटिंग आदि | 8X7 मी. | 6 माह |

**शर्ते-** 1. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

# के.डी. बालिका डिग्री कालेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ विशेष कार्यक्रम

**विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान/अविष्कारों के बारे में दी गई जानकारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम विमेन इन साइंस curtsey ऑफ विकसित भारत रही। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुबी यादव ने छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान और उनके महत्वपूर्ण अविष्कारों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि आज की नारी केवल घर.गृहस्थी तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अपने सभी पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, एप्लाइड साइंस तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं। छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा गया कि कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर वे भी अपने जीवन में एक सम्मानित मुकाम हासिल कर सकती हैं।

कार्यक्रम के दौरान मिस प्रतिभा ने भौतिकी के क्षेत्र में महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. रमन को उनके महत्वपूर्ण अनुसंधान मन प्रभाव के लिए जाना जाता है। जिसने विज्ञान जगत में भारत को गौरवान्वित किया। गणित के क्षेत्र में शकुंतला देवी जिन्हें मानव कैलकुलेटर की उपाधि मिली है उनके बारे में बताया और करियर काउंसलिंग के माध्यम से इसरो डीआरडीओ रिसर्चर आदि बनने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात अखिलेश चौरसिया ने वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) के क्षेत्र में वैज्ञानिकों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान तथा आधुनिक युग में विज्ञान के विभिन्न आविष्कारों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा मिश्रा ने बी.ए. एवं बी.एड. की छात्राओं को करियर काउंसलिंग के माध्यम से उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण और निरंतर अध्ययन के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रूबी यादव ने छात्राओं को कौशल विकास के महत्व तथा नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समाचार पढ़ने से सामान्य ज्ञान में वृद्धि होती है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिलती है। इस प्रकार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षकगण व छात्रायें

# आबकारी निरीक्षक ने गिहार बस्ती में मारा छापा, बरामद की कच्ची शराब व लहन

**दो के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शनिवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 गौरव सिंह मय स्टाफ व कानपुर प्रवर्तन टीम द्वारा जनपद अन्तर्गत संदिग्ध ग्राम लकला में दबिश दी गई।

दबिश के दौरान लगभग 160 किलोग्राम लहन नष्ट कर लगभग 28 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किये गए।



छापामारी के दौरान पुलिस

जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# ऊर्जा जल संरक्षण एवं प्रदूषण को लेकर बच्चों ने किया मॉडलों का प्रदर्शन



मॉडलों का प्रदर्शन करते बच्चे

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जेएसएम पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विविध वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन कर अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक श्यामशरण यादव ने बताया कि 28 फरवरी 1928 को भारत के महान वैज्ञानिक सी0वी0 रमन ने मन प्रभाव की खोज की थी। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा आधुनिक तकनीक पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए।

सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े मॉडलों ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ सिंह वर्मा, अरुण कुमार, राघवेन्द्र सिंह, आबाद अली, निशा सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का देखा लाइव प्रसारण



प्रधानमंत्री के शुभारंभ का लाइव प्रसारण देखते चिकित्सक व अन्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर राजस्थान में किया गया। जिसका सीधा लाइव प्रसारण नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एलईडी के द्वारा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज, डॉ. वशिष्ठ कटियार, रतन सिंह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर टीकाकरण अभियान, राहुल यादव, अजीत कुमार एवं स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ एवं नगरवासियों ने देखा।

# विद्यालय में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**अरूण डागा व पुखराज डागा ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी ने फीता काटकर किया। विद्यालय में छात्र व छात्राओं द्वारा खाने पीने के स्टाल लगाए गए। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए पकवान को चखा। अच्छे पकवान बनाने पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नगर कायमगंज के मोहला शिवाला स्थित गायत्री पीठ विद्यालय प्रधानाध्यापक मनीषा गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार सुबह होली मिलन समारोह व मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुणा डागा व कंपिल के समाजसेवी पुखराज डागा ने संयुक्त रूप से किया। मेले में बच्चों ने स्वयं व घर से लाए खाने पीने जैसे लस्सी, भेलपुरी आदि के स्टाल लगाए।

इस दौरान मुख्य अतिथि व दूरदराज से आए लोगों ने बच्चों द्वारा बनाए गए खाने का लुत्फ उठाया। बच्चों द्वारा अच्छा खाना बनाने पर प्रथम स्थान पर अनमोल, आर्यन व अनुराग, द्वितीय स्थान पर जया, नमामि व तृतीय स्थान पर अनुष्का, आर्वंशिका व दृष्टि। डेकोरेशन में रुद्र व सृष्टि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार रस्तोगी के द्वारा बच्चों को होली का महत्व बताया गया। होली के दौरान पक्के रंगों से होली न खेलकर गुलाल का प्रयोग करें। सभी ने बच्चों को ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते पुखराज डागा

# रंग-बिरंगे गुलाल और पिचकारियों से गुलजार हुए बाजार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के बाजारों में होली की रौनक दिखने लगी है। दुकानदार गुलाल और रंगों को सजाकर ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। बाजारों में अभी से त्योहार जैसा माहौल बन गया है। जहां रंग बिरंगी पिचकारियां और सजावटी वस्तुएं लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रंगों की धूम मच गई है। ठिलियों व दुकानों पर लालए गुलाबी, हरा, पीला और नीला जैसे चमकीले रंगों के गुलाल के ढेर सजे हुए हैं। दुकानदार ग्राहकों के आने का इंतजार कर रहे हैं। दुकानदार प्रवेश, प्रवीण, अंकुर और वैभव ने बताया कि बच्चों और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की पिचकारियां भी उपलब्ध हैं। इनमें कार्टून कैरेक्टर, टैंक डिजाइन और बड़ी पानी वाली गन जैसी पिचकारियां बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं। बाजारों में होली का उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। महिलाएं और परिवार के अन्य सदस्य रंगए पिचकारी और होली से जुड़ी अन्य वस्तुएं खरीदते नजर आए। दुकानों पर रंगों के साथ-साथ होली की टोपी और सजावटी सामान भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त बाजारों में होली के त्योहार की पारंपरिक खाने-पीने की वस्तुओं की दुकानें भी सज गई हैं। लोग इन वस्तुओं की भी खरीदारी करते दिख रहे हैं।



बाजार में कचरी पापड़ों की हो रही बिक्री



बाजार में रंगों की सजी दुकान

# प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर में होली उत्सव का आयोजन



होली की मस्ती में सराबोर छात्र-छात्राएं

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर में होली उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 4 की छात्रा मंजू द्वारा किया गया। जिसकी सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम में होली के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि यह पर्व प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इसके पश्चात संचालक द्वारा होली कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिक्षकगणों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया तथा सभी बच्चों को शिक्षकों द्वारा होली की शुभकामनाएँ दी गई। विद्यार्थियों को होली क्यों मनाई जाती है, इसके पीछे की पौराणिक और सामाजिक मान्यताओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने होली गीतों पर रंगों के साथ उत्सव मनाया। विद्यालय परिसर में आनंद और उल्लास का वातावरण बना रहा। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और बच्चों को त्योहार के सांस्कृतिक एवं नैतिक महत्व की सीख प्राप्त हुई।

## मजदूर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण करता था। वह शराब पीने का आदी थी। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला सलावत खां निवासी 40 वर्षीय बादाम सिंह पुत्र स्व0 रघुनाथ सिंह का शव शनिवार सुबह उनके घर में फंदे पर लटका मिला। मृतक के छोटे भाई सोनू सिंह ने बताया कि बादाम सिंह मजदूरी का काम करते थे। सुबह जब उन्होंने अपने बड़े भाई का शव मकान के मुकले में लकड़ी डालकर साड़ी से बनाए गए फंदे पर लटका देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। बादाम सिंह की पत्नी का 10 वर्ष पूर्व देहांत हो चुका था। उनके तीन बच्चे हैं जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी बेटी संध्या 18 वर्ष की है और सबसे छोटा बेटा सिद्धार्थ 12 वर्ष का है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया गया है। बादाम सिंह शराब पीने के आदी थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी अजब सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बादाम सिंह शराब पीने के आदी थे। काशीराम कॉलोनी चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह ने कांस्टेबिल कन्हैया लाल चौधरी, कांस्टेबिल सुभाष पांडेय, कांस्टेबिल अनुज तिवारी और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

**खनन माफिया बोले, नहीं रुकेंगे ट्रैक्टर, कहीं भी कर लो शिकायत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही कर रात दिन अवैध तरीके से दौड़ रहे ट्रैक्टरों पर रोक लगाये जाने की मांग की है। **वहीं दूसरी ओर** शनिवार को कोतवाली फतेहगढ़ के अंतर्गत कस्बा याकूतगंज चौकी के निकट जिला जेल चौराहे से बालू से भरी एक बैलगाड़ी जाती दिखायी दी। जो पुलिस के सामने से गुजर रही थी, लेकिन पुलिस ने उसे रोकने की जेहमत नहीं उठायी।

इससे साफ जाहिर है कि उपरोक्त बालू खनन के गोरखधंधे में कहीं न कहीं पुलिस की भी संलिप्तता नजर आ रही है। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र महरुपुर सहजू के ग्राम आबाद नगर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि हुल्ली सिंह नगला मार्ग पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन हो रहा है और लगभग 200 ट्रॉली मिट्टी रोज उक्त मार्ग से ट्रैक्टरों द्वारा ले जाई जाती है। ट्रैक्टरों की ट्रॉली में पीछे डाला भी नहीं लगा है, जिसके कारण पूरी सड़क पर मिट्टी गिरती रहती है और मिट्टी उड़ती भी रहती है।

जिसकी वजह से हम ग्रामवासियों के घरों में मिट्टी जमा गयी है। इसके सम्बन्ध में जब कोई ग्रामीण सम्बन्धित ट्रैक्टर ड्राइवरों से विरोध जताता है, तो ड्राइवर लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैं और कहते हैं कि हमारे मालिक सम्बन्धित अधिकारियों को इसी बात का पैसा देते है। जिससे हमें कोई रोंके ना। इसलिये मिट्टी का खनन किसी भी स्थिति में बंद नहीं होगा। जहां चाहे शिकायत कर आओ।

जबकि सड़क डामर व सी.सी. है, परन्तु मिट्टी जम जाने के कारण यह दिखाई ही नहीं पड़ती है। ट्रैक्टर बहुत ही तेज व तीव्र गति से ड्राइवर चलाते हैं, जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है और इन लोगों के पास पूरी तरह से कोई भी कागज पूरा नहीं है। मुख्यालय से तीन किलो मीटर कर दूरी पर खुलेआम अवैध खनन हो रहा है। इस खनन में खनन माफियाओं के अलावा कुछ काश्तकार भी शामिल है। जो निजी अपने खेत या मकान का भराव कार्य दिखाकर आठ-दस ट्राली का परमीशन लेते है और सैकड़ों की तादात में ट्राली भरी जाती है, जिसे बेंचा जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जो लोग खनन करते है अगर उनकी बात सुनी जाये तो उनका कहना है कि इस खनन की खनन अधिकारी को जानकारी है, तभी हम खुलेआम मिट्टी निकालते है। ग्रामीणों ने बताया कि शेषनाग मंदिर के पास खनन करने वाला एक युवक ने मौरम गिट्टी बिक्री के नाम से एक दुकान ले रखी है, जो सिर्फ दिखावा है। बताते चले कि बीते दिन इसी युवक को ट्रैक्टर चालक को पर्ची काटकर देते देखा गया था।

ग्रामीणों ने मांग की है कि अवैध खनन पर अगर रोक नहीं लगी तो हम लोग मजबूर होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। शिकायत करने वालों में राम वर्मा, सीमा, पूनम सिंह, पुष्पा, गीता देवी, किरन, गुड्डी देवी, मनोज मिश्रा, बलराम पाल, पप्पू पाल, मुन्नी देवी, जितेन्द्र, अशोक, सूर्या, सूर्यप्रताप, रामवीर पाल, विकास पाल, देव, राजेश, प्रदीप कुमार, धर्मेन्द्र आदि बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किये।

इस संदर्भ में खनन अधिकारी ने बताया कि अभी तक इस संदर्भ में कोई शिकायत मेरे पास नहीं आयी। उन्होंने बताया कि मिट्टी सिर्फ कृषक या जरुरतमंद उसी को अनुमति दी जाती है जो अपनी जमीन से उठाकर अपनी ही जगह पर समतल करें। बिक्री के लिए किसी को भी कोई विभाग से परमीशन नहीं दी जाती है, यह पूरी तरह अवैध है। यदि ग्रामीण या उनके द्वारा की गई शिकायत मुझे प्राप्त होती है तो जांच कर जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



पुलिस के सामने से बालू से भरी बुग्गी ले जा रही बुग्गी चालक



मिट्टी खनन कर ले जाता ट्रैक्टर चालक

# हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई बांस की लाठी भी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नवादा सिरौली में बीते 24 फरवरी को मौरंग डालने और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में उदय प्रताप नामक युवक की लाठी लगने से मौत हो गई थी। घटना के संबंध में 26 फरवरी को मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी धर्मवीर और उसके बेटे कुनाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से हत्या में प्रयुक्त बांस की लाठी भी बरामद की है। 26 फरवरी को दी गई तहरीर के अनुसार अभियुक्तों ने वादिनी की जमीन पर मौरंग डालने और पैसों के लेनदेन को लेकर गाली-गलौज की थी। जब वादिनी के पुत्र उदय प्रताप नन्हें ने मना किया, तो उसके साथ मारपीट की गई। जिससे इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ के दौरान अभियुक्त धर्मवीर ने बताया कि नन्हें के घर के सामने कुछ दिनों से उसकी मौरंग पड़ी थी। 24 फरवरी की शाम को नन्हें उर्फ उदय प्रताप ने अपने घर के सामने से मौरंग हटाने और मजदूरी का पैसा दिलाने को लेकर उससे हाथापाई और गाली-गलौज शुरू कर दी थी। मारपीट के दौरान धर्मवीर ने उसके सिर पर डंडा मार दिया था।



गिरफ्तार हत्यारोपी पिता-पुत्र

# खाद्य विभाग की कार्रवाई से अचार व्यापारियों में हड़कंप

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम नगला दाऊद स्थित मनपसंद अचार इकाई पर खाद्य विभाग की टीम ने अचानक निरीक्षण किया इस दौरान अचार के विभिन्न नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। अधिकारियों के अनुसार पूर्व में इसी ब्रांड से संबंधित एक शिकायत जिला कन्नौज में सामने आई थी जिसके बाद उत्पाद की गुणवत्तापूर्ण को लेकर विभाग सतर्क है। इसी क्रम में दोबारा पुनः निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान टीम ने उत्पादन स्थल की साफ-सफाई, कच्चे माल के भंडारण, मसालों की गुणवत्ता, पैकेजिंग व्यवस्था और लेबलिंग मानकों की आदि की पड़ताल की। मौके पर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली गई और आवश्यक अभिलेखों का बारीकी से सत्यापन किया। खाद्य विभाग के अधिकारी अक्षय प्रधान ने बताया कि नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि उत्पाद खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप है या नहीं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कोई कमी पाई जाती है तो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई की सूचना से क्षेत्र के अन्य खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया। विभाग ने सभी व्यापारियों से स्वच्छता और गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

# रामगंगा नदी में मिला युवक का शव, पुलिस ने बाहर निकलवाया

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के सामने रामगंगा नदी में शनिवार को एक 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव उतराता हुआ मिला। ग्रामीणों ने शव को देखकर तत्काल राजेपुर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर राजेपुर थानाध्यक्ष सुदेश कुमार, फॉरेंसिक टीम के सचिन कुमार, दरोगा आशुतोष और दरोगा सत्यदेव ओझा मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। शव की पहचान के लिए तलाशी ली गई, लेकिन युवक के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला। युवक ने लाल बनियान, काले रंग का लोअर और स्पोर्ट्स जूते पहन रखे थे। दरोगा आशुतोष ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला लोहिया अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। राजेपुर थानाध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और मामले की जांच जारी है।



जांच पड़ताल करती पुलिस

# 250 लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेंडर चूल्हा व उपकरण किये गये वितरित

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत हुआ आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016 से अब तक जनपद में 162447 पात्र परिवारों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये जा चुके है, जिसमें आई.ओ.सी.एल. के 93238 लाभार्थी, बी.पी.सी.एल. के 19415 लाभार्थी एवं एच.पी.सी.एल. के 49794 लाभार्थी है। मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-2024 से पर्व एवं त्यौहारों पर उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 02 रिफिल की घोषणा करते हुए योजनान्तर्गत सब्सिडी अंतरण की योजना प्रारम्भ की गयी थी। पूर्व की भांति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में भी उज्वला के लाभार्थियों को 02 नि:शुल्क सिलेण्डर रिफिल उपलब्ध करायी जा रही है। जिसमें दीपावली पर्व पर 01 नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सभी उज्वला लाभार्थियों को प्राप्त करायी जा चुकी है। होली पर्व के अन्तर्गत माह जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल वर्तमान में उपलब्ध करायी जा रही है। वर्तमान में जनपद में प्रत्येक घरेलू गैस सिलेण्डर रिफिल का उपभोक्ता मूल्य रू. 876.00 है। जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अन्तर्गत अनुमन्य सब्सिडी रू. 323.24 एवं राज्य सरकार द्वारा रू. 552.76 की सब्सिडी अनुमन्य है। उज्वला लाभार्थियों को उक्त नि:शुल्क घरेलू गैस सिलेण्डर रिफिल प्राप्त करने हेतु सर्वप्रथम बुकिंग के उपरान्त प्रति



महिला को उज्जवला कनेक्शन सौंपते सांसद व डीएम

सिलेण्डर रू0 876.00 की धनराशि स्वयं जमा करते हुये गैस रिफिल प्राप्त कर लिया जायेगा। सब्सिडी की धनराशि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उज्वला लाभार्थी के खाते में ट्रान्सफर कर दी जायेगी। इस प्रकार प्रत्येक घरेलू गैस सिलेण्डर रिफिल उपभोक्ताओं को नि:शुल्क प्राप्त होगी।


कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में 162447 लाभार्थियों को कुल रू0 8,97,94,203.72 (रू. आठ करोड सत्तानवें लाख चौरान्हवे हजार दो सौ तीन रूपये बहत्तर पैसे) राज्य सरकार द्वारा होली पर्व पर उनके बैंक खाते में अंतरित की गई मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आफीसर क्लब में सांसद की उपस्थिति में जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी जिला उज्वला योजना के नोडल अधिकारी व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति लगभग 400 लाभार्थियों द्वारा सजीव प्रसारण देखा गया। सजीव प्रसारण के उपरांत उपस्थिति लाभार्थियों में से 250 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक और उज्जवला कनेक्शन के अंतर्गत नि:शुल्क सिलेंडर चूल्हा व उपकरण भी वितरित किए गए।

# विज्ञान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**केमिकल युक्त रंगों से दूर रहने की दिलायी गई शपथ**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड शमशाबाद क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद में विज्ञान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जहां विज्ञान नव निर्माण, नव जीवन, नव सृजन, वहीं दूसरी तरफ बारुद के गोले पर परमाणु बम जैसे घातक अविष्कार भी करती है। छात्र-छात्राओं द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर, निबंध विषय, विज्ञान चमत्कार या अभिषाप है, यह कथन वैज्ञानिक के समाजिक स्तर पर उनके व्यक्तित्व रुचि पर निर्भर करता है। विद्यालय स्तर से प्रत्येक छात्र-छात्रा को नव सृजन पर जोर दिया जाता है। नैतिक गुणों का विकास किया जाता है। होली के पावन त्यौहार पर हर्बल रंगों का प्रयोग करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। कैमिकल युक्त रंगों का प्रयोग त्वचा को खराब व आंखों को क्षतिग्रस्त करता है। सभी छात्र-छात्राओं को होली पर हर्बल रंगों का प्रयोग करने की शपथ दिलायी गई। सभी ने हर्बल रंगों का प्रयोग करने की




पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

शपथ ग्रहण की। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम प्रेमलता व अंशिका द्वितीय तथा सोनाक्षी, आंशी, मुस्कान, शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजकुमार, धर्मवीर, अतुल कुमार, हरीश कुमार, अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

# प्रोन्नति वेतन मान व शिक्षकों की एनपीएस धनराशि जमा करने की मांग



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई प्रोन्नति वेतन मान की बैठक वर्ष में एक बार होती है। केवल 5-6 पत्रावली है। बैठक विगत एक माह पूर्व 28 जनवरी को हो चुकी है, परन्तु एक भी पत्रावली अब निस्तारित नहीं हुई है। कारण समझ में नहीं आ रहा है। पटल सहायक की भूमिका सही नहीं है। नई पेंशन से पुरानी पेंशन में आये शिक्षकों का एनपीएस की धनराशि अविलंभ जीपीएफ में जमा करायी जाये। इसका शासनादेश भी जारी हो चुका है। अनेक विद्यालयों की शिकायत है कि उनके एनपीएस की धनराशि उनके प्रान खाता में विधिवत जमा नहीं हो रही है।

इसका भी शासनादेश अभी हाल में जारी हो चुका है। उच्च माध्यमिक विद्यालय हुसैनपुर नवाबगंज के शिक्षकों का जनवरी, फरवरी का भुगतान किया जाये। वेतन बिल समय से जमा न करने पर विद्यालय प्रधानाचार्य व प्रबंधक के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे आदि लोग मौजूद रहे।



गुलाल खेलने के दौरान मौजूद बच्चे व शिक्षक

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों ने जमकर खेली होली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में रंगोत्सव पर्व होली की छुट्टी घोषित होने पर बच्चों ने स्टाफको गुलाल लगाकर और पैर छूकर आशीर्वाद लिया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेतल सिंह ने प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल के साथ बच्चों को गुझिया और समोसे खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। हर वर्ष की तरह इस बार भी रसोईयों को होली की सामग्री भेंट की। इस अवसर पर आकाश पाल, ध्रुव शुक्ला, कर्तव्य मिश्रा, आशा, उमा, मोहिनी, सत्यवती, सुनंदा, कोमल आदि ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# 17 मार्च को होगा भारतीय महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय महाविद्यालय में आगामी 17 मार्च से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। जिसमें कला, साहित्य, पत्रकारिता और सिनेमा के क्षेत्र में रूचि रखने वालों की सहभागिता होगी।

साहित्य, चलचित्र और पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्र की पहचान का पुनरुत्थान विषय पर आधारित सेमिनार का आयोजन भारतीय महाविद्यालय लोहाई रोड व सीएसजेएमयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा अनुदानित उक्त अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में देश-विदेश से कला, साहित्य, पत्रकारिता एवं सिनेमा क्षेत्र के ख्यातिलब्ध विद्वानों के विचारों का शोधपरक व्याख्यान आयोजित किये जाएंगे। भारतीय महाविद्यालय के सभागार में आयोजित दो द्विवसीय इस सेमिनार में साहित्य, पत्रकारिता और सिनेमा से जुड़े विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधार्थी आदि अपने अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत करेंगे। जिनके लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। पंजीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सदस्यों के साथ-साथ शिक्षण क्षेत्र के जुड़े, संकाय सदस्य, शोधार्थी और छात्रों के लिए फार्म उपलब्ध है। पत्रकारिता सत्र में स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर डिजिटल युग तक मीडिया की भूमिका पर विमर्श किया जाएगा। स्वतंत्रता आंदोलन में पत्र पत्रिकाओं की भूमिका का उल्लेख करते हुए जनजागरण में मीडिया की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि सेमिनार में प्रस्तुत शोध-पत्रों का संकलन प्रकाशित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित तिथि तक अपना शोध सारांश प्रेषित कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. दिवाकर अवस्थी ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य समकालीन परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान के पुनर्निर्माण में साहित्य, सिनेमा और मीडिया की भूमिका पर गहन विमर्श करना है। यह अंतरराष्ट्रीय सेमिनार शैक्षणिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा। भारतीय महाविद्यालय व आयोजन सचिव डॉ. जितेंद्र डबराल, पत्रकारिता विभाग, सीएसजेएमयू कानपुर आदि मौजूद रहेंगे।

## 3 डग्गामार बस सीज व दो स्कूली बसों का चालान



पकड़ी गयी बसों की जानकारी देते परिवहन अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार शनिवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने एआरएम रोडवेज राजेश कुमार के साथ डग्गामार बसों के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान चलाया एवं अभिसूचना के आधार पर दिल्ली से आने वाली बसों को चेक किया। चेकिंग के दौरान एक बस बिना परमिट पाई गई, उस पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अतिरिक्त 02 अन्य बसों में भी कमियां पाये जाने पर 64 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। नवाबगंज क्षेत्र में 02 स्कूल बसों के भी चालान किये गये। इनमें से 01 बस बगैर फिटनेस तथा दोनों बस बगैर परमिट संचालित पाई गई। 02 स्कूल बसों पर 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। बसों को उ0प्र0राज्य सड़क परिवहन निगम के फर्रुखाबाद बस स्टेशन पर चालान कर निरूद्ध कर दिया गया है। इस प्रकार की गई कार्यवाही में परिवहन विभाग द्वारा 1.69 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्यवाही होली पर्व के अवसर पर जनता को सुलभ आवागमन उपलब्ध कराने के दृष्टिगत जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विजेताओं को किया गया सम्मानित

**प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया भाग, लगायी गई प्रदर्शनी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में वैज्ञानिक मॉडलों की भव्य प्रदर्शनी, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी में सभी संकायों के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक अभिनव एवं उपयोगी मॉडलों का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को आश्चर्यचकित कर दिया। विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक एवं



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य

जीजीआईसी की प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञ अमित सक्सेना ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मधुमेह रोग के कारण, लक्षण तथा योग एवं संतुलित आहार द्वारा उसके नियंत्रण के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनियमित जीवनशैली मधुमेह का प्रमुख कारण है तथा आयुर्वेद के अनुसार यह कफदोष से संबंधित रोग है। इससे बचाव हेतु कटु, तिक्त एवं कषाय रस युक्त आहार का सेवन, समय-समय पर षटकर्म क्रियाओं द्वारा शरीर शुद्धि तथा नियमित योगाभ्यास अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि दीपिका राजपूत ने विद्यार्थियों के अनुशासन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मक क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि सभी मॉडलों में विद्यार्थियों की मेहनत और नवाचार की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने प्रभावी अभिव्यक्ति और तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो उनके उज्ज्वल भविष्य का परिचायक है। विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए वैज्ञानिक मॉडलों का भौतिक अवलोकन किया और विद्यार्थियों से उनके मॉडलों के विषय में प्रश्न पूछकर उनकी योग्यता परखी। वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रा आरजू खान प्रथम, कला संकाय की छात्रा छवि सिंह द्वितीय तथा छात्रा वंशिका यादव तीसरे स्थान पर रहीं। जबकि निबन्ध प्रतियोगिता में छात्रा अंबिका राजपूत प्रथम, छात्रा रामा वर्मा, छात्र सौरभ द्वितीय, छात्र रमन कुमार, छात्रा अनामिका वर्मा, छात्र मोहम्मद कैफ तथा छात्रा अंजलि तीसरे स्थान पर रही।

इसी प्रकार विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी में अंशिका, अल्कमा ग्रुप, तथा शमा बानो को पहला पुरस्कार मिला, दूसरा पुरस्कार पीयूष रॉव तथा अनामिका को तीसरा पुरस्कार मिला। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षिका ज्योति, धीरेन्द्र सिंह, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, ललित यादव, अंबरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## उद्योग बंधु की बैठक में व्यापारियों ने एडीएम के सामने रखी जन समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की बैठक अपर जिला अधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

व्यापारियों ने कंपिल सूत मिल को जल्दी गिरवाने की मांग की तथा मांग की कि उसका मलवा शीघ्र उठाया जाए। इस पर अपर जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी से मिलकर समस्या का समाधान करायेंगे। खिमसेपुर में उद्योगों के लिए निर्धारित प्लाटों का आकार छोटा करने की मांग की, ताकि छोटे उद्यमी में भी खरीद सके। उद्योगों को करज देने हेतु बैंक सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस पर अपर जिलाधिकारी ने आवश्यक निर्देश दिए। बैंक प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे। व्यापार बंधु की बैठक में पलरा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की समस्या उठाई गई। महादेवी वर्मा की मूर्ति के निकट दो ट्रांसफार्मर अनुचित रूप से लगाए गए, इस पर घोर आपत्ति व्यक्ति की गई। पटेल पार्क व सड़क के मध्य अवैध कब्जे का मुद्दा उठाया गया, बजरिया मार्ग से पक्का पुल सब्जी मंडी पर जाम का मुद्दा उठाया गया। तिकोना पुलिस चौकी से बस अड्डा तक नित्य प्रति जाम की समस्या से अवगत कराया गया। काली देवी मंदिर मदारबाड़ी से तिकोना पुलिस चौकी तक विद्युत पोल शिफ्टिंग का अनुरोध किया गया। खुले नालों में गिरकर लोगों के गिरने का मुद्दा उठाया गया। लाल गेट से पांचाल घाट तक दो नालों में गिरकर लोगों के घायल होने के बाद भी कोई सुरक्षात्मक कदम नहीं उठाए गए। जीएसटी अधिकारियों द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया गया विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए नए स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिल न देने की समस्या उठाई गई। इस पर अपर जिलाधिकारी ने समस्याओं को हल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी व व्यापारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

# शिवानंद एजुकेशनल सेंटर में बच्चों ने जमकर खेली होली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

होली की छुट्टी होते ही शिवानंद एजुकेशनल सेंटर भिड़ौर में बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगोत्सव मनाया। टाउनहाल शमशाबाद रोड पर भिड़ौर स्थित शिवानंद एजुकेशनल सेंटर पर बच्चों ने जमकर होली खेली और होली गीतों पर थिरकते हुए एक दूसरे को बधाई दी। शनिवार को विद्यालय के प्रांगण में पेपर समाप्त होने के बाद बच्चों ने अपने सहपाठियों के साथ होली खेली। स्कूल के चेयरमैन शुभम यादव हनी ने शिक्षकों के साथ होली खेली और गुलाल लगाकर रंगोत्सव पर्व की बधाई दी। बड़ी संख्या में बच्चों ने गुरुजनों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। शिक्षक भी अपने आपको रोक नहीं पाये और बच्चों के साथ होली खेली। विद्यालय परिसर में दोपहर के बाद होली का वातावरण दिखायी दिया। चेयरपर्सन



विद्यालय में होली खेलते बच्चे

चारु यादव ने भी बच्चों व शिक्षकों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में सर्वाइकल कैंसर से वचाव हेतु एचपीवी वेक्सिनेशन के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ किये जाने का सजीव प्रसारण कार्यक्रम को देखा व सुना गया। एचपीवी टीकाकरण के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारंभ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारी सरकार सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है।




बैठक में मौजूद डीएम व विधायक

इसी कड़ी में अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत के साथ कई परियोजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और युवाओं को नियुक्ति पत्रों के वितरण का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। ये अभियान देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है। हम सब जानते हैं कि परिवार में जब मां बीमार होती है, तो घर बिखर सा जाता है। अगर मां स्वस्थ है, तो परिवार हर संकट का सामना करने में सक्षम रहता है।

# रमजान नेकी व इबादत का महीना है.......

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमज़ान वह महीना है जिसमें इस्लाम की पवित्र पुस्तक कुरान 610 ईस्वी में पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर फरिश्ते जिब्रील (गैब्रियल) के माध्यम से अवतरित हुई थी। अवतरण के समय को विशेष महत्व दिया जाता है और इसे लैलातुल क़द्र या शबे कद्र के नाम से जाना




जाता है। रोजा रुहानी और जिस्मानी ताकत को बढ़ाने का अमल है। बंदा अल्लाह की रजा के लिए सुबह सादिक से लेकर गुरुवे आफताब तक के लिए खाने पीने से रुक जाता है और जिस्म के तमाम हिस्सों की बुराइयों से रोके रखता है। मुसलमानों के लिए रमजान बरकत का महीना है। **मजहर मोहम्मद खां** का कहना है कि अल्लाह अपनी रहमत से हमारे गुनाह माफ



मजहर मोहम्मद खां



फरहत अली खां




सैफ हुसैन

करेगा। रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में हमें ज्यादा से ज्यादा नेकी और इबादत करनी चाहिये, क्योंकि इस माह में अल्लाह रब्बुल इज्जत हर नेक काम का सबाब 70 गुना देता है। गरीबों में फितरा, जकात, सदका, खखैरात वगैरह उसके मुस्तहिक लोगों में ज्यादा से ज्यादा तकसीम करें। जिससे आने वाली ईद की खुशियों में गरीबों के बच्चे भी दूसरों के साथ बराबर से शरीक हो सकें। गरीब भी ईद की खुशियां मना सकें। अल्लाह इस महीने में हमें बेहतर जिंदगी गुजारने के लिए और हमारी इस्लाह के लिए हमारे प्यारे नवी पर कुरान नाजिल फरमाया। **फरहत अली खां** ने बताया मुसलमानों के लिए रजमान वह बाबरकत महीना है जिसमें अल्लाह अपनी रहमतों की बारिस करता है। जिसमें मोमिनों के तमाम गुनाह धुल जाते हैं। यह वह अजीम महीना है जिसमें अल्लाह ने तौरेव जुबूर, इंजील और कराने कीम नाजिल फरमाया। इसी माह में अल्लाह ने एक रत शबे कद्र की भी रखी है। जिसकी इबादत हजार रातों से अफजल है। **सैफ हुसैन** का कहना है कि सब एक साथ मिलकर इखत्यार में शरीक होते हैं। अल्लाह से दुआ की है कि सब एक हों सब नेक हों और अमन, चैन सुकून कायम रहे। जहां की नफरतों की दुश्मनी खत्म हो लोगों के दिलों में दुश्मनों की कोई जगह न हो। रमजान, रेजा, इफ्तार सहरी, जकात, फितरा, तरावीह समेत यह सभी चीजें रमजान में मुबारकबाद का आगाह करती है।

# पायल फैशन, साड़ी इंपोरियम पर ग्राहकों को खूब पसंद आ रहे फैंसी कपड़े

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली व ईद को देखते हुए बाजार में रौनक दिख रही है। इस बार ग्राहकों के लिए विशेष आफर के साथ कपड़े बिक रहे है। 2 हजार रुपये से लेकर या उससे ऊपर की खरीददारी पर उपहार भी दिये जा रहे है। विभिन्न वैराइटियों के कपड़े बाजार में उपलब्ध है। बच्चों के लिए रेडीमेड कपड़े विशेष डिजाइनों में आकर्षण का केंद्र बने है।

फतेहगढ़ चूड़ी वाली गली में पायल फैशन पर बच्चों एवं बालिकाओं, युवतियों व महिलाओं के लिए फैंसी व आकर्षण डिजाइन के कपड़े उपलब्ध है। पायल फैशन की प्रो0 पायल गुप्ता ने बताया कि इस बार बच्चों के लिए रेडीमेड के कपड़ों में विभिन्न डिजाइनें उपलब्ध है और काफी सस्ते दामों पर आसानी से बजट के अनुसार ग्राहकों को उपलब्ध की जा रही है। बच्चों के पैंट, टी-शर्ट, कैपरी, गाउन, लहंगा चोली, स्कर्ट टॉप, कुर्ती, लैगी व महिलाओं के लिए सलवार सूट व



ग्राहकों को जानकारी देते संचालक

कपड़े, लहंगा, दुपट्टे आदि उपलब्ध है। साथ ही चूड़ी वाली गली में पायल साड़ी इम्पोरियम में आकर्षक डिजाइनों की साड़ियां सस्ते दामों में उपलब्ध है। होली को देखते हुए सिल्क साड़ी, बनारसी साड़ी, सिफोन साड़ी, जार्जट साड़ी हर रेंज में उपलब्ध है। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष व पायल साड़ी इंपोरियम के प्रो0 रविकांत गुप्ता ने बताया कि शादी व पार्टी एवं होली त्यौहार को लेकर आकर्षक डिजाइनों सस्तों दामों में हर वैराइटी की साड़ियां ग्राहकों के लिए दुकान पर उपलब्ध है। होली पर ग्राहक जमकर खरीददारी कर रहे है।

## ओयल से संकटा देवी मंदिर तक स्वागत यात्रा....

# पहली बार जिला अध्यक्ष बनने के बाद लखीमपुर पहुंचे अरविंद गुप्ता का हुआ भव्य स्वागत

**लखीमपुर पहुंचे अरविंद गुप्ता का हुआ जोरदार अभिनंदन**



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता का लखीमपुर आगमन शनिवार को संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन में बदल गया। ओयल से शुरू हुई स्वागत यात्रा मरखापुर, गुलरी पुरवा और शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए संकटा देवी मंदिर पहुंची, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। इसके बाद काफिला भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव, विनोद मिश्रा, श्यामू पाण्डेय, विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, अमन गिरि, सौरभ सिंह सोनू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, लक्ष्मी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, जिला महामंत्री रामजी मौर्य, आशू मिश्रा व ज्योतिर्मय बरतरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**'संघर्ष हमारी पहचान है, सत्ता हमारी मंजिल नहीं' : अरविंद गुप्ता**

अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों में भी डटा रहता है। 'आज हम सत्ता में हैं, लेकिन हम उन दिनों को नहीं भूले जब बूथ तक लड़ाना भी चुनौती था। संगठन की मजबूती संघर्ष और तपस्या से बनी है,' उन्होंने कहा। उन्होंने वर्ष 1995 के अपने पहले सभासद चुनाव का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं चुनाव लड़ रहा था, लेकिन असल में जनता चुनाव लड़ रही थी। उसी विश्वास ने मुझे जीत दिलाई। '

**'पूर्वजों के त्याग का परिणाम है आज की सफलता' : अरविंद गुप्ता**

अरविंद गुप्ता ने अपने संबोधन में वरिष्ठ नेताओं के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। 'भाजपा आज जिस ऊंचाई पर है, वह हमारे पूर्वजों के त्याग और तपस्या का परिणाम है। मुझे वरिष्ठों के मार्गदर्शन में काम करने का अवसर मिला, जिससे संगठन की असली ताकत को समझ पाया,' उन्होंने कहा। उन्होंने मंच पर मौजूद सभी विधायकों और पूर्व जिला अध्यक्षों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की परंपरा ही भाजपा की असली शक्ति है।

**'संगठन पहले, व्यक्ति बाद में' : अरविंद गुप्ता**

संघर्ष के दिनों को याद करते हुए जिला अध्यक्ष ने एक पुराने आंदोलन का जिक्र किया, जब लाठीचार्ज और मुकदमे की नौबत आई थी। 'सरकार नहीं थी, संसाधन नहीं थे, लेकिन हिम्मत थी। मुकदमे झेले, लाठीचार्ज झेला, लेकिन संगठन से समझौता नहीं किया। हमारे लिए संगठन पहले है, व्यक्ति बाद में,' उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही संघर्षों ने कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाया और संगठन को नई ऊंचाई दी।

**'जन समर्पित है, मन समर्पित है, जीवन भी समर्पित है' : अरविंद गुप्ता**

अपने उद्बोधन के अंत में अरविंद गुप्ता ने भावुक शब्दों में कहा, 'ईश्वर के आशीर्वाद और आप सभी के विश्वास से मुझे यह जिम्मेदारी मिली है। मैं वादा करता हूं कि आपके मान-सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा। जन समर्पित है, मन समर्पित है और यह जीवन भी भाजपा के लिए समर्पित है।'

## जोशी टोला में गौकशी की तैयारी का खुलासाः चार गिरफ्तार, छह नामजद फरार

**थानाध्यक्ष निराला तिवारी की सक्रियता से टली बड़ी वारदात**

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र के मोहल्ला जोशी टोला में गौकशी की तैयारी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि छह अन्य को नामजद करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। कुल दस लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। समय रहते की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में संभावित बड़ी वारदात टल गई। पूरी कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने किया। बताया जाता है कि शुक्रवार शाम मुखबिर से सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष ने तत्काल टीम गठित कर रणनीतिक ढंग से दबिश दी। पुलिस जब नए मोबाइल टावर के सामने स्थित एक मकान पर पहुंची तो टीनशेड के नीचे एक गाय और एक सांड रस्सियों से बंधे मिले। वहीं कुछ लोग कुल्हाड़ी और चाकुओं पर धार लगा रहे थे। पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई, लेकिन सख्त घेराबंदी के चलते हसीन, अलीमुन्निशा, जमीला और सबीना को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान चार बड़े चाकू, दो कुल्हाड़ियां, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एक लोहे का तराजू और छह लोहे के बाट बरामद किए गए। बरामद गाय और सांड को सुरक्षित गौशाला भिजवा दिया गया है।




## खबरें एक नजर में

### धौरहरा में इस बार सुरक्षित, स्वच्छ और हर्बल गुलाल से खेली जायेगी होली



**समृद्धि न्यूज़, धौरहरा, खीरी।** धौरहरा विकास खण्ड क्षेत्र में इस बार होली का त्योहार हर्बल गुलाल के रंगों से सराबोर होगा। विकास खण्ड प्रशासन की पहल पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्राकृतिक तत्वों से हर्बल गुलाल तैयार करने में जुटी हैं। महिलाओं द्वारा फूलों के अर्क व प्राकृतिक रंगों से तैयार किया जा रहा यह गुलाल पूरी तरह त्वचा के अनुकूल और पर्यावरण के लिए सुरक्षित बताया जा रहा है। रासायनिक रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए इस पहल को लोगों के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि रासायनिक रंगों से त्वचा, आंखों और बालों को नुकसान पहुंच सकता है, जबकि हर्बल गुलाल प्राकृतिक सामग्री से तैयार होने के कारण सुरक्षित होता है। उन्होंने कहा कि इससे जल स्त्रोतों में प्रदूषण भी नहीं फैलता और पर्यावरण संतुलन बना रहता है। बीडीओ ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि इस बार होली पर हर्बल गुलाल का उपयोग करें और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को खरीदकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग करें। इस पहल से जहां एक ओर सुरक्षित और स्वच्छ होली मनाने का संदेश दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार का सशक्त माध्यम भी मिल रहा।

## अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** मध्य प्रदेश के मऊ गंज जिले के सलैयादामोदर गांव निवासी दिनेश पाण्डेय ने शुक्रवार की देर शाम ड्रमण्डगंज थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया हैं पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई हैं दी गई तहरीर में बताया हैं की गुरुवार को मेरे चचेरे भाई सुरेश कुमार पाण्डेय उम्र 55 वर्ष जो अपनी बहनग्राम खोदाईपुर थाना हलिया के यंहा अपने घर से अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे की जैसे लहुरिया दह हनुमान मंदिर के पास समय लगभग 3:45 बजे पहुँचे तो किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गए जिनकी मौके पर मृत्यु हो गई जिस पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमण्डगंज भारत सुमन ने बताया की मृत बाइक चालक के चचेरे भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका का वार्षिकोत्सव संपन्न



**लखीमपुर खीरी।** विद्याभारती से संबद्ध सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका, मिश्राना में शनिवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि मीना त्रिवेदी (प्रधानाचार्य, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़िया खेड़ा) सहित विशिष्ट अतिथियों का स्वागत रोली, बैज व स्मृति चिह्न देकर किया गया।

नन्हे-मुन्ने शिशुओं ने सरस्वती वंदना, ताली योग, डपली योग, लेजियम योग, डम्बल योग, काव्यावली, लघु नाटिका 'सोशल मीडिया ', होली गीत तथा विभिन्न प्रेरक गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रबंध समिति अध्यक्ष कैलाश नाथ सेठ ने बच्चों को आज के युग का 'अभिमन्यु' बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा प्रधानाचार्य ने अतिथियों व अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बहन रजनी कपूर ने किया और समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

## होली से पहले नायब तहसीलदार ने कच्ची शराब पर की बड़ी कार्रवाई



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** आगामी पर्व होली को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गोला क्षेत्र की ग्राम पंचायत भटपुरा कॉलोनी में शनिवार को प्रशासन, आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर बड़ी सफलता हासिल की। कार्रवाई के दौरान करीब 3 कुंतल लहन और लगभग 50 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। होली जैसे त्योहार पर अवैध शराब की खपत बढ़ने की आशंका के मद्देनजर यह कार्रवाई बेहद अहम मानी जा रही है। छापेमारी अभियान का नेतृत्व आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत ने किया। पूरी कार्रवाई मजिस्ट्रेट की निगरानी में संपन्न हुई। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार गोला भानू प्रताप सिंह ने स्वयं अभियान की कमान संभाली और टीम को सख्त निर्देश देते हुए हर स्थान की गहन तलाशी कराई। उनकी सक्रियता और कड़ाई के चलते अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जांच में सामने आया कि शराब माफिया खेतों और झाड़ियों के बीच गुप्त रूप से लहन तैयार कर रहे थे, जिसे होली से पहले बाजार में खपाने की तैयारी थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर तैयार लहन को नष्ट कराया तथा कच्ची शराब को कब्जे में लेकर संबंधित धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी। शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण भी नष्ट कराए गए, ताकि भविष्य में दोबारा इस तरह की गतिविधियां न हो सकें। नायब तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने स्पष्ट कहा कि होली जैसे पर्व पर किसी भी सूरत में अवैध शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। जनस्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखी जाए और अभियान जारी रखा जाए। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि कहीं कच्ची शराब का निर्माण या बिक्री हो रही हो तो तत्काल सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

होली से पहले हुई इस बड़ी कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में दहशत का माहौल है, जबकि आमजन ने प्रशासन की सक्रियता और सख्ती की सराहना की है।































